
स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
26 फरवरी, 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 188 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



'हम ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने देंगे'

**रमज़ान मुबारक**

इफ्तार बृहस्पतिवार
सुन्नी : 6:07 P.M.
शिया : 6:17 P.M.

सहरी बृहस्पतिवार
सुन्नी : 5:09 P.M.
शिया : 5:03 P.M.




# सीएम योगी के जापान दौरे में मिले मेगा निवेश प्रस्ताव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये

- 11 हजार करोड़ के एमओयू पर हुए साइन

के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन कंपनियों के साथ करार हुआ है उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल व पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कुबोता



कारपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है। मिंडा कारपोरेशन, जो स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है, ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधीकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।
सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद ऑटोमोटिव डीकल्स, इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स पैनल, ग्लास प्रिंटिंग और कंज्यूमर अप्लायंसेज में उपयोग होते हैं। कंपनी भारत में अपनी विनिर्माण इकाई के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को आपूर्ति कर रही है। इसके अतिरिक्त ओ एंड ओ ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश को लेकर समझौता किया। पहले दिन हुए इन समझौतों को भारत और जापान के बीच औद्योगिक सहयोग को नई गति देने वाला कदम माना जा रहा है।

# 'जुडिशियरी को बदनाम करने की इजाजत नहीं दे सकते'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की किताब में न्यायपालिका से जुड़ी सामग्री पर गंभीर आपत्ति जताई है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि वह किसी को भी न्यायपालिका

- एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका पर सामग्री से सीजेआई नाराज

की संस्था को बदनाम करने की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून अपना काम करेगा और जरूरत पड़ी तो अदालत स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी। वहीं, जस्टिस बागची ने इसे बुनियादी ढांचे के खिलाफ बताया। मामला उस पाठ से जुड़ा है जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित एक हिस्सा जोड़ा गया है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल



और अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मुद्दे को अदालत के सामने उठाया। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों को इस तरह की सामग्री पढ़ाया जाना चिंताजनक है। इस पर सीजेआई ने कहा कि उन्हें इस विषय पर कई फोन और संदेश मिले हैं और वह पूरी तरह से मामले से अवगत हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी है। उन्हें लगातार इस बारे में फोन कॉल, मैसेज मिल रहे हैं। बार और बेंच दोनों इससे व्यथित है। नाराजगी जाहिर करते हुए सीजेआई ने कहा कि संस्था का प्रमुख होने के नाते मैंने हमेशा अपने दायित्व को निभाया है। मैं किसी को इस बात की इजाजत नहीं दूंगा कि वो न्यायपालिका को बदनाम करें। किसी कीमत पर मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो। कानून अपना काम करेगा। मैं जानता हूं कि इससे कैसे निपटा जाए। मैं स्वतः संज्ञान ले रहा हूं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा यह सोची समझी चाल प्रतीत होती है। इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कहूंगा। सीजेआई के रूप में मैं अपनी ड्यूटी निभा रहा हूं। इस मामले पर बेंच के दूसरे सदस्य जस्टिस बागची ने कहा कि यह पाठ संविधान के बुनियादी ढांचे के खिलाफ है। दरअसल, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नई रिलीज हुई क्लास आठ की सोशल साइंस किताब में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका वाला शीर्षक अध्याय के तहत ज्यूडिशियरी में करप्शन पर एक सेक्शन शुरू किया गया है। कपिल सिब्बल ने अदालत से स्वतः संज्ञान लेने की अपील की। अभिषेक मनु सिंघवी ने भी कहा कि ऐसी सामग्री छात्रों के मन में न्यायपालिका को लेकर गलत संदेश दे सकती है। सीजेआई ने दोनों वरिष्ठ वकीलों का धन्यवाद किया कि उन्होंने इस विषय को अदालत के संज्ञान में लाया।

### क्या है विवाद का मूल कारण

एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक के एक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक से सामग्री जोड़ी गई है। इसी हिस्से को लेकर विवाद खड़ा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया है कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया गया है। अदालत ने भरोसा दिलाया कि उचित और कानूनी कदम उठाए जाएंगे। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका की गरिमा और विश्वसनीयता को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मुंबई में 25 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शहर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कारवाई की है। पुलिस ने अंधेरी के वर्सोवा इलाके से 25 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लोग बिना किसी वैध दस्तावेज के पिछले कई साल से यहां रह रहे थे। पुलिस को इनके पास से बड़ी संख्या में जाली भारतीय पहचान पत्र भी मिले हैं। इस कारवाई को वर्सोवा पुलिस की एंटी-टेरर सेल ने अंजाम दिया है।

## अरुणाचल की महिलाओं पर नस्लीय कमेंट में दंपति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी रूबी जैन और हर्ष सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है।

- किरेन रिजिजू बोले- सख्त कार्रवाई करेंगे

पुलिस के मुताबिक आरोपियों को एससी/एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले मंगलवार को मुख्य आरोपी और महिला के पति हर्ष सिंह ने एजेंसी से कहा कि हम निश्चित रूप से शर्मिंदा हैं। मैं ऐसा इंसान नहीं हूं, ये सब कुछ हीट ऑफ द मूमेंट में हो गया। हर्ष ने कहा कि मामले में हम दिल्ली पुलिस का पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं।
वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उनका ऑफिस पहले दिन से ही पीड़ितों और दिल्ली पुलिस के लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रिजिजू ने कहा कि मामले में गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में नॉर्थईस्ट के लोगों के खिलाफ किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को अधिकारी गंभीरता से लेते हैं।

## इंदौर में जहरीले पानी से एक और मौत

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में 54 वर्षीय रामनरेश यादव की कथित तौर पर दूषित पेयजल के सेवन से मौत हो गई। इलाके में जलजनित बीमारियों को लेकर पहले से ही चिंता बनी हुई है। बताया गया है कि रामनरेश यादव पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें 15 दिनों से आईसीयू में भर्ती रखा गया था, जहां मंगलवार को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। बुधवार को उनकी बेटी प्रेरणा यादव ने आरोप लगाया कि दूषित पानी की वजह से उनके पिता की हालत बिगड़ी। उन्होंने कहा कि शुरुआत में उन्हें दस्त हुए थे। बाद में पानी से फैले संक्रमण के कारण संक्रमित द्रव पूरे शरीर में फैल गया। पिछले 15 दिनों से वह आईसीयू में भर्ती थे। परिजनों के अनुसार, लगातार उल्टी और दस्त के कारण उनकी स्थिति गंभीर होती गई और शरीर में अत्यधिक कमजोरी आ गई।

## बसपा विधायक के ठिकानों पर आयकर के छापे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ, बलिया के आवास और सोनभद्र में उनकी कंपनी के दफ्तर पर आयकर विभाग

- बाराती बनकर पहुंचे पचास से ज्यादा अफसर

ने छापा मारा। बुधवार सुबह 50 से ज्यादा अफसर गाड़ियों से विधायक के लखनऊ आवास पर पहुंचे और परिसर घेर लिया। किसी के अंदर-बाहर जाने पर रोक लगा दी गई।
टीम ने फाइलें, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और रिकॉर्ड खंगाले। रेड का पता चलते ही उमाशंकर के समधी और पूर्व विधायक राकेश सिंह पहुंचे। लेकिन, टीम ने उन्हें अंदर जाने नहीं दिया।
वहीं, सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज में टीम



12 गाड़ियों में कंपनी के दफ्तर पहुंची। कुछ गाड़ियों पर शादी के पंपलेट लगे थे। यानी अफसर बाराती बनकर पहुंचे। फिलहाल टीम यहां भी दस्तावेज खंगाल रही है। इसके अलावा बलिया के रसड़ा में स्थित उमाशंकर के घर पर भी टीम पहुंची। मेन गेट बंद कर अंदर सर्चिंग की जा रही है।
सूत्रों के मुताबिक, अगस्त 2025 में आई सीएजी रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि उनकी कंपनी ने 33,604 घनमीटर गिट्टी का अवैध खनन किया। इससे सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ। माना जा रहा है, इसी रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई हो रही है। हालांकि, विभाग की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।
उमाशंकर सिंह बलिया की रसड़ा विधानसभा से लगातार 3 बार से विधायक हैं। उन्हें ब्लड कैंसर है। पिछले महीने ही अमेरिका से ब्लड चेंज कराकर लौटे हैं। फिलहाल लखनऊ आवास पर आइसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे हैं।

## नहीं बदलेगा फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' का नाम

**नई दिल्ली।** 'घूसखोर पंडित' के बाद फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' अपने टाइटल को लेकर विवादों में आ गई है। विश्व यादव

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

परिषद के प्रमुख ने फिल्म पर बैन लगाने या फिल्म का टाइटल बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी।
इसमें एक हिंदू लड़की एक मुस्लिम लड़के से शादी करती है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि नाम यादव समुदाय को गलत तरीके से नहीं दिखाता है। एजेंसी के मुताबिक, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने विश्व यादव परिषद के चीफ की याचिका खारिज कर दी है।
बेंच ने कहा रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री को देखा और पाया कि शिकायत यह है कि फिल्म का नाम यादव कम्युनिटी को समाज में गलत तरीके से दिखाता है।
इसलिए, इसका नाम बदला जाना चाहिए।
हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी फिल्म का टाइटल समुदाय को गलत तरीके से कैसे दिखा सकता है। फिल्म के टाइटल में कहीं भी ऐसा कोई शब्द नहीं है, जो यादव समुदाय को गलत तरीके से दिखाए।

# टारगेट किलिंग थी पंजाब में दो पुलिसकर्मियों की हत्या

**चंडीगढ।** गुरदासपुर में भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर से महज डेढ़ किलोमीटर दूर आदियां पुलिस चौकी में 22 फरवरी को एएसआई गुरनाम सिंह और होमगार्ड

- पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई ने चार लाख में करवाई

जवान अशोक कुमार की हत्या का मास्टरमाइंड रणजीत सिंह आज पुलिस एनकाउंटर में मारा जा चुका है। उसका साथी दिलावर सिंह पहले से ही पुलिस की गिरफ्त में है और तीसरा आरोपी इंद्रजीत सिंह फरार है। एनकाउंटर के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीआईजी अमृतसर रेंज संदीप गोयल



ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि दो पुलिस कर्मियों की हत्या टारगेट किलिंग थी, जिसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अंजाम दिलाया था। रणजीत, दिलावर व इंद्रजीत पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैंडलर्स के टच में थे। तीनों को 4 लाख रुपए देने का वादा किया गया था। इसमें से एक आरोपी दिलावर को 20 हजार देने थे और 3 हजार रुपए मिल चुके थे। पुलिस को पता चला है कि इन्होंने किसी से 3 लाख रुपए लेने थे, वह पैसा कहां से आ रहा था, उसके बारे में भी जांच की जा रही है। डीआईजी संदीप गोयल ने बताया कि तीनों आरोपी, रणजीत सिंह, दिलावर सिंह और इंद्रजीत सिंह को आईएसआई ने पैसों का लालच देकर यह मर्डर कराया है। ये पास के ही आदिया गांव के थे, इसलिए ये रेकी करते रहे और मौका मिलने पर एएसआई गुरनाम सिंह व होमगार्ड जवान अशोक कुमार की हत्या कर दी। मास्टरमाइंड रणजीत था। उसकी उम्र 19 साल थी। इसकी कोई क्राइम हिस्ट्री नहीं है। उसके साथी इंद्रजीत पर नशा तस्करी के 3 पर्चे हैं। उसकी उम्र 21 साल है।

# बीएसएनएल निदेशक पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंजल के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे वाला विवाद थमने का नाम नहीं

- संगम स्नान पर आईना-तौलिया के इंतजाम चाहने का बयान वायरल
- सिंधिया बोले- मामला चौंकाने वाला

ले रहा है। अब उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे अनुचित और अस्वीकार्य बताया। साथ ही यह भी कहा कि निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है।
दरअसल दौरे की तैयारी में करीब 50





अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपे जाने के निर्देश थे। निजी उपयोग की वस्तुओं तक की व्यवस्था के लिखित निर्देश थे। इसके बाद से ही ये पत्र वायरल हो गया और मामले ने तूल पकड़ लिया। सिंधिया ने साफ कहा कि स्थापित नियमों और प्रशासनिक परंपराओं का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निदेशक को सात दिन में जवाब देने को कहा गया है। जवाब मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि यह 21वीं सदी है और इस तरह का व्यवहार चौंकाने वाला है। सरकार ने यह भी कहा कि संस्थागत अनुशासन और प्रोटोकॉल का पालन सर्वोपरि है। कार्यालय आदेश के अनुसार विवेक बंजल 25-26 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आने वाले थे। 19 फरवरी को जारी प्रोटोकॉल नोटिस में लगभग 50 अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग-अलग कार्य सौंपे गए। कार्यक्रम में स्वागत, संगम स्नान, नौका विहार और बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट तथा पातालपुरी मंदिर के दर्शन शामिल थे। हर स्थल पर किस अधिकारी की क्या भूमिका होगी, यह लिखित में दर्ज था।

# देशहित से समझौते कर रही सरकार : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने युवा कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाने

- कांग्रेस महासचिव बोलीं युवा कांग्रेस सदस्यों की गिरफ्तारी शर्मनाक

वाले युवा कांग्रेस सदस्यों पर की गई कार्रवाई अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्ट में कहा कि सत्य के लिए शांतिपूर्ण और अहिंसक प्रतिरोध भारत की गौरवशाली परंपरा रही है, जो महात्मा गांधी और स्वतंत्रता आंदोलन से विरासत में मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि वैश्विक दबाव के आगे



झुककर सरकार ने देश के हितों से समझौता किया है और प्रधानमंत्री व सरकार के खिलाफ आवाज उठाना 1.4 अरब भारतीयों के हित में है। उनकी यह टिप्पणी उस समय आई है, जब दिल्ली पुलिस ने एआई समिट में हुए शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने पहले हिरासत में लिए गए सात अन्य यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भी दंगा समेत अतिरिक्त धाराएं जोड़ी हैं।
बताया गया कि पिछले सप्ताह एआई समिट के दौरान हॉल नंबर 5 में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक समूह ने शर्ट उतारकर सरकार और भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ लिखे स्लोगन वाली टी-शर्ट दिखाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें तुरंत वहां से हटा दिया।
कांग्रेस ने चिब और अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। वहीं पार्टी सांसद राहुल गांधी ने इस कार्रवाई को तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का परिचायक बताते हुए सरकार पर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का आरोप लगाया है।

# 'गांधी परिवार ने किया देश के साथ समझौता'

**नई दिल्ली।** एआई समिट की प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं के शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेस और भाजपा के

- पीयूष गोयल ने राहुल गांधी से पूछे तीखे सवाल

बीच जुबानी जंग जारी है। इसी कड़ी में, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का भी जिक्र किया। गोयल ने कहा, आज सुबह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पटना में पत्रकार वार्ता में बता रहे थे कि किस प्रकार से गांधी परिवार एक समझौता करने वाला राजनीतिक परिवार है। राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस... समझौता और समझौता करने वाला राजनीतिक परिवार हैं। उन्होंने कहा, चाहे कांग्रेस पार्टी का इतिहास देख लें, चाहे वर्तमान देख लें, चाहे उनके भ्रष्टाचार के अलग-अलग किस्से हों... जिससे मालूम होता है कि किस प्रकार से वे विदेशी ताकतों के प्रभाव में जनहित और राष्ट्रहित के साथ समझौता करते हैं। किस प्रकार से देश और देशवासियों के उज्ज्वल भविष्य से पूरी तरह समझौता करते हैं। इसके अनेक उदाहरण देश और जनता के सामने हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी तो नकारात्मक राजनीतिक के पोस्टर ब्वॉय बन गए हैं।

# भारतीय नौसेना में शामिल होगा 'डॉल्फिन हंटर'

**नई दिल्ली।** आईएनएस अंजदीप 27 फरवरी को भारतीय नौसेना में शामिल होगा। यह पनडुब्बी रोधी युद्ध उथले जल नौका परियोजना के तहत निर्मित किए जा रहे आठ जहाजों में

- अत्याधुनिक सुरक्षा पोत की कमीशनिंग कल

से यह तीसरा जहाज है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शुक्रवार को होने वाले कमीशनिंग समारोह में भाग लेंगे। बुधवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह कहा गया है कि कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक पोत है, जिसे विशेष रूप से देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण तटीय और उथले जल क्षेत्रों के तटीय युद्ध वातावरण की चुनौतियों का सामना



करने के लिए डिजाइन किया गया है। 77 मीटर लंबे इस जहाज में एक हाई-स्पीड वाटर-जेट प्रोपल्शन सिस्टम लगा है, जो इसे त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर संचालन के लिए है। यह 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह पोत डॉल्फिन हंटर के रूप में कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें निष्क्रिय करना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जहाज स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्धक हथियारों और सेंसर पैकेज से सुसज्जित है, जिसमें पतवार पर लगा सोनार अभय भी शामिल है।





# राधास्वामी व्यास में आयोजित होने वाले सत्संग को लेकर समीक्षा बैठक

## जिलाधिकारी ने सत्संग व्यास पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा

**स्वतंत्र भारत मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास आश्रम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय सत्संग कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त क्राइम बब्लू कुमार व जिलाधिकारी विशाख जी ने सत्संग व्यास पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।जेसीपी क्राइम बब्लू कुमार व डीएम विशाख ज ने डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल, डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित एवं एडीसीपी रल्लापल्ली वसंथ कुमार की मौजूदगी में सत्संग व्यास के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा और अग्निशमन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जेसीपी बब्लू कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्संग स्थल के अंदर और बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। उन्होंने एसीपी विकास पांडे व प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी को कार्यक्रम के दौरान सतत निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा सीसीटीवी कैमरों की सक्रिय मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा।डीएम विशाख जी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य टीम व एंबुलेंस की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान पहले से तैयार कर लिया जाए, ताकि आमजन को असुविधा न हो।डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने क्षेत्र में प्रभावी गश्त बढ़ाने तथा कार्यक्रम स्थल के आसपास बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिये।अधिकारियों ने आश्रम प्रबंधन से समन्वय बनाकर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया।बैठक में सीडीओ अजय जैन,डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित,एसडीएम पवन पटेल, तहसीलदार रितुराज शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

■ **समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा को लेकर आवश्यक दिए दिशा-निर्देश**

**दो लाख से अधिक श्रद्धालुं होगे सत्संग में शामिल..**

मोहनलालगज के राधा स्वामी आश्रम सत्संग व्यास मे 28 फरवरी व एक मार्च को बाबा गरिंदर सिंह ढिल्लो व हजूर जसदीप सिंह गिल मौजूद रहेंगे। जहा सुबह9~30 बजे से सत्संग का कार्यक्रम हागा। आश्रम के क्षेत्रीय सचिव ने बताया कि कार्यकम में लगभग दो लाख से आधक श्रद्धालुऑ आयेगे।

## मोहनलालगंज मंडल के भाजपा अध्यक्ष बने रूद्र प्रताप सिंह

**स्वतंत्र भारत मोहनलालगंज।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मोहनलालगंज मंडल अध्यक्ष पद पर भाजपा नेता एडवोकेट रूद्र प्रताप सिंह मोनू को मनोनीत किया है। यह घोषणा अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्रा द्वारा मंगलवार को की गई। मोहनलालगंज कस्बा निवासी रूद्र प्रताप सिंह मोनू लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। जमीनी स्तर पर उनकी पकड़ और कार्यकर्ताओं से बेहतर समन्वय को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोनयन की खबर मिलते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में मंडल में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा आगामी चुनावी रणनीतियों को धार मिलेगी।

# 'नाटक गिद्ध और फुटपाथ का सम्राट' का मंचन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** श्री रंग कला सेवा संस्थान ने संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग में रुचिका के निर्देशन में विजय तेंदुलकर लिखित नाटक 'गिद्ध' और 'फुटपाथ का सम्राट' का मंचन किया गया। नाटक 'गिद्ध' में आदर्श तिवारी (उमाकांत), राहुल मिश्रा (रमाकांत), एकता सिंह (माणिक) और मुस्कान सोनी (रमा) ने अभिनय किया। वहीं 'फुटपाथ का सम्राट' में आदर्श तिवारी (शाहिर), एकता सिंह (सुंदरी) और प्रमोद सहाय (तुक्या) ने भूमिकाएं निभाई। मंच सज्जा वीरेंद्र कुमार व सत्रोहन प्रसाद ने की, मंच व्यवस्था सत्यवान और नेहा ने संभाली। वेशभूषा शैल कुमारी, प्रकाश संचालन तमाल बोस तथा मुख सज्जा सचिन ने की, जबकि प्रस्तुति व्यवस्था सत्यवान और संजय शर्मा ने संभाली।

## खबर एक नजर

### जलवायु-अनुकूल विकास पर जोर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** एशिया के सामाजिक निवेशकों के सबसे बड़े नेटवर्क एवीपीएन ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ सिंगापुर में मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत अगले पांच वर्षों में 325 मिलियन डॉलर से अधिक निवेश जुटाने, स्वच्छ ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, जलवायु प्रौद्योगिकी और सतत कृषि क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने तथा राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने पर जोर दिया गया।

### दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** यूपीएसआईएफएस में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि संजय प्रसाद ने सिनर्जी जिम व इनोवेशन सेंटर दक्ष का उद्घाटन किया और कहा कि प्रदेश की न्याय व्यवस्था को डिजिटल व पेपरलेस बनाया जा रहा है तथा एआई आधारित अपराधों से निपटने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। संस्थान के संस्थापक निदेशक जी.के. गोस्वामी सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।

### पशु विकास दिवस अभियान सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ग्रामीण आजीविका और पशु कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 14 फरवरी 2026 को अपनी प्रमुख पहल 'पशु विकास दिवस' के आठवें संस्करण का सफल समापन किया। 'सर्वोत्तम सेवाः पशु, परिवार और प्रगति' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम के तहत पशुओं के स्वास्थ्य, परिवारों के कल्याण और स्थायी ग्रामीण विकास को प्रोत्साहन दिया गया। यह पहल 16 राज्यों में 510 ग्रामशक्ति शाखाओं के माध्यम से संचालित की गई। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि नारायणन ने कहा कि पशुओं का स्वास्थ्य, परिवारों की सुरक्षा और ग्रामीण आर्थिक प्रगति एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं, और यह पहल समुदायों के सशक्तीकरण व समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### ग्रामीण और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा स्थिर विकास का आधार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026 को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, एमएसएमई, कृषि और आवास क्षेत्र के लिए सकारात्मक बताया उमेश अरोड़ा, हेड इमर्जिंग बिज़नेस, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण की घोषणाओं में ऋण की मात्रा बढ़ाने के बजाय उसकी गुणवत्ता सुधारने, आय स्थिरता बढ़ाने और जमीनी स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान, तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म, बेहतर बाजार संपर्क और पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था से उधारकर्ताओं की आय अधिक स्थिर होगी, जिससे पुनर्भुगतान क्षमता और ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता बेहतर बनेगी। एमएसएमई के लिए भुगतान अनुशासन सुधार और देयकों की पारदर्शी व्यवस्था नकदी दबाव कम करने में सहायक होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बजट का फोकस उत्पादकता आधारित समावेशन पर है, जिससे दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### नगराम के घोड़सारा गांव में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत नगराम।** नगराम के घोड़सारा गांव में बुधवार के दिन अनुराग वर्मा के आवास पर न्यूट्रिशन क्लब के वेलनेस कोच डॉ. सौरभ सिंह द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके सहयोगी हेल्थ केयर के शिव कुमार व राम कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जानकारियां दी गईं। डॉ. सौरभ सिंह ने शुगर, ब्लड प्रेशर, मोटापा, जोड़ दर्द, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल एवं पेट से संबंधित बीमारियों के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की आवश्यकता पर जोर देते हुए लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष पटेल (रिशु), जिला अध्यक्ष छात्र मंच अपना दल (एस) के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर अनुराग वर्मा ( बब्ली) अभिषेक वर्मा, वेद प्रकाश द्विवेदी, अनुराग वर्मा, शिव दर्शन वर्मा, शत्रोहन लाल मुन्नू वर्मा हनोमान सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आरएसएस के पूर्व प्रचारक प्रेम सागर मिश्रा का निधन

**स्वतंत्र भारत मोहनलालगंज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक एवं भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता वयोवृद्ध प्रेम सागर मिश्रा का 85वर्ष की उम्र में मंगलवार की देर शाम पीजीआई अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सीतापुर जनपद के मूल निवासी प्रेम सागर मिश्रा बीते कई दशक से मोहनलालगंज के माधवखेड़ा में अपने परिवार के साथ निवास कर रहे थे। सामाजिक एवं राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े मिश्रा जी ने लंबे समय तक संघ के प्रचारक के रूप में कार्य किया। इसके साथ ही वे भारतीय मजदूर संघ में विभिन्न पदों पर रहकर श्रमिक हितों की आवाज बुलंद करते रहे। उनके निधन की सूचना मिलते ही समर्थकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर गहरा दुःख व्यक्त किया। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।बाद में लखनऊ के भैसाकुंड घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता व परिजन शामिल रहे।प्रेम सागर मिश्रा का जीवन सादगी, समर्पण और समाजसेवा के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।श्री मिश्रा? अपने पीछे पत्नी समेत बेटे आशीष मिश्रा,अरून मिश्रा,अमित मिश्रा समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये।

# रविदास मंदिर का 80 करोड़ से होगा कायाकल्प

## मंदिर परिसर को आधुनिक सुविधाओं से किया जाएगा सुसज्जित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित बारा बिरवा का प्रसिद्ध रविदास मंदिर अब भव्य और आधुनिक स्वरूप में नजर आएगा। श्रद्धालुओं की सुविधाओं और बढ़ते पर्यटन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग 80.27 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। जिसके लिए 60 लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो सके। साथ ही परिसर में अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाएगा, जिसमें सिविल, प्लंबिंग और फायर सेफ्टी से जुड़े सभी आवश्यक कार्य शामिल होंगे। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डॉरमेट्री सहित सुविधा संपन्न टूरिस्ट रेस्ट रूम का निर्माण भी होगा। यह पहल न केवल श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुदृढ़ करेगी, बल्कि लखनऊ की धार्मिक पर्यटन छवि को भी नई पहचान देगी। मंदिर परिसर में अलग-अलग स्थानों पर दिशा सूचक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि बाहर से आने वाले भक्तों को असुविधा न हो। ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल भी स्थापित किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच तथा स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु डस्टबिन की समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ के बारा बिरवा स्थित रविदास मंदिर धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक चेतना और समरसता का भी प्रतीक है। इसे आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर आगंतुकों के लिए अधिक सुगम और आकर्षक बनाया जा रहा है।

प्रदेश सरकार संत परंपरा से जुड़े पवित्र स्थलों के संरक्षण और उनके पर्यटन विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विभागीय प्रयास है कि उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को विशिष्ट पहचान मिल सके। संत शिरोमणि गुरु रविदास की पावन स्मृतियों से जुड़ा यह मंदिर आज आस्था, समरसता और सामाजिक चेतना का केंद्र बन चुका है। संत रविदास सेवा समिति के सुचारू संचालन में यहां वर्ष भर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। हर वर्ष रविदास जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन क्षेत्र को भक्तिमय बना देता है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, हिन्दुस्तानी एकेडेमी और जवाहर लाल नेहरू स्मारक पी.जी. कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से 27 और 28 फरवरी को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इसमें शिक्षा, संस्कृति और संस्कार का प्रसार~ भारतीय ज्ञान परंपरा, बौद्ध दर्शन और साहित्य है। इसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के विद्वान, शोधार्थी और छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा, बौद्ध दर्शन, संस्कृत और पालि भाषा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बौद्ध दर्शन, संस्कृत और पालि जैसी प्राचीन भाषाओं का अध्ययन करने का मौका मिलेगा। यह दो दिन की संगोष्ठी छात्रों और शोध करने वाले लोगों के लिए बहुत अच्छा मौका होगी। इसका उद्देश्य देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रचलित बौद्ध परंपराओं का अध्ययन करना, उनसे जुड़ा शोध कार्य करना और बौद्ध स्थलों की सांस्कृतिक विरासत, मान्यताओं, मानवीय मूल्यों तथा कला से जुड़े अवशेषों का संरक्षण करना है।

## संगठन की एकजुटता का संकल्प दोहराया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक व्यापार भवन, लाटूश रोड में अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सुहैल हैदर अल्वी एवं मनीष वर्मा ने संगठन में घर वापसी करते हुए कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल उनका परिवार है और वे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उनके निर्णय का उपस्थित सदस्यों ने स्वागत किया। बैठक में राजेंद्र कुमार अग्रवाल, अशोक अमरनाथ मिश्र, देवेंद्र गुप्ता, उमेश शर्मा, जितेंद्र सिंह चौहान, सतीश अग्रवाल, रविंद्र गुप्ता (युवा अध्यक्ष), मनीष गुप्ता सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की एकजुटता और व्यापारियों के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# सीएमएस छात्र 'ग्लोबल गोल्ड अवार्ड' से सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के मेधावी छात्रों ने ब्रिटिश फिजिक्स ओलम्पियाड (बी.पी.एच.ओ.) के अन्तर्गत आयोजित 'अन्तर्राष्ट्रीय जूनियर फिजिक्स चैलेन्ज' प्रतियोगिता में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर देश का गौरव ब?ाया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा-9 के छात्र अभिनव अजिंक्य ने अन्तर्राष्ट्रीय तृतीय रैंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है जबकि प्रत्यूष कुमार सिंह एवं अनमोल उदय कुशवाहा ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रमशः 47वीं एवं 90वीं रैंक अर्जित कर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया है। इस शानदार प्रदर्शन हेतु अभिनव अजिंक्य एवं प्रत्यूष कुमार सिंह को 'ग्लोबल गोल्ड अवार्ड' से सम्मानित किया गया है जबकि अनमोल उदय कुशवाहा को 'ग्लोबल सिल्वर अवार्ड' से नवाजा गया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. के इन होनहार छात्रों की उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति का परिणाम है जिसमें छात्रों को शैक्षिक व तकनीकी उत्कृष्टता प्रदान करने के साथ ही उनमें सकारात्मक सोच, तर्कशक्ति एवं कौशल विकास के प्रयास भी शामिल हैं।

# बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर वाहिनी की बैठक में संगठन मजबूत करने पर जोर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजस्थान प्रतापगढ़,स्थानीय जिला मुख्यालय पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर वाहिनी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर चौधरी के निर्देशानुसार एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल मेघवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यक समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी कार्ययोजना तैयार करना रहा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल मेघवाल ने कहा कि संगठन का मूल लक्ष्य भीमराव रामजी अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाना है। बैठक में वंचित वर्गों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों के लिए जमीनी स्तर पर एकजुट होकर कार्य करने की रणनीति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शंकर लाल ने जिला कार्यकारिणी की मजबूती पर जोर दिया। बैठक में राजमल, पिंटू, बगदीराम, रमेश पंडोर, रमेश मेघवाल, भगवती लाल मेघवाल, प्रवीण मुकेश, मणिलाल सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज के उत्थान और अधिकारों के संघर्ष में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

# बैंकिंग में विश्वास को बनाए रखने में बैंक मित्रों की महत्ता पर जोर

## मिशन मित्रवत : बैंक मित्रों के क्षमतावर्धन के लिए एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** भारतीय रिज़र्व बैंक लखनऊ कार्यालय एवं कृषि बैंकिंग महाविद्यालय पुणे के सहकार्यता से उत्तर प्रदेश के बैंक मित्रों के क्षमतावर्धन के लिए उनके प्रशिक्षकों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला 'मिशन मित्रवत' का आयोजन लखनऊ के होटल सेंट्रम में किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार द्वारा किया गया। कार्यशाला में कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे के प्रधानाचार्य जयकिश सहित भारतीय रिज़र्व बैंक से डॉश आनंद उपाध्याय, महाप्रबंधक, सुनील कुमार दास, उपमहाप्रबंधक,मुरली कृष्णा एम, उपमहाप्रबंधक और एसएलबीसी के समन्वयक शैलेंद्र कुमार सिंह भी




उपस्थित हुए। सुनील कुमार दास ने सत्र को संबोधित करते हुए इसके विषय 'वित्तीय समावेशन की अंतिम मील को सुदृढ़ करना' पर प्रकाश डाला एवं बैंकिंग में लोगों के विश्वास को बनाए रखने में बैंक मित्रों के महत्ता पर ज़ोर दिया। उद्घाटन भाषण में क्षेत्रीय निदेशक ने डिजिटल युग में बढ़ती धोखाधड़ी पर चिंता व्यक्त करते हुए बैंक मित्रों के विशेष स्थान को उजागर किया, जिसमे वे अंतिम चरण तक जागरूकता फैलाने में सक्षम हैं। साथ ही विशेष भाषण में जयकिशन,शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी तकनीकी विकास वाले युग में बैंक मित्रों की बढ़ती भूमिका पर चर्चा की । और मित्रवत जैसे क्षमतावर्धन कार्यशालाओं की सराहना की तथा उपस्थित प्रतिभागियों से कार्यशाला का लाभ उठाने का आग्रह किया जिससे महत्वपूर्ण जानकारी लक्षित समूह तक पहुंचाया जा सके।

इस कार्यशाला में भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारियों एवं अतिथि व्याख्याताओं द्वारा बैंक प्रतिनिधि से संबंधित विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए, जिसमे में 180 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमे अग्रणी जिला अधिकारियों सहित अग्रणी जिला प्रबन्धक, आरएसईटीआई निदेशक, एफ़एलसी अधिकारी एवं बीसी समन्वयक शामिल थे। यह पहल उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन को और अधिक गहन बनाने तथा बैंकिंग सेवाओं की अंतिम मील तक प्रभावी पहुँच को सुदृढ़ करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# बाल्मीकि समाज बच्चों को शिक्षा के प्रति करें जागरूक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वाधान में समाज सेवी मुन्नी देवी बाल्मीकि जयंती विद्यालय का वार्षिक उत्सव अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमती नगर लखनऊ में मनाया गया। बाल्मीकि जी के पावन अर्थ राज घावरी,आनी घावरी अनिका शैलेन्द्र घावरी अंकित घावरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । कार्यक्रम में नरेश बाल्मीकि चेयरमैन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाल्मीकि समाज से अपील है कि एक समय का भोजन छोड़ कर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें करें और तकनीकी शिक्षा का ज्ञान प्राप्त करें देन भाईचारा बनकर समाज को आगे बढ़ाएं अविनाश भारती ने कहा कि बिना ज्ञान के लड़ें जेन तो हर निश्चित है अतः शिक्षा बहुत जरूरी है रवि कंचन ने बताया कि मातृ शक्ति युवा शक्ति को प्रणाम करती है जो लोहा आग में तपता है वहीं बंटा है जो मेहनत करता है वही तरक्की करता है लड़कियों की 12वीं के शिक्षा अनिवार्य है।



# लखनऊ से रोजाना 22 डबल डेकर 140 लग्जरी बसें हो रहीं संचालित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ से दिल्ली, हरिद्वार, पश्चिम यूपी सहित पूर्वांचल के लिए चलने वाली डबल डेकर और अन्य लग्जरी

■ **रसूखदार चलवा रहे लग्जरी बसें**

बसों की तकनीकी जांच कभी-कभार ही होती है, वह भी कुछ बसों की जांच के बाद अभियान बंद कर दिया जाता है। यहां से चलने वाली अधिकतर बसों के संचालन के पीछे रसूखदारों का हाथ है, जो कि जांच अभियान शुरू होते ही सक्रिय हो जाते हैं। लखनऊ से मौजूदा समय में 22 डबल डेकर और लगभग 140 लग्जरी बसें संचालित की जा रही हैं। इनके संचालन के लिए कोई वैधानिक स्टैंड नहीं हैं। सबसे ज्यादा




बसों का संचालन अवध चौराहा के पास से किया जाता है।यहां शाम होते ही अवैध रूप से बने स्टैंड पर बसें खड़ी होना शुरू हो जाती हैं। इन बसों में सीटों की बुकिंग ऑनलाइन होती है। जिसका कोई हिसाब-किताब भी नहीं होता। क्योंकि सीट बुक कराने के बाद बस में सवार होने पर यात्री किराया देता है। ऐसे में इन बसों के जरिए राजस्व चोरी की भी आशंका बनी रहती है।

हालांकि इन डग्गामार बसों को लेकर बार-बार शिकायतें की जाती हैं। परिवहन आयुक्त की ओर से इनके खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश भी दिए जाते हैं। लेकिन, जब अभियान चलता है तो रसूखदारों की सक्रियता से अधिकारी पीछे हट जाते हैं। इन बसों के अवैध अड्डे शहर में इन बसों के एक दर्जन जड़े हैं। जहां पर शाम होते ही यह वसें सवारियों के लिए ताड़ी हो जाती है। इन स्थानों में प्रमुख है अवध चौराहा से पारा फ्लाईओवर। इसके अलावा राहीद पथ पर पलासियों मॉल के पास, चिनहट, कमता, पॉलीटेक्निक कॉलेज के गेट के पास, अहिमामऊ, कैसरबाग में रेजीडेंस के पास, होटल क्लार्क अवध के पीछे, महियांच, तेलीबाग, पीजीआई के पास और सीतापुर रोड शामिल है। सवारी के लिए सेंट होते हैं ऑटो वाले इन डग्गामार बसों तक सवारी पहुंचाने के लिए कैसरबाग, अवध और

> डग्गामार बसों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाता है कुछ दिन पहले भी अभियान चलाकर बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है ऐसी बसों की जांच के लिए अब लगातार अभियान चलाया जाएगा नियमों का उल्लंघन करने वाले बसों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी
>
> **: प्रभात पांडेय, आरटीओ प्रवर्तन लखनऊ जोन।**

आलमबाग बस अड्डा के पास सेंट ऑटो वाले खड़े रहते हैं। यह सवारियों को लगजरी बस और कम किराया का लालच देकर अवैध स्टैंड तक पहुंचाते हैं। इसके एवज में वस बालों से इन्हें कमीशन मिलता है।



**कालीचरण पीजी कॉलेज के वार्षिक उत्सव पर सम्मानित लोगो के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य**

## होली पर तीन दिन बंद रहेगा चिड़ियाघर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** होली के त्योहार पर तीन दिनों तक लखनऊ का नवाब अली शाह प्राणि उद्यान बंद रहेगा। चिड़ियाघर निदेशक संजय कुमार विश्वाल ने बताया कि दो, तीन व चार मार्च को जू बंद रहेगा।

दो मार्च सोमवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। जबकि तीन व चार मार्च को होली का पर्व होने के कारण चिड़ियाघर बंद करने का निर्णय लिया गया है। छुट्टी के दौरान पशु-पक्षियों के बाड़े की साफ-सफाई और गर्मी को देखते हुए पानी की टंकी सफाई का काम प्रस्तावित है।

## जनप्रतिनिधियों के फोन का अधिकारी देंगे 10 मिनट में जवाब

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों का फोन न उठाए जाने का मुद्दा विधान सभा में उठाने के बाद संवाद सेतु बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

■ **जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर तैयार**

प्रदेश के तीन जिलों हरदोई, कन्नौज व गाजियाबाद में इसे बना दिया गया है। जनप्रतिनिधियों का फोन में उठा पाने की स्थिति में अधिकारी इस सेतु के माध्यम से 10 मिनट में जवाब देंगे। जनानतिनिधि का फोन न उठा पाने की स्थिति में तत्काल संवाद सेतु के लिए कमांड सेंटर से संपर्क करेगा।

वहां से अधिकारी के पास फोन जाएगा और उसे 10 मिनट में फोन कर बात करना होगा। पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर बुधवार को तीन जिलों में इसकी शुरुआत की गई। राजधानी के भागीदारी भवन में आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग से समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने तीन जिलों में संवाद सेतु व्यवस्था का शुभारंभ किया।

जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी व समयबद्ध बनाया जाएगा। तीनों जिलों में संवाद सेतु के तहत जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर तैयार किया गया है। यहां स्टाफ की तैनाती कर दी गई है।

सीयूजी नंबर अपडेट कर कॉल मानीटरिंग प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है।

सभी अधिकारियों को कमांड सेंटर से निर्देश मिलने पर 10 मिनट के अंदर कॉल रिसीव या कॉल बैंक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। मंत्री असीम अरूण ने कार्यक्रम में कहा कि पक्ष, विपक्ष व निर्दलीय सभी विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों को यह सेवा एक समान रूप से दी जाएगी। प्रतिदिन आए फोन कॉल की समीक्षा की जाएगी और उसका डाटा तैयार किया जाएगा।

यह व्यवस्था केवल कार्य दिवसों, कार्यालय समय में अधिकारियों को मिले सरकारी सीयूजी नंबरों पर लागू की जाएगी। आगे चरणबद्ध ढंग से सभी जिलों में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

## म्यूजियम ऑफ हेरिटेज आर्ट में दिखेगा अवध की संस्कृति का संगम

### इस आईकॉनिक बिल्डिंग में बिना किसी सहारे के बना है 45 मीटर लंबा कैंटीलीवर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** हुसैनाबाद में बनकर तैयार हुये लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज एंड आर्ट में अवध की संस्कृति का

■ **एलडीए ने हुसैनाबाद में 4973 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित किया है म्यूजियम**

संगम देखने को मिलेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लगभग 4973 वर्गमीटर क्षेत्रफल में इस म्यूजियम का निर्माण किया है। 01 मार्च, 2026 को लोकार्पण के बाद इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस नवनिर्मित म्यूजियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय की संरचना, प्रदर्शनी दीर्घाओं और पर्यटक सुविधाओं का जायजा लेने



के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। म्यूजियम का निर्माण 41.43 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है।

यह प्रदेश की पहली ऐसी आईकॉनिक बिल्डिंग होने वाली है, जहां बिना किसी कॉलम या पिलर के सहारे के 45 मीटर लंबा कैंटीलीवर निर्मित किया गया है। म्यूजियम भवन की आकर्षक डिजाइन इस इमारत को एक अलग पहचान देती है। म्यूजियम में अवध की ऐतिहासिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। म्यूजियम में विभिन्न तरह की गैलरी विकसित की गयी हैं। जिनके नाम 'मूल धारा, हुनर का सफर, हस्तशिल्प, सांझी आस्था, गंगा-जमुनी तहजीब, कारीगरी, महफिल-ए-अवध, नृत्यकला, नाट्यशाला, सोच एवं संवाद और जायका-ए-अवध' हैं। इन गैलरी के माध्यम से अवध की संस्कृति को जीवंत रूप में दर्शाया जाएगा। म्यूजियम में वीआर गेमिंग एरीना भी बनाया गया है, जो दर्शकों को इतिहास से जोड़ने का नया अनुभव देगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस म्यूजियम का निर्माण कराया गया है। यह म्यूजियम लखनऊ की समृद्ध विरासत, कला, शिल्प परंपरा को संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी से जोड़ने का काम करेगा। साथ ही स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देकर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस मौके पर एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव, नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह, मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, अधिशासी अभियंता मनोज सागर एवं नीरज कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

## टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं किसान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश की कुछ चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को दी जाने वाली गन्ना आपूर्ति पर्ची पर अंकित प्रजाति को डिग्रेड कर गन्ना खरीद करने की जानकारी मिलने पर इसकी शिकायत विभागीय टोल फ्री नंबर पर भी प्राप्त हुई है। किसानों की लिखित सहमति के बिना गन्ना पर्ची डिग्रेड कर गन्ना तौल करने वाली चीनी मिलों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। गन्ना विभाग द्वारा इस संबंध में जिला एवं परिक्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि किसान द्वारा लाए गए गन्ने को चीनी मिल द्वारा डिग्रेड वैरायिटी में परिवर्तित कर गन्ना आपूर्ति करने के लिए किसान की लिखित सहमति अवश्य ली जाए । साथ ही चीनी मिलें किसान के गन्ने को किसी भी हालत में वापस न किया जाए। इसके अलावा किसानों की लिखित सहमति के उपरांत ही चीनी मिलें तौल की कार्यवाही करे। वहीं गन्ना विभाग ने किसानों से अपील किया है कि गन्ना आपूर्ति के समय डिग्रेड वैरायिटी में परिवर्तित करने संबंधी किसी प्रकार की समस्या होने पर विभागीय टोल फ्री नं0 188-121-3203 पर शिकायत दर्ज करा सकते है। गन्ना किसानों को प्रजाति परिवर्तन हेतु जागरूक किया जाए जिससे भविष्य में किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। किसानों की शिकायत पर विभाग संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही करेगा। इसके साथ ही पर्ची डिग्रेड कर गन्ना खरीद पर निगरानी रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

## बसंतकुंज से आईआईएम तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर के लिए सर्वे का काम शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ में मेट्रो विस्तार की कवायद शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने बसंतकुंज से आईआईएम तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर के लिए सर्वे का काम शुरू करा दिया है। माना जा रहा है कि यह कॉरिडोर शहर के उत्तरी और शैक्षणिक क्षेत्र को बड़ी राहत देगा। छह महीने में तय होगी लागत और रूट यूपीएमआरसी के प्रबंध निर्देशक सुशील कुमार ने शासन को जानकारी दी है कि सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। सर्वे के आधार पर यह तय होगा कि कुल रूट की लंबाई कितनी होगी, परियोजना की लागत क्या आएंगी और कॉरिडोर का कितना हिल्ता एलिवेटेड (ओवरहेड) तथा कितना भूमिगत



(अंडरग्राउंड) बनेगा। सूत्रों के मुताबिक प्रस्तावित कॉरिडोर लगभग 10 किलोमीटर लंबा हो सकता है और इसका अधिकांस हिस्सा एलिवेटेड बनाए जाने की संभावना है। इससे निर्माण लागत अपेक्षाकृत कम रहेगी और कार्य भी तेजी से पूरा किया जा सकेगा। चारबाग वसंत कुंज के बाद इसका नंबर फिलहाल चारबाग से वसंत कुंज योजना तक मेट्रो विस्तार का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। इसी घरण के पूरा होने के बाद वसंत कुंज से आईआईएम तक विस्तार की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जाएंगे। इस सप्ट के शुरू होने से छात्रों, शिक्षकों और आसपास की बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। आईआईएम और आसपास के शैक्षणिक संस्थानों तक सार्वजनिक परिवहन की बेहतर सुविधा की लखे समय से मांग रही है। मेट्रों पहुंचने से यातायात दबाव भी कम होगा और शहर के इस हिस्से का विकास तेज होगा। राष्ट्र प्रेरणा स्थल कॉरिडोर फिलहाल ठंडे बस्ते में वहीं, यूपीएनआरसी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल तक मेट्रो विस्तार के पस्ताव को फिलहाल रोक ह्यिह्यदया है। उसका तर्क है कि नॉर्थ साउय कॉरिडोर को पहले ही केंद्र और राज्य सरकार से मंजूरी मिल चुकी है और उसका निर्माण शुरू होना है। यदि राष्ट्र प्रेरणा स्थल का हिस्सा जोड़ दिया जाता है तो परियोजना में संशोधन के लिए केंद्र से दोबारा मंजूरी लेनी पड़ेगी, जिससे लंबा विलंब हो सकता है। इस हिस्से पर करीब 757 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय आएगा, जिससे बजट पर भी दबाव बढ़ेगा। इसी कारण इस प्रस्ताय को अभी लंबित रखने का निर्णय लिया गया है।

## 13 सूत्रीय मांगों को लेकर रोडवेज संविदा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोडवेज के संविदा कर्मचारियों ने बुधवार को राजधानी में जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने स्वास्थ्य भवन चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार और परिवहन निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष है। मार्च के चलते कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। नौकरी सुरक्षा, संविदा कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से रोडवेज में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं मिल रही हैं और न ही वेतनमान में समानता है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि संविदा व्यवस्था को खत्म कर नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके अलावा वेतन वृद्धि, बकाया भुगतान, सेवा सुरक्षा, ड्यूटी घंटों में सुधार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देने जैसी मांगें भी ज्ञापन में शामिल हैं। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण है, लेकिन यदि जल्द ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि वे सरकार से वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए। डीएम कार्यालय के अधिकारियों ने कर्मचारियों का ज्ञापन प्राप्त कर शासन स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। फिलहाल, कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## अविमुक्तेश्वरानंद : एफआईआर पर बढ़ी सियासी तकरार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** माघ मेला हो या अन्य कोई आयोजन तथा अन्य मुद्दों पर दिये गये बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ पॉक्सो एकट के

■ **कोई बता रहा भगवान का रुप तो कोई दे रहा नसीहत**

तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद सियासी तकरार बढ़ गयी है। कोई उन्हें भगवान का स्वरूप कह कर महिमा मंण्डित कर रहा है तो कोई उन्हें नसीहत दे रहा है। साथ ही स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद भी पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए सरकार पर हमला तेज कर दिया है। वहीं इस मामले को लेकर संत समाज भी दो गुटो में बटंता नजर आ रहा है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि यह अदालमी कार्रवाई पीड़ित के बयान पर पर हुई है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना है और सुनने के बाद प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। जिनका शोषण हुआ ऐसे बच्चों का कलमबंद बयान भी दर्ज हुआ। इस प्रकरण में ऐसा न्याय हो और लोगों के बीच एक नजीर बन सके। वहीं इस मामले में ममता कुलकर्णी द्वारा दिये गये बयान के बाद किन्नर अखाड़े ने उन्हें अखाड़े से निष्कासित कर दिया। इसके अलावा महान संत राम भद्राचार्य पहले से ही अविमुक्तेश्वरानंद को विरोध करते आ रहे हैं। साथ ही महामंडलेश्वर बालक दास ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को चाहिए की कोर्ट का आदेश माने और जांच में सहयोग करें। इस मामले को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को अपने शब्दों की मर्यादा में रहना चाहिए। वो एक पार्टी को नीचा दिखाने और कांग्रेस-सपा की तारीफ से बचना चाहिए। इस मामले को लेकर आम से लेकर खास तक चर्चा तेज हो गयी है। कोई अविमुक्तेश्वरानंद का समर्थन करते हुए सरकार को कोस रहा है तो कोई विरोध करते पुलिस प्रशासन की कार्रवाई को वैध ठहरा रहा है। इस मामले में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरीश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए सभी को न्यायालय के आदेश का सम्मान सबको करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि संत का कार्य है सनातन को मजबूत करते हुए धर्म का विस्तार करना न कि शासन सत्ता से टकराना। वहीं कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद चन्द्र मिश्र ने बताया कि प्रदेश सरकार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को झूठे मामले में फंसाना चाहती है। ये सनातन धर्म का अपमान है. वह हम सबके लिए भगवान स्वरूप है। उनके शिष्यों को भी झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश की जा रही है। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता इससे डरने वाला नहीं है एक संत के अपमान के विरोध में पार्टी का संघर्ष सड़क से सदन तक जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इन दिनों एक फोटो वायरल हो रही है जिसमें इस मामले का वादी आशुतोष एक पुलिस अधिकारी के साथ केक काटता हुआ दिख रहा है। जबकि उसके खिलाफ शामली में एक दर्जनों मुकदमें दर्ज है। वहीं आम जनता भी इस मामले में यह कयास लगा रही है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ अगली कार्रवाई क्या होगी।

### पीएम करें हस्ताक्षेप : कांग्रेस

कांग्रेस ने बुधवार को सभी 75 जिलों के मुख्यालयों पर कांग्रेस प्रदर्शन कर सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष शरद चन्द्र मिश्र ने कहा कि सरकार उन्हें साजिशन फंसाना चाह रही है जिसके विरोध में आज सभी जिला मुख्यालयों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के मामले पर हस्ताक्षेप करने की मांग किया। लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलाधिकारी कार्यालयों में प्रदर्शन किया गया।

### शंकराचार्य के समर्थन में आये लोग : सपा


सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को त्रिवेणी में स्नान तक नहीं करने दिया। पुलिस ने धक्का मार कर उनके रथ को बाहर कर दिया। साथ ही उनके साथ चल रहे बटुकों को मारा-पीटा उनकी शिखा खींची। अब शंकराचार्य जी पर झूठा मुकदमा लगवा दिया। जिसने झूठा मुकदमा कराया है उसके भाजपा नेताओं से सम्बन्ध है, जिसकी फोटो भी वायरल हो रही है। उन्होंने कहा कि आज शंकराचार्य का सम्मान बचाने की जरूरत है। सभी लोगों को उनके सम्मान में आना चाहिए। भाजपा का चरित्र सभी ने देखा है जो भाजपा के खिलाफ बोलेगा, उसकी आवाज बंद करने के लिए अधिकारियों के माध्यम से उस पर जुल्म ढाया जाता है।

## कांग्रेस ने पीएम को संबोधित सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉक्टर शहजाद आलम एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू के नेतृत्व में बुधवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी कार्यालय लखनऊ पर प्रदर्शन




करते हुए पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद एवं उनके शिष्यों को लगातार परेशान एवं प्रताड़ित किया जा रहा है.। माघमेला में दौरान मौनी अमावस्या के अवसर पर पुलिस द्वारा उन्हें व उनके शिष्यों को स्नान करने से रोका गया। उनके साथ आए बटुकों की चोटी खींचकर उन्हें अपमानित करते हुए थाने में ले जाकर प्रताड़ित करने का कार्य किया गया। अब शंकराचार्य उनके शिष्य स्वामी मुकुदानंद ब्रह्मचारी सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक है जिसकी मान्यता एवं परंपरा ऐतिहासिक धार्मिक परिपाटी द्वारा निर्धारित होती है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने वाले व्यक्तियों की पृष्ठभूमि उनकी परिस्थितियों का निष्पक्ष परीक्षण एवं पारदर्शी जांच हेतु निर्देशित करने की मांग की गयी है। इस अवर पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, एडवोकेट संजीव पांडे, मो नईम, राजेंद्र पांडे, किश्वर जहां, आरबी सिंह, रईस अहमद, फखरुल इस्लाम सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर पीएम को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपने का दावा पार्टी द्वारा किया गया है।



# मतदाताओं को नोटिस भेजना 'वोटबंदी अभियान'

## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आरोप

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो,लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बड़े पैमाने पर मतदाताओं को नोटिस भेजे जाने को नोटबंदी के बाद भाजपा सरकार का नया 'वोटबंदी अभियान' करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत पहले भी ठीक नहीं थी और अब भी ठीक नहीं है। उनके अनुसार पहले केवल मुसलमानों को कागजों के नाम पर परेशान किया जाता था, लेकिन अब हिंदुओं को भी लगातार नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि कुछ लोग यह दावा कर रहे थे कि गलत वोट पकड़े जाने पर लोगों को डिटेंशन सेंटर भेज दिया जाएगा, तो क्या अब वोट के आधार पर नागरिकता तय की जाएगी और लोगों को उनके खेत, जमीन और घरों से बेदखल किया जाएगाअखिलेश यादव ने कहा कि जब नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन के परिजनों को ही नकार दिया गया तो आम लोगों की स्थिति क्या होगी। उन्होंने आशंका जताई कि यदि किसी के पास वोटर कार्ड न हो तो उसके परिवार के बुजुर्गों और बच्चों के हक-अधिकार, विरासत, जायदाद और जमा-पूंजी पर संकट खड़ा हो सकता है, जिससे लोग लगातार तनाव और चिंता में रहेंगे।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी



बेईमानी और गलत नीतियों के कारण जनाधार खो चुकी है और अब उसे केवल धांधली का सहारा रह गया है। उनके मुताबिक तथाकथित पन्ना प्रमुख भी जनता का सामना करने से बच रहे हैं, क्योंकि महंगाई, बेरोजगारी और बेकारी के कारण जनता में भारी असंतोष है। उन्होंने कहा कि जनता यह सवाल उठा रही है कि जिन दस्तावेजों के आधार पर पहले वोटर सूची में नाम जोड़ गए थे, उन्हीं दस्तावेजों के रहते अब त्रुटियां कैसे सामने आ गईं और क्या गारंटी है कि आगे फिर गलती नहीं होगी। उनका कहना था कि यदि त्रुटि हुई है तो वह चुनाव आयोग की ओर से हुई है, लेकिन उसे सुधारने के लिए जनता को अपना काम छोड़कर दौड़ना पड़ रहा है।अखिलेश यादव ने इसे पीडीए के वोट काटने का बड़ा षड्यंत्र बताया और कहा कि यदि मतदाता सजग रहा तो अपना नाम जुड़वा लेगा, अन्यथा प्रक्रियात्मक जटिलताओं के कारण पीछे हट सकता है। उन्होंने पीडीए प्रहरियों और ईमानदार बीएलओ की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतर्कता से भाजपा और उसके सहयोगी अपनी मंशा में सफल नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि एक भी झूठा वोट न जुड़ने पाए और एक भी सही वोट न कटने पाए।

## गन्ना पर्ची डिग्रेड कर खरीद करने वाली चीनी मिलों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरोलखनऊ, ।** प्रदेश की कुछ चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को निर्गत गन्ना आपूर्ति पर्ची पर अंकित प्रजाति को डिग्रेड कर गन्ना खरीद करने की जानकारी संज्ञान में आई है। इस संबंध में विभागीय टोल फ्री नंबर पर भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। स्पष्ट किया गया है कि किसानों की लिखित सहमति के बिना गन्ना पर्ची डिग्रेड कर गन्ना तौल करने वाली चीनी मिलों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में जिला एवं परिक्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे प्रकरणों की विधिसम्मत एवं संगत नियमों के अनुरूप जांच कराई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान द्वारा लाए गए गन्ने को डिग्रेड प्रजाति में परिवर्तित कर तौल करने से पूर्व किसान की लिखित सहमति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि चीनी मिलें किसान द्वारा आपूर्ति के लिए लाए गए गन्ने को किसी भी स्थिति में वापस न करें।

## प्रयागराज में नजूल भूमि पर अवैध कब्जे का मामला उठाया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रयागराज में नजूल भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपाई बाउंड्री खड़ी कर जमीन पर कब्जा कर रहे हैं, लेकिन यह न तो लखनऊ के बुलडोजर को दिखाई दे रहा है और न ही दिल्ली के ड्रोन को। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि जापान से कोई लगातार नजर रखे हुए है। उनका तंज था कि बाहर का दौरा निवेश के लिए नहीं, बल्कि इसीलिए किया गया है ताकि यदि अवैध कब्जे की बात सामने आए तो यह कहा जा सके कि जब कब्जा हुआ तब वे देश में थे ही नहीं।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा केवल हवा-हवाई दावे करती है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि नए निवेश के आंकड़े प्रस्तुत करने से पहले पुराने समझौता ज्ञापनों की वास्तविक स्थिति जनता के सामने रखी जाए। उनका कहना था कि करोड़ों-करोड़ के एमओयू दिखाए गए, लेकिन जमीन पर वैसी प्रगति दिखाई नहीं दे रही। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन परियोजनाओं का ढोल पीटा गया, वे कई मामलों में हवाई घोषणाओं तक सीमित रह गईं।उन्होंने सवाल उठाया कि विदेश दौरों में सिंगापुर जैसे देशों की व्यवस्थाएं देखकर क्या प्रदेश की बुनियादी सुविधाओं की याद नहीं आती। उन्होंने कहा कि जनता अब दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर समझने लगी है और सरकार से पारदर्शिता की अपेक्षा कर रही है।

## छात्रवृत्ति भुगतान की संशोधित समय-सारिणी जारी की

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरोलखनऊ,।** समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं (कक्षा 11-12 को छोड़कर) में अध्ययनरत वंचित सभी वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान सुनिश्चित करने हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी की है।जारी कार्यक्रम के अनुसार विश्वविद्यालय एवं संबद्धता प्रदान करने वाली संस्थाओं को वास्तविक छात्रों का सत्यापन कर अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम एवं संस्थाओं को 27 फरवरी 2026 तक अवरुद्ध करना होगा। इसके पश्चात जनपदीय समिति द्वारा 1 मार्च 2026 तक डाटा लॉक किया जाएगा।जनपद स्तर पर विभागीय अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से लॉक डाटा के आधार पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की राज्य इकाई से 11 मार्च 2026 तक धनराशि की मांग तैयार की जाएगी।

# नगर विकास व ऊर्जा विभाग की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो,लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में नगर विकास तथा ऊर्जा विभाग की अलग-अलग समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीतिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। नगर विकास विभाग की बैठक में प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद, सचिव एवं निदेशक अनुज झा, विशेष सचिव प्रवीण लक्षकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण तथा उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार समेत विभागीय अधिकारियों ने सहभागिता की।बैठक में एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में दोनों विभागों की भूमिका और संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। शहरी आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक शहरी सुविधाओं के विस्तार, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने तथा निवेश आकर्षित करने की रणनीतियों पर विशेष बल दिया गया।मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि नगर विकास और ऊर्जा विभाग प्रदेश की आर्थिक प्रगति के दो सशक्त स्तंभ हैं। यदि शहरी सेवाएं पारदर्शी और मजबूत हों तथा विद्युत आपूर्ति विश्वसनीय हो, तो उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य आधारित कार्ययोजना बनाकर उसे समयबद्ध और परिणामोन्मुखी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। विभागीय समन्वय को सुदृढ़ बनाने, प्रगति की नियमित निगरानी करने और सुशासन की भावना से कार्य करने पर भी विशेष जोर दिया गया।



नवीकरणीय ऊर्जा के संदर्भ में मंत्री ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना तथा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत उत्पादित विद्युत के मूल्यांकन का विषय प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत उत्पन्न बिजली को ऊर्जा विभाग के समेकित आंकड़ों में शामिल न किए जाने से प्रदेश की वास्तविक उपलब्धियां परिलक्षित नहीं हो पा रही हैं। इस स्थिति के समाधान के लिए भारत सरकार को पत्र भेजने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए प्रत्येक इकाई उत्पादन का सही मूल्यांकन और लेखांकन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना प्रदेश की एक महत्वपूर्ण ताकत है। इससे उत्पन्न बिजली का उचित मूल्यांकन विभागीय आंकड़ों में शामिल न होने से प्रदेश की प्रगति और उपलब्धियों पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अन्य राज्यों के अनुभवों का अध्ययन कर केंद्र सरकार के साथ विस्तृत विचार-विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का समुचित आकलन सुनिश्चित किया जा सके।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 13 हॉबी क्लबों का शुभारंभ, विद्यार्थियों के समग्र विकास पर जोर

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो लखनऊ(।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 25 फरवरी को विद्यार्थियों के रचनात्मक एवं समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हॉबी क्लब का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। मंच पर हॉबी क्लब एवं एनईपी-2020 क्रियान्वयन समिति की अध्यक्ष प्रो. संगीता सक्सेना भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति द्वारा फीता काटकर किया गया तथा बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विश्वविद्यालय कुलगीत के गायन के बाद आयोजन समिति ने कुलपति को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ. मनोज डडवाल ने किया।विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभाओं को मंच देने के लिए कुल 13 हॉबी क्लब प्रारंभ किए गए हैं। इनमें म्यूजिक, अर्बन गार्डनिंग, पेंटिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल लिटरेसी एवं कंपिटेंसी, योग थेरेपी, क्रिएटिव राइटिंग, कम्युनिटी सर्विस, मेंटल हेल्थ एंड वेलबीइंग, नेचुरोपैथी वेलनेस, बेकर्स क्राफ्ट (नो ओवन नो प्रॉब्लम), डिजास्टर रिस्क रिडक्शन तथा स्पोर्ट्स जैसे क्लब शामिल हैं। इन क्लबों का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी रुचियों की पहचान करने, उन्हें निखारने और नई विधाओं को सीखने का अवसर प्रदान करना है, ताकि उनमें आत्मविश्वास, नवाचार और नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके।कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल कक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें जीवन के वास्तविक अनुभवों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि हॉबी क्लब विद्यार्थियों को अपने पैशन को प्रोफेशन में बदलने की दिशा में प्रेरित करेंगे। 'पंचकोश' सिद्धांत का उल्लेख करते हुए उन्होंने समग्र विकास को व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच तनाव को कम करने, मानसिक संतुलन बनाए रखने और सहानुभूति के साथ समाज से जुड़ने में सहायक सिद्ध होंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में उन्होंने कहा कि एआई पर पूर्ण निर्भरता के बजाय उसका उपयोग मानव कल्याण और नैतिक मूल्यों की उन्नति के लिए किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों से उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए स्वयं को जागरूक और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित करने का आह्वान किया।प्रो. संगीता सक्सेना ने कहा कि एनईपी-2020 के माध्यम से बहुविषयक शिक्षा, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट प्रणाली तथा कौशल आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया गया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चकचन्द्रसेन विकास खण्ड जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

**मनरेगा के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चकचन्द्रसेन में वर्ष 2025-26 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 28/02/2026 समय दिन के 2 बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं। उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1 | संकुल स्तरीय समिति भवन निर्माण कार्य 10.06X7.8 मी. | 9.89 लाख |

आपूर्ति का विवरण-उपरोक्त कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट, सीमेन्ट, मोरंग, बजरी, रेता, सरिया, ईंट रोढ़ी, मिट्टी, गिट्टी, टाइल्स, विधुत फिटिंग, रंगाई पुताई, डोर-विन्डो, नल स्थापना, पीवीसी पाइप, सीआईबी बोर्ड आदि की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति के बाद किया जायेगा, अग्रिम नहीं। नोट-यदि एक भी निविदा प्राप्त नहीं होती है तो ग्राम पंचायत सरकारी दर पर जीएसटी सहित किसी भी फर्म से सामग्री लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। अधिक जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**रानू पांडे प्रधान** **सुप्रीया पटेल सचिव**


# 38 जनपदों में नाविकों को वितरित की जाएंगी 66 हजार से अधिक लाइफ जैकेट

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो लखनऊ ।** प्रदेश की नदियों में संचालित पंजीकृत नावों के नाविकों एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी के माध्यम से 38 जनपदों की पंजीकृत नौकाओं के स्वामियों को लाइफ जैकेट वितरित किए जाएंगे।इस संबंध में संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी के नियंत्रण में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। राहत आयुक्त द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि 15 दिनों के भीतर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाइफ जैकेट का वितरण सुनिश्चित किया जाए।राहत आयुक्त एवं अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी द्वारा निविदा प्रक्रिया के माध्यम से 38 जनपदों के 811 घाटों पर संचालित 4175 पंजीकृत नौकाओं के लिए कुल 66,077 लाइफ जैकेट क्रय की गई हैं। इस कार्य हेतु राज्य आपदा मोचक निधि से 13 करोड़ 21 लाख 54 हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि लाइफ जैकेट वितरण के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर 15 दिनों के भीतर वितरण का निर्णय लिया गया है।अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा लाइफ जैकेट की गुणवत्ता की जांच मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में कराई गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ते जल परिवहन और पर्यटन गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए आमजन और यात्रियों की जीवन सुरक्षा के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिलहर (शाहजहाँपुर)

पत्रांक 564/न.पा.परि.ति./2025-26 दिनांक : 24 फरवरी 2026

## प्रस्ताव आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत इच्छुक/अनुभवी गैर सरकारी संस्थाओं / एजेन्सियों को सूचित किया जाता है कि राज्य शहरी आजीविका मिशन (एस0यू0एल0एम0) राज्य नगरीय विकास अभिकरण-सूडा, उ0प्र0 के पत्रांक-5005/46/241/NULM/Teen/2001/Svanidhi (Sco.Eco.Prof) (CAMP) दिनांक 19.2.2026 के आलोक में नगर पालिका परिषद, तिलहर द्वारा तृतीय चरण में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनान्तर्गत स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत प्राप्त वेन्डर्स एवं उनके परिवार के सदस्यों की प्रोफाइलिंग कर 08 केन्द्रीय योजनाओं से लाभान्वित / लिंकेज किये जाने हेतु दिनांक 10.03.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में प्रस्ताव आमंत्रित (RFP) किये जाते हैं। प्राप्त प्रस्ताव (RFP) उसी तिथि को सायं 4.00 बजे संस्थाओं/एजेंसियों/फर्म अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेगें। उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

**नगर पालिका परिषद, तिलहर-शाहजहांपुर**



# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अ0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या

पत्रांकः– 1035/54(1)काम (सीडी–4)–अयो0अ0वृत्त दिनांक – 17.02.2026

## निविदा आमंत्रण सूचना (ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना)

उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अ0वृ0,लो0नि0वि0, अयोध्या लोक निर्माण विभाग में सेतु वर्ग में रजिस्टर्ड एवं अनुमोदित ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर आनलाईन निविदा आमंत्रित करते हैं।

स्वीकृति की प्रत्याशा में

| क0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादित करने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विधान सभा रूदौली | | | | | | | | | | |
| 1 | अयोध्या | जनपद अयोध्या में मवई चौराहा से उमापुर, दुल्लापुर, हरिहरपुर होते हुए माँ कामाख्या भवानी तक मार्ग के किमी0 7 में छोटी नहर पर स्थित जर्जर लघु सेतु के स्थान पर 3x2x2 मीटर स्पान का आरसीसी लघु सेतु का नव निर्माण कार्य | 78.00 | 5.90 | 06 माह | 2714.00 | ए,बी | अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0–4, लो0नि0वि0, अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता अयो0अ0वृ0 लो0नि0वि0 अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अ0क्षे0, लो0नि0वि0 अयोध्या |

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

1– बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी0एस0टी0 को छोडते हुये लगायी गयी है।

2– निविदा आनलाईन दिनांक 28.02.2026 से दिनांक 10.03.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 10.03.2026 को 12.30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।

3– शासनादेश संख्या 1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश मे निहित प्राविधानो के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

4– निविदा सम्बन्धी अधिक जानकारी वेब साईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच कर ली गयी है, जो सही है।

(शशि भूषण सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–4
लो0नि0वि0,अयोध्या

(ओम प्रकाश वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता,
अयो0अ0वृत्त, लो0नि0वि0
अयोध्या
For and behalf of Governor of UP

उ0प्र0 246929 दिनांक- 25.02.2026 Website: www.upgov.nic.in



# कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़, जनपद–बाराबंकी।

पत्रांक– 329/न0पं0हैदरगढ/स्वकर/2025–26 दिनांक– 25 फरवरी, 2026

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शासन, नगर विकास विभाग अनुभाग–9 के पत्र संख्या–1148/नौ–9–2024–85ज/05 टी०सी०–1 दिनांक 04 जुलाई 2024 को अधिसूचना उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 के प्रस्तर–5 में प्रत्योजित शक्ति का प्रयोग करते हुये अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत हैदरगढ, जनपद–बाराबंकी (उ०प्र०) उक्त अधिसूचना में प्राविधित उपबन्धों के अधीन मासिक किराया दर एवं कलेक्टर द्वारा निर्धारित सर्किल दर के आधार पर वर्गवार/श्रेणीवार भवन/भूमि समूह के लिये प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) हेतु न्यूनतम मासिक किराया दर निर्धारित करती है। जिस भी व्यक्ति, संस्था/गैर सरकारी संस्थान/सरकारी विभाग को निर्धारित मासिक किराया दर पर आपत्ति हो तो अधिसूचना के प्रस्तर–5 (ख) में विहित प्रक्रियाधीन 15 दिनों के अन्दर जरिये पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट पर दिनांक–10 मार्च 2026 की सांय 05:00 बजे तक अपनी आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। आपत्तियों का निस्तारण बण्डलवार/वार्डवार विनिश्चय किया जायेगा न कि आपत्तियों को या हितबद्ध व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना जायेगा। निर्धारित न्यूनतम मासिक किराया दर के आधार पर अधिरोपित होने वाला कर (भवन एवं भूमि/प्लाट) अधिसूचना की प्रस्तर–5 (2) के अनुसूची की श्रेणी में 1,2,3 एवं 4 के अनुसार कर अधिरोपित किया जायेगा। प्रस्तर 5(2) की वर्गवार की निर्धारित अनुसूची में वर्गीकृत प्रकृतिवार कर निर्धारण समझा जायेगा। प्राप्त आपत्ति को अधिसूचना के प्रस्तर (ख) के अनुसार बण्डलवार/वार्डवार दिनांक 10 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 तक कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ में समय पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 02:00 बजे के मध्य किया जायेगा। निश्चित समय के पश्चात् कोई भी आपत्ति/सुझाव स्वीकार नहीं किये जायेगें।

वार्ड वार निर्धारित मासिक किराये की सामान्य दर (प्रति वर्ग फुट)

| समस्त वार्ड एवं सम्मिलित मोहल्ले की दरें (रूपये में) | सर्किल रेट प्रति वर्ग मी. | 9 मी0 से कम चौड़े मार्ग पर | | | 9–12 मी0 तक चौड़े मार्ग पर | | | 12–24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर | | | 24 मी0 से अधिक चौड़े मार्ग पर | | | भूमि के सम्बन्ध में स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर0सी0सी0 छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | 9 मी0 | 9–12 मी0 तक | 12–24 मी0 तक | 24 मी0 तक |
| | 7500 | 0.30 | 0.25 | 0.20 | 0.70 | 0.50 | 0.30 | 1.00 | 0.75 | 0.50 | 1.50 | 1.00 | 0.75 | 0.20 | 0.25 | 0.30 | 0.35 |

• अधिसूचना के प्रस्तर–7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10% सामान्य गृहकर, 7.5% जलकल तथा 2.5% जल निकास कर आगामी वित्तीय वर्ष से प्रभावी होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत हैदरगढ़**
**बाराबंकी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत हैदरगढ़**
**बाराबंकी**



# कार्यालय नगर पालिका परिषद–सीतापुर

पत्रांक – 1936/स्वा0अनु0/2025–26 दिनांक– 23.02.2026

## अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

## रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में **राज्य वित्त आयोग/परिषद निधि** के अन्तर्गत 20 वार्डों हेतु डोर–टू–डोर कलेक्शन कराये जाने हेतु ई–निविदा निम्नलिखित तिथियों में http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है :–

| अपलोड करने की तिथि व समय | अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 26.02.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से | दिनांक 06.03.2026 समय अपरान्ह 5:00 बजे तक | दिनांक 07.03.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |

नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ–साथ http://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी–1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

# केशव ने वैश्विक कंपनियों से निवेश और उन्नत प्रौद्योगिकी सहयोग पर की वार्ता



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के दृष्टिकोण तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने की मंशा के अनुरूप जर्मनी प्रवास पर गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार के साथ अग्रणी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण बैठकें कीं।उप मुख्यमंत्री ने जापान की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ उन्नत सेंसर प्रौद्योगिकी, स्वायत्त प्लेटफॉर्म और स्मार्ट अवसंरचना से जुड़े विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में उत्तर प्रदेश में प्रोटोटाइप निर्माण और उन्नत विनिर्माण इकाई स्थापित करने की संभावनाओं, वाहन एवं विद्युत वाहन क्षेत्र के लिए स्मार्ट सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली निर्माण, स्मार्ट सिटी और डिजिटल अवसंरचना परियोजनाओं में सहभागिता तथा अनुसंधान एवं नवाचार आधारित सहयोग मॉडल पर गंभीर चर्चा हुई। कंपनी ने प्रदेश में अपनी निर्माण गतिविधियां स्थापित करने में गहरी रुचि दिखाई।इसके अलावा जर्मनी की एक अग्रणी ड्रोन निर्माण कंपनी के साथ तकनीक हस्तांतरण, संभावित निवेश मॉडल और उत्तर प्रदेश में उन्नत ड्रोन विनिर्माण एवं अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के अवसरों पर विमर्श हुआ। बैठक में रक्षा और नागरिक उपयोग के लिए अत्याधुनिक प्रणाली के विकास, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत औद्योगिक सहयोग तथा अनुसंधान और कौशल विकास में साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक संवाद हुआ। कंपनी ने अपने एकीकृत बहु-क्षेत्रीय ड्रोन तंत्र और रक्षा व नागरिक उपयोग के प्रमुख अनुप्रयोगों का प्रस्तुतीकरण भी किया।इसी क्रम में अन्य वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ दूरसंचार, डिजिटल अवसंरचना, रक्षा सहयोग, तकनीक हस्तांतरण और उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्नत संचार नेटवर्क, सुरक्षित कनेक्टिविटी, स्मार्ट अवसंरचना, आधुनिक सेंसर और एवियोनिक्स प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली तथा परीक्षण एवं उत्पादन केंद्र की स्थापना पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर, मजबूत औद्योगिक आधारभूत संरचना और निवेश अनुकूल नीतियों की सराहना करते हुए दीर्घकालिक साझेदारी में रुचि व्यक्त की।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर और पारदर्शी औद्योगिक नीतियां निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से त्वरित स्वीकृतियां और हर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## होली पर पत्रकारों को मिला बीमा सुरक्षा का उपहार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत अपने सदस्यों की सुरक्षा और कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। होली के पावन पर्व के अवसर पर, संगठन ने अपने सभी सदस्यों को दुर्घटना और ट्रैवल बीमा की सौगात दी है। बुधवार को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से इस बीमा प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक सिंह और महासचिव वसीम रज़ा ने बताया कि पत्रकारों को फील्ड में काम के दौरान कई जोखिमों का सामना करना पड़ता है। उनके जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पहले चरण में सदस्यों का बीमा कराना शुरू कर दिया गया है। इंडिया पोस्ट बैंक के ब्रांच मैनेजर अभिषेक शर्मा ने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमा दुर्घटना की स्थिति में और यात्रा बीमा, यात्रा के दौरान होने वाले नुकसान की भी भरपाई करेगा।

# इनामिया हिस्ट्रीशीटर मुठभेड़ में घायल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जिले की रानी की सराय पुलिस ने 50 हजार रूपये का इनामिया हिस्ट्रीशीटर शातिर गोतस्कर नसीम पुत्र दिलशेर निवासी ग्राम कोटीला थाना रानी की सराय के साथ पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार हुआ है, पुलिस ने 01 देशी तमंचा .315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा मिस कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस व 01 मोटरसाइकिल बरामद किया है, दिनांक 24.02.2026 को थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह मय हमराह व उ0नि0 हैदर अली मंसूरी मय हमराह चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की तलाश एवं वांछित अभियुक्त/वारण्टी की तलाश में ऊंची गोदाम में मौजूद थे, कि थाने कि द्वितीय मोबाईल से उ0नि0 सूरज तिवारी मय हमराह आ गये कि मुखबिर खास ने आकर सूचना दिया कि शातिर पशु तस्कर मोटर साइकिल से सोनवारा से बड़ैला ताल की ओर जा रहे है, जिनके पास अवैध हथियार भी है। इस सुचना पर मौजूद समस्त पुलिस बल छैला इनार तिराहे पर पहुंच कर आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन की चेकिंग करने लगे कि 01 मोटरसाइकिल से 03 व्यक्ति सोनवारा की तरफ से आते दिखाई दिये। मोटरसाइकिल सवार अपराधी करीब पहुंचे ही थे कि पुलिस बल को देखकर अपनी मोटरसाइकिल मोड़कर तेजी से बड़ैला ताल जाने वाले मार्ग की ओर भागने का प्रयास किये, परन्तु असंतुलित होकर गिर गये, और खुद को पुलिस बल से घिरता देखकर पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगे, पुलिस बल द्वारा आत्मसमर्पण करने की पर्याप्त चेतावनी के पश्चात आत्मरक्षार्थ नियंत्रित फायरिंग की गयी, जिसमे 01 बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी तथा 02 बदमाश अंधेरे मे सरसो की फसल का फायदा उठाकर भाग गये, घायल बदमाश की पहचान नसीम पुत्र दिलशेर निवासी ग्राम कोटीला थाना रानी की सराय उम्र करीब 40 वर्ष के रुप मे हुई है, पूछताछ में घायल अपराधी नसीम उर्फ लम्बू ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ आजमगढ व आस पास के जिलो में चोरी व पशुतस्करी तस्करी जैसी कई घटनाएं कारित कर चुका है, आज पुनः इस रास्ते पर चोरी व पशु तस्करी के इरादे से घूम रहे थे कि पुलिस बल को देखकर घबरा गया और फायर कर भागने की फिराक में था, इसके अलावा फरार अभियुक्तों में वसीम पुत्र दिलशेर निवासी ग्राम कोटिला थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ व भुटेली उर्फ करिया पुत्र इल्ताफ निवासी ग्राम कोटिला थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ शामिल है।

# देवर पर मारपीट व जान से मारने का लगा आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पिपराइच थाना क्षेत्र की एक विधवा महिला ने अपने देवर पर मारपीट, उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। महिला ने मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। महिला ने थानाध्यक्ष पिपराइच को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने दो बेटों के साथ किसी तरह जीवन यापन कर रही है। इसी बीच उसके देवर विनीत सिंह निवासी ग्राम करमहां, थाना चौरी चौरा से किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच मुकदमेबाजी भी शुरू हो गई, जिसमें देवर द्वारा गलत तरीके से फंसाने और दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। महिला का आरोप है कि 17 फरवरी 2026 को लगभग सुबह 8 बजे उसके घर बिछिया (बिचपुर) में रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद खड़ा किया गया।

## स्मार्ट मीटर पखवाड़ा सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा 9 से 23 फरवरी तक चलाया गया स्मार्ट मीटर पखवाड़ा सफलतापूर्वक समाप्त हो गया। लखनऊ सहित बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत में उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाया गया, जहां हजारों लोगों ने स्मार्ट मीटर से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को मोबाइल में यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप इंस्टॉल कर रियल टाइम खपत, ऑनलाइन रिचार्ज और शिकायत सुविधा की जानकारी दी गई। विभाग ने स्मार्ट मीटर को पारदर्शी बिलिंग और ऊर्जा बचत में सहायक बताया।

**कामकाजी महिलाओं को योगी सरकार का बड़ा उपहार, मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना के तहत**

# गोरखपुर में 47.38 करोड़ की लागत से बनेगा महिला छात्रावास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो। लखनऊ।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में सतत अग्रसर प्रदेश की योगी सरकार ने कामकाजी महिलाओं को बड़ा उपहार दिया है। सरकार गोरखपुर में एक और कामकाजी महिला छात्रावास (वर्किंग वुमेन हॉस्टल) बनवाने जा रही है। 75 बेड की क्षमता का एक हॉस्टल का निर्माण नगर निगम की तरफ से मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनवाया जा रहा है। दूसरा वर्किंग वुमेन हॉस्टल मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना के तहत बनेगा। 500 बेड की क्षमता के इस हॉस्टल के निर्माण पर 47.38 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

जिलाधिकारी दीपक मीणा बताते हैं कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग की तरफ से बनने वाले 500 बेडेड वर्किंग वुमेन

- **500 बेड की होगी क्षमता, मार्च माह में सीएम योगी के हाथों हो सकता है शिलान्यास**
- **मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत नगर निगम पहले से बनवा रहा 75 बेड की क्षमता का वर्किंग वुमेन हॉस्टल**

हॉस्टल के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, गोरखपुर इकाई को नामित किया गया है। इसकी



निविदा 28 जनवरी को प्रकाशित की गई है, तकनीकी बिड 6 मार्च को खोली जाएगी। टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद इसका शिलान्यास मार्च माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराने की भी तैयारी की जा रही है। इस हॉस्टल का निर्माण चरगांवा ब्लॉक परिसर से सटे 6,640 वर्ग मीटर जमीन पर किया जाएगा। महिला कल्याण अनुभाग-3 की तरफ से स्वीकृत धनराशि 47 करोड़ 38 लाख 47 हजार रुपये में से प्रथम किस्त के रूप में 16 करोड़ 58 लाख 46 हजार रुपये अवमुक्त कर दिए गए हैं।

राजकीय निर्माण निगम द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार वर्किंग वुमेन हॉस्टल की बिल्डिंग में स्टिल्ट पार्किंग रहेगी। उसके ऊपर आठ मंजिला भवन बनाया जाएगा। इस भवन में सिंगल बेड, डबल बेल और ट्रिपल बेड क्षमता के 250 कक्ष बनाए जाएंगे। यहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा होगी और परिसर में हॉर्टिकल्चर कार्य भी कराए जाएंगे। छात्रावास में आधुनिक सुविधाएं होंगी। इनमें सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी सिस्टम और शिशु सदन शामिल हैं। साथ ही जिम सेंटर, ऑडिटोरियम, लॉन्ड्री, वाहन पार्किंग, कैंटीन और डिपार्टमेंटल स्टोर भी होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगम की तरफ से एक वर्किंग वुमेन हॉस्टल पहले से निर्माणाधीन है। सहारा इस्टेट के समीप बन रहे 75 बेडेड इस हॉस्टल के निर्माण पर 18.08 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री इस हॉस्टल का नामकरण लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में करने की घोषणा कर चुके हैं। इसका करीब 40 फीसद निर्माण हो चुका है और जून 2027 तक इसके बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है।



लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय कैंपस में अपनी मांगों को लेकर गेट बंद कर प्रदर्शन करते छात्र।

# एसटीएफ ने 'मुन्ना भाई' को यूपी बोर्ड का एग्जाम देते हुए किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (स्ञ्जस्न) की बड़ी कार्रवाई सामने आई है. इस बार स्ञ्जस्न ने किसी बड़े अपराधी को गिरफ्तार या फिर उसका एनकाउंटर नहीं, बल्कि 'मुन्ना भाई' को यूपी बोर्ड का एग्जाम देते हुए पकड़ा है. इतना ही नहीं, स्ञ्जस्न के प्रिंसिपल को भी गिरफ्तार किया है, जिसने बगैर बायोमेट्रिक जांच के ही आरोपी को एग्जाम हाल में बैठने में मदद की थी. इस घटना ने परीक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। दरअसल, यह पूरा मामला यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट एग्जाम का है, जिसको लेकर जिला प्रशासन और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी जरूरी तैयारी पूरी करने का दावा किया गया था. इतना ही नहीं परीक्षाओं में किसी भी तरह की नकल या फिर प्रॉक्सी छात्रों का एंट्री ना हो इसके लिए भी स्कूलों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के साथ जिलाधिकारी ने बैठक कर कड़े निर्देश दिए गए थे, लेकिन गाजीपुर में जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देश को ताक पर रखकर सोमवार को अंग्रेजी की परीक्षा देने के लिए एक स्कूल में प्रॉक्सी छात्र यानी 'मुन्ना भाई' पहुंच गया।

इतना ही नहीं, वह प्रिंसिपल की मिलीभगत से परीक्षा भी देने लगा था. हालांकि, इस बात की जानकारी वाराणसी एसटीएफ की टीम को हो चुकी थी. एसटीएफ की टीम ने अचानक से गाजीपुर के दुल्लहपुर के बहलोलपुर गांव में स्थित भगेलु दास इंटर कॉलेज मेंछापेमारी कर दी. इस दौरान पुलिस ने शिवम नाम के युवक को दूसरे युवक की जगह एग्जाम देते हुए रंगों हाथों पकड़ लिया. जांच में पता चला कि स्कूल के प्रिंसिपल ने आरोपी युवक को बगैर बायोमेट्रिक के एंट्री दिलाई गई थी। इतना ही नहीं, अब तक वह दो एग्जाम भी दे चुका था. स्ञ्जस्न अपने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि साल्वर शिवम यादव और प्रधानाचार्य विंध्याचल यादव के पास से दो मोबाइल, एक आधार कार्ड, एक ओएमआर शीट और उत्तर पुस्तिका बरामद हुई है।




एपीसेन मेमोरियल गर्ल्स महाविद्यालय का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुस्तक का विमोचन करते आनंद कुमार सिंह साथ में प्रधानाचार्य प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव

# ठगी के शिकार युवक का वापस मिला पैसा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** थाना चिलुआताल पुलिस ने ऑनलाइन साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित को बड़ी राहत दिलाते हुए उसके खाते में 29,882.40 रुपये वापस कराए हैं। साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत की गई त्वरित कार्रवाई से यह सफलता मिली। पीड़ित ने थाना चिलुआताल में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसे एक साइबर अपराधी ने फोन कर झांसा दिया कि उसका भाई, जो विदेश में रहता है, गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे छुड़ाने के लिए तत्काल 30,000 भेजने होंगे। भाई की सुरक्षा को लेकर चिंतित पीड़ित ने विश्वास कर बताए गए खाते में 30,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है। मामले की सूचना मिलते ही थाना चिलुआताल की साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और संबंधित खाते को होल्ड कराया। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर पीड़ित के खाते में कुल 29,882.40 (उनतीस हजार आठ सौ बयासी रुपये चालीस पैसे) वापस करा दिए गए। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, मैसेज या सोशल मीडिया संदेश पर बिना सत्यापन के पैसे ट्रांसफर न करें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

## पोते ने दादा के सिर पर धारदार हथियार से किया हमला, मौत

**स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के हेतिमपुर गांव में बुधवार की सुबह करीब 9:30 बजे एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 25 वर्षीय युवक ने रिश्ते में दादा लगने वाले 65 वर्षीय वृद्ध की धारदार हथियार से पीछे से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिनकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हेतिमपुर गांव निवासी 25 वर्षीय शिवा बिंद के सगे दादा स्व. सुदर्शन बिंद के भाई राजमिस्त्री अवधेश बिंद बुधवार की सुबह गांव में ही अपने पट्टीदार विद्याशंकर के यहां छत पर ईंट जोड़ने का कार्य कर रहे थे। इसी बीच शिवा वहां पहुंचा और उनसे कुछ बातचीत करने लगा। फिर अचानक किसी धारदार हथियार से काम कर रहे दादा अवधेश के सिर के पीछे वार कर दिया। जिससे वह नीचे गिर पड़े। वहीं शिवा मौके से फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर परिजन छत पर पहुंचे तो अवधेश को लहूलुहान हालत में देखकर सन्न हो गए और तुरंत उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने इलाज कर हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कालेज गाजीपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अवधेश बिंद की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ कर हत्यारोपी शिवा की तलाश में जुट गई। शिवा के पिता कुद्दन बिंद ने बताया कि वह भी मृतक के साथ ही ईंट जोड़ रहे थे और घटना से 5 मिनट पहले ही वह कुछ काम से वापस घर चले गए थे, इसी दौरान उसके पुत्र शिवा ने इस जघन्य वारदात को अंजाम दे दिया।

# मण्डलायुक्त ने पीएम सूर्य योजना की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की माह जनवरी 2026 की शासन स्तर से जारी ग्रेडिंग/रैंकिंग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मण्डलायुक्त ने पीएम सूर्य योजना की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों को जागरूक करते हुए योजनान्तर्गत अधिक से अधिक आवेदन कराने के निर्देश दिये। उन्होने सड़क निर्माण में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करते हुए ग्रेडिंग/रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिये।



छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त महोदय ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्परता से कार्रवाई करते हुए रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि स्कूल स्तर पर लम्बित आवेदनों को अग्रसारित कराने के लिए संबंधित स्कूलों को निर्देशित करें। उन्होंने समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण के मंडलीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को दशमोत्तर छात्रवृत्ति में विशेष ध्यान दें, जिससे कि रैंकिंग एवं ग्रेडिंग और सुधार हो सके। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी बलिया बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि बैंक स्तर पर लम्बित आवेदनों को यथाशीघ्र निस्तारित करते हुए अधिक से अधिक पात्र युवाओं को ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होने कहा कि सीएम युवा मा0 मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है, इसलिए इसमें रूचि लेकर तत्परता से कार्य करते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। दैनिक विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि मानक के अनुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युति आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि यदि कहीं से भी ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत प्राप्त होती है तो निर्धारित अवधि में ट्रांसफार्मर बदलना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिया कि विद्युत बिल में गड़बड़ी की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए उसमें सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। स्कूलों के ऊपर से गये हाईटेंशन तार को हटाने के लिए विद्युत विभाग को धनराशि भेजे जाने के बाद भी तार नही हटाये जाने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर स्कूलों के ऊपर से गये हाईटेंशन तार को हटाने की कार्यवाही जल्द से जल्द सुनिश्चित करायें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत पंजीकृत किसानों के सापेक्ष दावा करने वाले किसानों का फसल बीमा का लाभ नियमानुसार दिया जाए। इसके साथ ही मण्डलायुक्त ने फसल बीमा योजनान्तर्गत किये गये क्लेम के सापेक्ष कितने किसानों को लाभ दिया गया, इसके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा किसानों को जागरूक किया जाए। इसके साथ ही कार्यों में अपेक्षित सुधार करने हेतु बार-बार निर्देश देने के बाद भी कार्यों में सुधार होने पर मण्डलायुक्त ने उप कृषि निदेशक आजमगढ़ का स्पष्टीकरण लेते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिये। बैठक में उप कृषि निदेशक, बलिया बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों में मनरेगा से बाउण्ड्रीवाल, नाली निर्माण आदि का निर्माण करायें। इसके साथ ही मण्डलायुक्त द्वारा डे एनआरएलएम, सड़क निर्माण, 15वां वित्त आयोग, कन्या विवाह, महिला कल्याण एवं बाल विकास, ओडीओपी टूल किट वितरण योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, सेतुओं का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, आईसीडीएस, कन्या सुमंगला योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी आजमगढ़ श्री रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी बलिया श्री मंगला प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी मऊ श्री प्रवीण मिश्र, अपर आयुक्त मण्डल आजमगढ़ मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ श्री परीक्षित खटाना, मुख्य विकास अधिकारी मऊ श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव,एवं अन्य सभी विभागों के मंडलीय अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया, भाटपार रानी विधायक सभाकुंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी, एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि राजू मणि, एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी के प्रतिनिधि अवधेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन, मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने ग्राम विकास विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूह गठन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), 15वें वित्त आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायत कार्य, ऑपरेशन कायाकल्प, जल जीवन मिशन, गौ संरक्षण, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पीएम कुसुम योजना की प्रगति की समीक्षा की।

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉकवार जलापूर्ति एवं संचालित योजनाओं की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का सुझाव दिया, जिस पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन एवं पूर्ण सड़कों का विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया। विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं अन्य आधारभूत संरचना कार्यों की भी प्रगति जानी गई।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नाम परिवर्तन

नाम एक पहचान है। जितना पुराना नाम, उतनी पुख्ता पहचान। हर नाम किसी कारण को अपने साथ जोड़ता है। पिछले कुछ दशकों से नाम परिवर्तन केंद्र और राज्य सरकारों की नीति में शामिल हो गया है। कहीं राज्यों के नाम बदले तो कहीं उनकी राजधानियों के। इसके अलावा शहरों, कस्बों और गांवों के नाम बदल कर उन्हें नई पहचान दी गई। इसकी कड़ी में ताज़ा कदम केरल को 'केरलम' (नारियल के पेड़ों की भूमि) किया जाना है। हालांकि दक्षिण भारत में किसी राज्य के नाम परिवर्तन का यह पहला उदाहरण भी नहीं है। पूर्व में मद्रास को तमिलनाडु और पांडिचेरी को पुडुचेरी नाम दिए जा चुके हैं। हर नए नामकरण को संस्कृति, विरासत, इतिहास, स्थानीय परंपरा के संरक्षण के साथ जोड़ा जाता है। लेकिन अब सरकारों के निर्णयों में राजनीतिक निहितार्थों से भी इंकार नहीं किया जा सकता। पिछले कुछ सालों के दौरान केरल के प्रमुख शहरों के नाम भी बदले गए हैं। राज्य में जल्दी ही विधानसभा चुनाव होने हैं। इस बार यह घमासान काफी पैना होगा क्योंकि यहां इस समय देश में अकेली सबसे मजबूत वाम सरकार है जो अपना वजूद बनाए रखने के लिए की जान लगाए हैं तो भाजपा हर हर में अपनी प्रभावी उपस्थिति की दर्ज कराना चाहती है। इसी कड़ी में नाम परिवर्तन का दांव भी है जिसकी मांग काफी पहले से चल रही थी। राज्य की विजयन सरकार ने पहल करते हुए 24 जून 2024 को ही विधानसभा में प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेज दिया था। वह अभी तक तो लंबित पड़ा था लेकिन अब चुनाव के ठीक पहले प्रस्ताव को मंजूरी देकर केंद्र ने श्रेय लेने का पैसा फेंका है। राजनीतिक रूप से ऐसे निर्णय स्थानीय लोगों की पहचान और परंपरा के नाम पर एकजुट करने के प्रयास के अलावा कुछ नहीं हैं। राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण में पिछले दिनों ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा की जगह स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी (राजाजी) की मूर्ति लगाना भी केरल के लोगों की भावनाओं को मोड़ने ने का ही प्रयास है। इस तरह वे सारी कवायदें राज्य में सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और सत्ता की आकांक्षी भाजपा के बीच चुनावी रस्साकशी की शुरुआत हैं। आने वाले दिनों में यह देखना रोचक हुआ कि जनसमर्थन जुटाने के लिए चुनावी रेवड़ियों सहित और क्या-क्या कदम दोनों खेमों की ओर से उठाए जाते हैं और देश के इस सर्वाधिक साक्षर राज्य में इनका किस हद तक असर पड़ता है।

## मिलावट की 'बहार'

होली की मस्ती आने में करीब छह दिन रह गए हैं लेकिन मस्ती के लिए मूड तैयार होना शुरू हो गया है। अबीर-गुलाल लगाने और रंगों से नहलाने के मंसूबे बातें जा रहे हैं। इसके लिए पिचकारियों और रंगों की फुहार करने वाली गन की खास तौर पर खरीदारी हो रही है। बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है। होली की दूसरी विशेष तैयारी खाने-पीने को लेकर होती है। तो इसके बाजार ने भी रफ्तार पकड़ ली है। कहीं घरों में व्यंजन पकवान बन रहे हैं तो कहीं बाजार से खरीदे जा रहे हैं। लेकिन बाजार का नाम आ गया तो यही ठिठकना भी पड़ता है। वजह है मिलावट। अभी तक खाने-पीने की गिनती की वस्तुओं में मिलावट होती रही। लेकिन अब सोचना जरूरी है कि कौन सा सामान शुद्धता के साथ मिल सकता है। दूध, खोआ, पनीर और मसाले में बड़े पैमाने पर मिलावट का सिलसिला अब चाय पत्ती तक पहुंच गया है। इसमें कड़क चाय पत्ती के नाम पर मिलावटी चाय पत्ती बिक रही है। महाराष्ट्र से लाई गई चाय पत्ती में हानिकारक रासायनिक रंगों की मिलावट है। जब चाय की पत्ती तक सही नहीं है तो त्योहार में दूध, खोआ और पनीर का शुद्ध होना तो शायद नामुमकिन है। ताज्जुब की बात यह भी है कि यह सब छोटे-छोटे स्तर पर नहीं बल्कि अन्य जनपदों और प्रांतों से कुंतलों और टनों में मिलावटी सामान लाकर हो रहा है। अभी तक इन मिलावटखोरों के खिलाफ गिनी चुनी कार्रवाई, वह भी त्योहारों की गहमागहमी के दौरान ही चलती थी जिसका कोई खास खौफ नहीं रहता है। इसीलिए एक तरफ कुछेक दुकानों पर छापे पड़ते हैं तो दूसरी तरफ मिलावटी माल की बिक्री भी धड़ल्ले से जारी रहती है। लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की सक्रियता पिछले कुछ समय से बढ़ी है जो अच्छा संकेत है। हालांकि बाजार अभी मिलावटी सामान से मुक्त नहीं हो पाया है। आज भी जब पूरी तैयारी से छापे पड़ते हैं तो कुंतलों में मिलावटी सामान बरामद होता है और उनके मालिक मौके से फौरन भाग लेते हैं। जरूरत यह है कि ऐसे छापे बढ़ाए जाएं और मिलावट का सबूत जल्द हासिल कर मिलावटखोरों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए। आखिरकार यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ही तो है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**केरल नहीं,अब केरलम कहिये-प्रधानमंत्री मोदी**
केरलम कहने से तटीय तूफान भी नहीं आयेंगे!

**जान बचाने से बड़ा कुछ नहीं-मद्रास हाईकोर्ट**
सबसे पहले वीर सावरकर ने इसे साबित किया!

**अब पश्चिम बंगाल चुनाव पर मंथन करेगा संघ**
याद रखें कि संघ एक अराजनीतिक संगठन है!

**युद्ध का फैसला राजनीतिक होता है-राहुल गांधी**
भाजपा ने तमाम चुनाव युद्धों पर लड़े ,जीते हैं!

**अविमुक्तेश्वरानंद ने दी अग्रिम जमानत याचिका**
गौरक्षा की अपील बढ़ते बढ़ते आत्मरक्षा पर आयी!

**वैज्ञानिक समझ नहीं पा रहे कर्लिंगस्टोन की चाल**
भाजपाई ममता की चाल समझने में हलाकान!

♦♦♦

# 16वां वित्त आयोग : समर्थ राज्यों को प्रोत्साहन

**- अजित रानाडे**

भारत का राजकोषीय संघवाद दिखने में सरल एक समझौते पर चलता है. संघ व्यापक करों का अधिकांश हिस्सा एकत्र करता है, जबकि राज्य आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं, स्कूल, अस्पताल, पुलिसिंग, स्थानीय सड़कें, जलापूर्ति और बहुत कुछ की अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी निभाते हैं. कर राजस्व और व्यय दायित्वों में मेल नहीं है. राज्यों पर लगभग दो-तिहाई व्यय दायित्व हैं, पर केवल एक-तिहाई राजस्व पर उनका नियंत्रण है. इसलिए संविधान ने एक निष्पक्ष मध्यस्थ, वित्त आयोग का प्रावधान किया, जो समय-समय पर यह अनुशंसा करता है कि केंद्रीय करों के बांटे जाने वाले हिस्से को संघ और राज्यों के बीच तथा राज्य बनाम राज्य के बीच कैसे बांटा जाये।

वित्त आयोग का पुनर्गठन हर पांच वर्ष में किया जाता है, ताकि विभाजन का फॉर्मूला हमेशा के लिए स्थिर रहने के बजाय बदलती वास्तविकताओं के अनुरूप ढल सके. आयोग का मुख्य कार्य अनुच्छेद 280 से आता है और सिफारिशों का कार्यान्वयन अनुच्छेद 281 से. व्यवहार में वित्त आयोग के निर्णय भारतीय संघवाद के वित्तीय 'ऑपरेटिंग सिस्टम' बन जाते हैं. वे राज्यों को मिलने वाली मासिक नकदी, कल्याणकारी और पूंजीगत खर्च के लिए उनके बजट की जगह, और उनकी उधार लेने की क्षमता को भी प्रभावित करते हैं. अब जब 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट को केंद्र सरकार ने स्वीकार कर संसद के समक्ष पेश कर दिया है, नया फॉर्मूला 2026-31 की अवधि में केंद्र-राज्य राजकोषीय संबंधों को आकार देगा. मुख्य प्रश्न 'किसे कितना मिलेगा' का नहीं है, बल्कि यह भी है कि यह व्यवस्था किस प्रकार के प्रोत्साहन पैदा करती है- खासकर ऐसे संघीय ढांचे में जहां समृद्धि और राजनीतिक शक्ति असमान रूप से वितरित हैं. पिछले आयोग की तरह 16वें वित्त आयोग ने विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी 41 फीसदी पर बरकरार रखी है. बाईस राज्यों की मांग थी कि राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 फीसदी की जाये. यह उनकी उस शिकायत के कारण था, जो केंद्र द्वारा 'सेस' और 'सरचार्ज' पर बढ़ती निर्भरता से जुड़ी है, जो आम तौर पर विभाज्य पूल से बाहर होते हैं, इसलिए साझा नहीं किये जाते. चूंकि विभाज्य पूल का कुल आकार 16वें वित्त आयोग की अवधि में 55 ट्रिलियन से करीब दोगुना होकर 90 ट्रिलियन रुपये हो जायेगा, इसलिए राज्यों के पास काफी अधिक संसाधन होंगे. पर अगर केंद्र गैर-साझा लेवी का विस्तार जारी रखता है, तो यह 41 प्रतिशत हकीकत में आंकड़ों से कम महसूस हो सकता है। सोलहवें वित्त आयोग का सबसे चौंकाने वाला नवाचार क्षैतिज (राज्यों के बीच) वितरण में है - इसने 10 फीसदी वेटेज के साथ 'राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में योगदान' को एक मानदंड के रूप में पेश किया है. आयोग ने अन्य जगहों पर वेटेज कम कर ऐसा किया है. यह उन राज्यों के लिए पुरस्कार है, जो राष्ट्रीय उत्पादन में अधिक योगदान देते हैं. यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे ट्रांसफर की नैतिक भाषा बदलती है. दशकों तक प्रमुख तर्क यह रहा कि आय और क्षमता में भिन्नताओं के बावजूद राज्यों को तुलनीय बुनियादी सेवाएं प्रदान करने में मदद करना और संरचनात्मक कमियों की भरपाई करना. पर नया जीडीपी-योगदान मानदंड कहता है कि प्रदर्शन और योगदान भी मायने रखते हैं. संवैधानिक रूप से आयोग का दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि साझा करों का न्यायसंगत वितरण हो, ताकि विभिन्न स्तर की सरकारें संविधान द्वारा सौंपे गये दायित्व निभा सकें. 'जीडीपी में योगदान' जोड़ना असंवैधानिक नहीं है. पर कर वितरण का प्रमुख उद्देश्य क्या होना चाहिए? जीडीपी-योगदान का प्रावधान राजस्व-असमर्थता के तर्क से टकरा सकता है. सभी राज्य समान स्थिति में नहीं हैं. समृद्ध राज्य के पास बेहतर ढांचागत सुविधा और संस्थान होते हैं, जिससे वह 'प्रदर्शन प्रोत्साहनों' का लाभ आसानी से उठा सकता है, जबकि एक गरीब राज्य इच्छाशक्ति होने पर भी शीघ्र प्रतिक्रिया देने में सक्षम नहीं हो सकता. इससे विषमता बढ़ सकती है।

अतः 'योगदान' को पुरस्कृत करना लाभों को स्थायी बना सकता है, जब तक कि पिछड़े राज्यों में क्षमता और मानव पूंजी में निवेश द्वारा संतुलन न किया जाये. इसके तीन संभावित असर हो सकते हैं. पहला, बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य खुद को कम दंडित महसूस करेंगे. इससे दक्षिण और पश्चिम के कुछ हिस्सों में नाराजगी कम हो सकती है, जहां तर्क यह रहा है कि हम अधिक योगदान देते हैं, फिर भी हमारी हिस्सेदारी घटती रहती है. दूसरा, पिछड़े राज्यों को मिलने वाली राहत कम हो सकती है. यदि उनमें यह आशंका पैदा हो कि भविष्य के आयोग प्रदर्शन के हिस्से को लगातार बढ़ायेंगे, तो वे विशेष पैकेज, केंद्र प्रायोजित योजनाओं या विवेकाधीन अनुदानों आदि के लिए अधिक दबाव डाल सकते हैं. तीसरा, बातचीत 'जरूरत' से हटकर 'योग्यता' की ओर मुड़ सकती है. यह राजनीतिक रूप से शक्तिशाली और सहकारी संघवाद के लिए जोखिम भरा है, क्योंकि गरीब क्षेत्रों को लगेगा कि व्यवस्था अब सुरक्षा कवच प्रदान नहीं करती. कथित उत्तर-दक्षिण तनाव कम होगा या नहीं, यह अन्य राजनीतिक और जनसांख्यिकीय कारकों पर निर्भर करेगा. राजनीतिक शक्ति का केंद्र-उत्तर और पूर्व में है, जबकि आर्थिक भार अधिक दक्षिण में है. यह संरचनात्मक असंतुलन केवल 16वें वित्त आयोग से दूर नहीं होगा. पर संवेदनशीलताओं को देखते हुए फॉर्मूले में कोई भी बदलाव व्यापक चिंता का कारण बन जायेगा. इसके अतिरिक्त, आगामी वित्त वर्ष के लिए रिजर्व बैंक से 3.1 लाख करोड़ रुपये का अधिशेष हस्तांतरण बजट में शामिल है, जो संघ के राजस्व का लगभग 10 फीसदी है. इसे भी राज्यों से साझा नहीं किया जाता।




सोलहवें वित्त आयोग को 'निरंतरता में परिवर्तन' कहा जा सकता है = वर्टिकल शेयर में स्थिरता, लेकिन हॉरिजेंटल फॉर्मूला में सार्थक संकेत. यह भारत के राजकोषीय संघवाद को शुद्ध 'गैप फिलिंग नैरेटिव' से हटाकर एक मिश्रित मॉडल की ओर ले जाता है. कुछ हद तक यह संघ और राज्यों के बीच राजकोषीय सौदेबाजी को स्थायी राजनीतिक खींचतान बनने से रोकता है. किंतु इसकी वैधता निष्पक्ष और पारदर्शी नियमों पर निर्भर करती है, न कि गैर-साझा करों के माध्यम से अप्रत्यक्ष उपायों को प्रोत्साहित करने पर. भारत को एक विश्वसनीय समानिकीकरण प्रणाली की जरूरत है, ताकि हर नागरिक को जन्मस्थान की परवाह किये बिना न्यूनतम गुणवत्ता की सार्वजनिक सेवाएं मिल सकें, और साथ ही ऐसी प्रशासनिक संस्कृति की भी, जो गरीब राज्यों को स्थायी निर्भरता में फंसाये बगैर वृद्धि, सुधार और राजस्व प्रयास को पुरस्कृत करे।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### षष्ठम् अध्याय

**(गतांक से आगे)**

(जो शुद्ध आचरणवाले हैं, वही श्रीमान् हैं।)

अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् ।
एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम् ।।42।।

अथवा वहाँ जन्म न मिलने पर भी स्थिरवृद्धि योगियों के कुल में यह प्रवेश पा जाता है। श्रीमानों के घर में पवित्र संस्कार बचपन से ही मिलने लगते हैं; किन्तु वहाँ जन्म न हो पाने पर वह योगियों के कुल में (घर में नहीं) शिष्य-परम्परा में प्रवेश पा जाता है। कबीर, तुलसी, रैदास, बाल्मीकि इत्यादि को शुद्ध आचरण और श्रीमानों का घर नहीं, योगियों के कुल में प्रवेश मिला। सद्गुरु के कुल में संस्कारों का परिवर्तन भी एक जन्म है और ऐसा जन्म संसार में निःसन्देह अतिदुर्लभ है। योगियों के यहाँ जन्म का अर्थ उनके शरीर से पुत्ररूप में उत्पन्न होना नहीं है। गृहत्याग से पूर्व पैदा होनेवाले लड़के मोहवश महापुरुष को भले ही पिता मानते रहें; किन्तु महापुरुष के लिये घरवालों के नाम पर कोई नहीं होता। जो शिष्य उनकी मर्यादाओं का अनुष्ठान करते हैं, उनका महत्त्व लड़कों से कई गुना अधिक मानते हैं। वही उनके सच्चे पुत्र हैं।

जो योग के संस्कारों से युक्त नहीं हैं, उन्हें महापुरुष नहीं अपनाते। 'पूज्य महाराज जी' यदि साधु बनाते तो हजारों विरक्त उनके शिष्य होते। किन्तु उन्होंने किसी को किराया-भाड़ा देकर, किसी के घर सूचना भेजकर, पत्र भेजकर, समझा-बुझाकर सबको उनके घर लौटा दिया। बहुत लोग हठ करने लगे तो उन्हें अपशकुन हो। भीतर से मना हो कि इसमें साधु बनने का एक भी लक्षण नहीं है। इसे रखने में भलाई नहीं है, यह पार नहीं होगा। निराश होकर दो-एक ने पहाड़ से गिरकर अपनी जान भी दे दी; किन्तु महाराज जी ने उन्हें अपने यहाँ नहीं रखा। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।**
**प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते॥**

मनुष्य सर्वश्रेष्ठ या उत्तम तभी बनता है जब उसके गुण उत्तम होते हैं । किसी भी व्यक्ति को उसके पद के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नहीं माना जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कौआ महल के शिखर पर बैठकर गरुड नहीं बन जाता।

♦♦♦

# नफ़रत के सौदागरों को शांतिप्रिय जनता का जवाब

देश में धर्म व जाति के नाम पर नफ़रत परोसने का जो एक नियोजित षड़यंत्र रचा गया है और नाकारे नेताओं, सत्ता व मीडिया द्वारा देश को नफ़रत की आग में झोकने का जो दुष्प्रयास किया जा रहा है, ऐसा



**-निर्मल रानी**

लगता है कि इन निखट्टुओं के साम्प्रदायिक एजेंडों को अब तक तमाशाई बनकर देखते रहने व इन पर चुप रहने वाली जनता अब इनकी नफ़रत का जवाब प्रेम,सद्भाव व भाईचारे से देने लगी है। पिछले कुछ ही दिनों में देश के अलग अलग राज्यों से ऐसे कई समाचार आये जिनसे यह पता चलता है कि देश के अमन पसंद लोग अब मूक दर्शक बनकर साम्प्रदायिक वैमनस्य को बढ़ता हुआ देखने के बजाये प्यार और मुहब्बत की मशाल जलाकर नफ़रत के स्याह अँधेरे को भागने की कोशिश करने लगे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के टोंक ज़िले से ऐसी ही एक ख़बर आई। यहाँ निवाई तहसील के करेड़ा बुज़ुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फ़रवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फ़रवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फ़रवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक ज़िले के निवाई तहसील के करेड़ा बुज़ुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था।

परन्तु नफ़रती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफ़रत की वह भाषा बोली गयी जिसने इस इलाक़े में पूर्व सांसद की ही फ़ज़ीहत करवा दी। कंबल बांटते समय उन्होंने भीड़ में बैठी एक महिला से उसका नाम पूछा, जब ग़रीब बुज़ुर्ग महिला ने अपना नाम 'शकूरन बानो' बताया तो यह नाम सुनकर जौनपुरिया ने बड़े ही नफ़रती अंदाज़ से कहा - 'हट एक तरफ़, कंबल यहीं छोड़ दे' और बाद में उन्होंने अपने सहयोगी को कहा इसे 'कंबल मत दे'। साथ ही वे यह भी बोले, 'जो मोदी को गाली देता है, उसे कंबल लेने का हक़ नहीं।' जौनपुरिया की इस अभद्र भाषा का वीडिओ वायरल होने के बाद इस इलाक़े में जौनपुरिया का विरोध होना शुरू हो गया। यह विरोध इस हद तक हुआ कि गांव के जिन हिन्दू परिवारों को कंबल मिला था उन्होंने भी मुस्लिम महिलाओं के साथ एकजुटता दिखाने हेतु अपने अपने कंबल वापस कर दिये। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो इसी गांव में मुस्लिम महिलाओं को कंबल बांटे और गांव वालों ने उस नफ़रती पूर्व सांसद का पुतला भी फूंका। 'नफ़रत का जवाब मोहब्बत स' देने हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 24 फ़रवरी को टोंक में सभी धर्मों की महिलाओं को समान रूप से कंबल बांटे जाने की भी ख़बर आई। नफ़रत के बदले प्यार और मुहब्बत बांटने का ऐसा ही एक अन्य उदाहरण गत दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय में भी देखने को मिला। पवित्र रमज़ान माह के दौरान विश्वविद्यालय में स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक लाल बारादरी परिसर में मौजूद पुरानी मस्जिद के गेट को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा कारण बता कर सील कर दिया और इस जगह भारी बैरिकेडिंग लगा दी। इसी मुग़ल कालीन मस्जिद में दशकों से लखनऊ विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्र नमाज़ अदा करते आ रहे हैं। प्रशासन ने इसे पुरानी इमारत बताकर व सुरक्षा के जोखिम का हवाला देकर इसे अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया। इसके बाद जब मुस्लिम छात्रों को नमाज़ अदा करने हेतु मस्जिद के अंदर जाने से रोका गया, तो उन्होंने मजबूरीवश मस्जिद के बाहर खुले स्थान पर ही नमाज़ अदा की। इस दौरान विश्वविद्यालय के हिंदू छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गयी। छात्रों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर गंगा-जमुनी तहज़ीब और सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की। हिंदू छात्र नमाज़ पढ़ रहे अपने मुस्लिम साथियों के चारों ओर सुरक्षा कवच बनकर इसलिये खड़े हो गए ताकि कोई नमाज़ में व्यवधान उत्पन्न न कर सके और नमाज़ शांति तरीक़े से पूरी हो सके। इतना ही नहीं बल्कि साम्प्रदायिक शक्तियों के विरुद्ध इन्हीं हिन्दू छात्रों ने प्रदर्शन किया तथा हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश भी दिया।

दरअसल साम्प्रदायिक शक्तियों को खदेड़ने की शुरुआत उत्तराखंड के कोटद्वार से गत 26 जनवरी को उस समय शुरू हुई जबकि बजरंग दल के सदस्यों ने वकील अहमद नाम के एक 70 वर्षीय बुज़ुर्ग मुस्लिम की 'बाबा स्कूल ड्रेस' नाम की दुकान के नाम को लेकर विवाद खड़ा किया। बजरंग दल के लोग दुकान का नाम बदलने की धमकी दे रहे थे। उनका कहना था कि 'बाबा स्कूल ड्रेस' का नाम स्थानीय हनुमान मंदिर सिद्धबली बाबा से मिलता-जुलता था। इसी विवाद के बीच दीपक कुमार कश्यप अपने दोस्त विजय रावत के साथ वहां जा पहुंचे। दीपक उत्तराखंड कोटद्वार में ही एक जिम ट्रेनर हैं। वे यहाँ अपना जिम चलाते हैं तथा युवक युवतियों को बॉडी बिल्डिंग और फ़िटनेस की ट्रेनिंग देते हैं। दीपक ने ही उन्मादी भीड़ से बुज़ुर्ग मुस्लिम का बीच-बचाव करते हुए अपना नाम 'मोहम्मद दीपक' बताया और साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का संदेश दिया। हालांकि इसके बाद दीपक को मुक़दमे से लेकर अपनी जिम की सदस्यता घटने तक के हालात का सामना करना पड़ा। उन्हें बजरंग दल समर्थकों से धमकियां मिलीं व उनके विरुद्ध विरोध प्रदर्शन भी हुये । परन्तु उनका यही कहना था कि 'मैं हिंदू नहीं, मुसलमान नहीं, सिख नहीं, ईसाई नहीं–सबसे पहले इंसान हूं। मरने के बाद भगवान और इंसानियत को जवाब दूंगा।' यहाँ तक कि पुलिस ने दीपक के विरुद्ध सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में प्राथमिकी भी दर्ज की। परन्तु दीपक की हिम्मत व उनके बुलंद हौसले ने उन्हें पूरे देश व दुनिया में साम्प्रदायिक सद्भाव के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में शोहरत दिला दी। राहुल गाँधी सहित अनेक विशिष्ट लोगों ने मुहम्मद दीपक व उनके साथी विजय रावत से मुलाक़ात कर उनकी हौसला अफ़ज़ाई की। और इसी कोटद्वार की घटना के बाद देश में कई स्थानों से ऐसी ख़बरें सुनाई दे रही हैं जहाँ प्रेम व सद्भाव की बातें करने वालों के द्वारा नफ़रती चिंटुओं को खदेड़ा जा रहा है और शांतिप्रिय जनता द्वारा नफ़रत के सौदागरों के नफ़रती एजेंडे का जवाब प्रेम,सद्भाव व भाईचारे से दिया जा रहा है।

## प्रेरक प्रसंग

### स्वर्ग और नरक

एक युवक था। वह बंदूक और तलवार चलाना सीख रहा था। इसलिए वह यदा-कदा जंगल जाकर खरगोश, लोमड़ी और पक्षियों आदि का शिकार करता। शिकार करते-करते उसे यह घमंड हो गया कि उसके जैसा निशानेबाज़ कोई नहीं है और न उसके जैसा कोई तलवार चलाने वाला। आगे चलकर वह इतना घमंडी हो गया कि किसी बड़े के प्रति शिष्टाचार भी भूल गया।

उसके गांव के बाहर कुटिया में एक संत रहते थे। वह एक दिन उनके पास पहुंचा। न उन्हें प्रणाम किया और न ही अपना परिचय दिया। सीधे उनके सामने पड़े आसन पर बैठ गया और कहने लगा, लोग बेकार में स्वर्ग-नरक में विश्वास करते हैं?

संत ने उससे पूछा, तुम तलवार साथ में क्यों रखते हो?

उसने कहा, मुझे सेना में भर्ती होना है, कर्नल बनना है। इस पर संत ने कहा, तुम्हारे जैसे लोग सेना में भर्ती किए जाते हैं? पहले अपनी शक्ल शीशे में जाकर देख लो।

यह सुनते ही युवक गुस्से में आ गया और उसने म्यान से तलवार निकाल ली। तब संत ने फिर कहा, वाह! तुम्हारी तलवार भी कैसी है? इससे तुम किसी भी बहादुर आदमी का सामना नहीं कर सकते, क्यों कि वीरों की तलवार की चमक कुछ और ही होती है।

फिर तो युवक गुस्से से आग-बबूला हो गया और संत को मारने के लिए झपटा। तब संत ने शांत स्वर से कहा, अब तुम्हारे लिए नरक का दरवाज़ा खुल गया।

यह सुनते ही युवक की अक्ल खुल गई और उसने तलवार म्यान में रख ली। अब वह सर झुककर संत के सामने खड़ा था और अपराधी जैसा भाव दिखा रहा था। इस पर संत ने कहा, अब तुम्हारे लिए स्वर्ग का दरवाज़ा खुल गया।

## आपका पत्र मिला

### कंबल में धर्म की राजनीति!

राजस्थान के टोंक जिले के करेड़ा बुजुर्ग गांव में कंबल वितरण के दौरान पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया की ओर से मुस्लिम महिला से कंबल वापस लेने का समाचार शर्मनाक है। गम की बात है कि नफरत व राग-द्वेष की राजनीति ने भाईचारे व सौहार्द में आग लगा कर रख दी है। लेकिन कंबल वितरण के दौरान सबसे सकारात्मक व रचनात्मक बात यह रही कि पूरे गांव के ग्रामीणजन ने जौनपुरिया की इस तुच्छ व गंदी मानसिकता का न केवल विरोध किया, कंबल लौटाने के साथ, उक्त पूर्व सांसद का हुक्का-पानी बंद करने तथा गांव में न घुसने देना का एलान कर दिया है।अब जनता धर्म के नाम पर की जाने वाली गंदी राजनीति से उबने लगी है।इन नेताओं ने धर्म को दलदल में ही धंसाया है। अन्यथा राजनीति में धर्म का काम ही क्या है? देश के अमन-चैन, सौहार्द को चाहने वालों की न केवल आंखें खुलना चाहिए, बल्कि सभी को एकजुट होकर धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा।ये धर्म की राजनीति करने वाले बरगलाकर अपनी स्वार्थसिद्धि कर अपना पेट व घर भरते हैं, जनता को तरसाते रहते हैं।अब नहीं जागे तो कब जागोगे? मीडिया को भी अब गिरेबान में झांकने की जरूरत है। धर्म की विकृत राजनीति करने वालों को साहस के साथ बेनकाब करना चाहिए।ऐसा कोई विचार-विमर्श को प्राथमिकता नहीं देना चाहिए, जो खाई पैदा करता है। देश व सौहार्द सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। ये दल-बल तो आते-जाते रहेंगे। क्योंकि देश से बड़ा कोई नहीं है। देश सुरक्षित तो सब सुरक्षित है। करेड़ा बुजुर्ग, लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की मानव श्रृंखला, मोहम्मद दीपक इसके नायाब उदाहरण है। वक्त का तकाजा है कि जनता को कंधे से कंधा मिलाकर साहस के साथ खड़ा होना होगा। करेड़ा बुजुर्ग की ग्रामीण जनता को सलाम।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# ऑफिस में है होली पार्टी तो पहने ऐसे आउटफिट

होली का त्योहार हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई देते हैं। त्योहार के दिन हर जगह का माहौल काफी खुशनुमा होता है। होली के दिन जगह-जगह होली पार्टी का आयोजन होता है, जिसमें लोग मिलकर काफी एन्जॉय करते हैं। इसी क्रम में कई दफ्तर भी ऐसे होते हैं, जो अपने कर्मचारियों के लिए होली पार्टी का आयोजन करते हैं, ताकि हमेशा काम करने वाले उनके कर्मचारी अपने लिए वक्त निकालकर थोड़ा खुश रह पाएं। होली पार्टी में दफ्तर का माहौल भी काफी खुशनुमा हो जाता है। इस दिन लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर आते हैं, और एक साथ पार्टी का मजा लेते हैं। अगर आपके दफ्तर में भी होली पार्टी है, लेकिन आपको समझ नहीं आ रहा कि पार्टी में क्या पहनें तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आउटफिट के बारे में बताएंगे, जिसे आप होली पार्टी में कैरी कर सकती हैं।

**शरारा सूट-** आजकल इस तरह का शरारा काफी आरामदायक रहता है। इसके साथ दुपट्टा नहीं होता। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी करके अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ हैवी झुमके से अपना लुक कंप्लीट करें।

**अंगरखा सूट-** ऐसा अंगरखा सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं। इसके साथ गले में ऑक्सीडाइज नेकपीस पहन सकती हैं।

**साड़ी -** अगर साड़ी पहनना पसंद तो दफ्तर की होली पार्टी में साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाएं। अगर आपकी साड़ी सफेद रंग की होगी, तो इसका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

**जींस और कुर्ता -** अगर ऐसा कपड़ा पहनना चाहती हैं, जो आरामदायक भी हो तो जींस के साथ कुर्ता पहनें। जींस में आप अपना मोबाइल भी रख सकती हैं। इसके साथ ही आप चाहें तो होली के प्रिंट वाला स्पेशल कुर्ता अपने लिए खरीद सकती हैं।

**अनारकली-** अगर अनारकली सूट पहनने का मन है, तो आप इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके साथ दुपट्टा कैरी करना न भूलें। ये आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा।

**ए-लाइन कुर्ता प्लाजो सेट-** ऑफिस में होली का इवेंट है, तो आप ये लाइट कलर का गोल गले वाला सीक्विन्ड ए-लाइन कुर्ता प्लाजो और दुपट्टे के साथ तैयार सेट भी वेयर कर सकती हैं। इसमें न केवल आप स्टाइलिश लगेंगी बल्कि आप इस ड्रेस को पहनकर कंफर्टेबल महसूस करेंगी। आपको यह ड्रेस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। इस ड्रेस के साथ आप गोल्डन कलर के एक्सेसरीज कैरी कर सकती हैं। यही नहीं इस कुर्ता प्लाजो सेट के साथ आप हील्स भी शामिल कर सकती हैं।

**थ्रेड वर्क अनारकली कुर्ता प्लाजो सेट-** भीड़ से हटकर दिखने के लिए और ऑफिस में हो रहे होली फंक्शन में अपना जलवा बिखरने के लिए आप ये लाइट कलर का फ्लोरल योक डिजाइन थ्रेड वर्क अनारकली कुर्ता प्लाजो और दुपट्टा सेट भी ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। यह आपके लुक में चार चांद लगा देगा। आप इस ड्रेस के साथ मैचिंग एक्सेसरीज और फुटवियर में हिल्स शामिल कर सकती हैं। यह आपके लुक को कंप्लीट करने में मदद करेगी।

# खेलने जा रहे मथुरा में होली तो त्वचा और बालों का ऐसे रखें ध्यान

हर किसी के लिए होली का त्योहार काफी खास होता है। इस दिन का इंतजार लोग सालभर करते हैं। होली के दिन लोग एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, और होली की बधाई देते हैं। होली का त्योहार खासतौर पर ब्रज में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि, ब्रज के मंदिरों में राधा-कृष्ण होली खेलते हैं। यही वजह है कि, खासतौर पर बरसाना, वृंदावन, मथुरा, नंदगांव के मंदिरों में अलग-अलग दिनों में होली धूमधाम से मनाई जाती है।



यहां होली की धूम इतनी होती है, कि लोग दूर-दूर से यहां होली मनाने आते हैं। अगर आप भी होली मथुरा में खेलने का प्लान बना रहे हैं, तो जाने से पहले कुछ बातों को जहन में बैठा लें।

दरअसल, मथुरा में रंग से ही जमकर होली खेली जाती है। ऐसे में आपको अपनी त्वचा और बालों का खास ध्यान रखना पड़ेगा। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो हो सकता है कि इसका प्रभाव आपके बालों और त्वचा पर पड़े।

**मॉइश्चराइजर लगाकर लगाएं**

कभी भी होली खेलने बिना मॉइश्चराइजर लगाए न जाएं। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो रूखी त्वचा पर रंग ज्यादा चढ़ेगा। ऐसे में रंग और गुलाल से होली खेलने से पहले त्वचा पर मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं।

**मॉइश्चराइजर की जगह कर सकते हैं तेल का इस्तेमाल**

अगर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करना चाहते तो पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा सकते हैं। नारियल का तेल लगाकर भी आप रंगों से अपनी त्वचा को बचा सकते हैं।

**लगाएं कैप-** बालों को रंग के हानिकारक प्रभाव से बचाने के लिए सिर पर पूरी तरह से स्कार्फ बांध लें। अगर आप अपने सिर को स्कार्फ से कवर कर लेंगे, तो रंगों से बाल बचे रहेंगे।

**नाखूनों पर लगाएं नेल पॉलिश**

अपने नाखूनों पर नेल पॉलिश का एक कोट जरूर लगाएं। ये आपके नाखूनों को रंग के प्रभाव से बचाकर रखेगी। पुरुष भी चाहें तो पारदर्शी वाली नेल पॉलिश अपने नाखूनों पर लगा सकते हैं।

# घर पर बने गुलाब जल से पाएं दमकती त्वचा



गुलाब जल एक प्राचीन ब्यूटी सीक्रेट है, जिसे सदियों से स्किनकेयर और हेल्थ बेनिफिट्स के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यह त्वचा को ताजगी, नमी और ग्लो देने के साथ-साथ कई हेल्थ और हेयर केयर फायदे भी प्रदान करता है। यही वजह है कि अब तो महिलाएं टोनर की जगह भी गुलाब जल का इस्तेमाल करती है। इसके इस्तेमाल से त्वचा काफी ज्यादा खिल उठती है।

गर्मियों में चेहरे पर रैशेज, एक्ने और ड्राई स्किन की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में इन परेशानियों से भी गुलाब जल फायदा दिलाता है। वैसे तो बाजार में गुलाब जल मिलता ही है, लेकिन आप चाहें तो घर पर भी गुलाब जल बना सकते हैं। यहां हम आपको इसकी दो विधि बताने जा रहे हैं

**1. स्टीम डिस्टिलेशन विधि**

इसे तैयार करने के लिए आपको 1 कप ताजे गुलाब की पंखुड़ियां, 2 कप डिस्टिल्ड पानी, एक बड़ा पतीला और कांच की बोतल की जरूरत पड़ेगी।

**बनाने की विधि**

गुलाब की पंखुड़ियों को अच्छे से धोकर एक बड़े पतीले में डालें। अब उसमें डिस्टिल्ड पानी डालें, लेकिन ज्यादा पानी न डालें। पतीले में एक छोटी कटोरी उल्टी रख दें और उसके ऊपर एक और कटोरी रखें। इसके बाद पतीले को ढककर ढक्कन को उल्टा रखें और धीमी आंच पर पानी को गर्म करें। 30-40 मिनट बाद गुलाब की पंखुड़ियां रंग छोड़ देंगी और भाप ऊपर वाली कटोरी में इकट्ठा होगी। आखिर में इस इकट्ठे पानी को स्टोर कर लें, यही शुद्ध गुलाब जल है।

**2. उबालने की विधि (इंस्टेंट तरीका)**

इसके लिए आपको एक कप ताजे गुलाब की पंखुड़ियां और 2 कप फ़िल्टर्ड पानी की जरूरत पड़ेगी।

**बनाने की विधि**

इंस्टेट तरीके से गुलाब जल बनाने के लिए एक पतीले में गुलाब की पंखुड़ियां और पानी डालें। धीमी आंच पर तब तक उबालें जब तक पंखुड़ियों का रंग हल्का न हो जाए। ठंडा होने के बाद इसे छानकर कांच की बोतल में स्टोर करें। इसे फ्रिज में रखें और 1-2 हफ्ते के अंदर इस्तेमाल करें।

**गुलाब जल के फायदे**

घर पर बने गुलाब दल के इस्तेमाल से स्किन का श्च॥बैलेंस बनाए रखता है और ऑयली स्किन को कंट्रोल करता है। रोजाना इसे रुई से चेहरे पर लगाएं, त्वचा टाइट और फ्रेश लगेगी। गुलाब जल में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पिंपल्स को कम करने में मदद करते हैं। गुलाब जल में नींबू मिलाकर लगाने से स्किन क्लियर होती है। चेहरे पर गुलाब जल स्प्रे करने से त्वचा हाइड्रेट और ग्लोइंग बनी रहती है।

# त्वचा के पोर खोलेगी बर्फ

चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए लड़कियां क्या-क्या नहीं करती। कई तरह के कैमिकल प्रोडक्ट्स लगाती हैं, घंटों पार्लर में जाकर फेशियल करवाती है लेकिन फिर भी स्किन पर ग्लो नहीं आता। इन महंगे प्रोडक्ट्स की जगह आप मामूली सी बर्फ यानी की आइस के जरिए स्किन पर निखार ला सकती हैं और कई तरह की प्रॉब्लम्स से छुटकारा पा सकती हैं। आइस फेशियल इन दिनों काफी प्रचलन में है। कई सारी बी-टाउन हसीनाएं और ब्यूटी इंफ्लुएंसर्स भी इसका इस्तेमाल करती हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कि आइस फेशियल आप घर बैठे कैसे कर सकती हैं और इससे स्किन को क्या-क्या फायदे होंगे।



**खुलेंगे स्किन के पोर्स :** आइस फेशियल करने से त्वचा के पोर्स खुलते हैं और स्किन का निखार बढ़ता है। पोर्स खुलने से स्किन अच्छे से सांस ले पाती है और त्वचा पर मौजूद गंदगी भी आसानी से दूर होती है।

**डार्क सर्कल होंगे दूर :** आइस फेशियल करने से चेहरे के डार्क सर्कल भी दूर होती हैं। इसके अलावा चेहरे के काले धब्बे दूर करने में भी मदद मिलती है। आंखों के नीचे मौजूद डार्क सर्कल दूर करने के लिए हफ्ते में 2-3 बार आप इस फेशियल को कर सकती हैं।

**टैनिंग होगी दूर :** इस फेशियल को करने से चेहरे की टैनिंग भी दूर होती है। इससे स्किन को ठंडक मिलती है जिससे टैन दूर होती है। नियमित तौर पर आइस फेशियलर करने से चेहरे का निखार बढ़ता है।

**मुहांसे होंगे दूर :** इस फेशियल को करने से चेहरे के एक्ने कम करने में भी मदद मिलती है। नियमित तौर पर आइस फेशियल करने से एक्ने की प्रॉब्लम दूर होती है। यदि आप आइस फेशियल नहीं कर सकती तो सिर्फ बर्फ का एक टुकड़ा लेकर भी चेहरे पर लगा सकती हैं।

**चेहरे की सूजन होगी दूर :** स्किन पर निखार लाने के अलावा यह चेहरे की सूजन दूर करने में भी मदद करता है। यदि आपके चेहरे पर पफीनेस होती है तो आप इस फेशियल का इस्तेमाल कर सकती हैं। सुबह उठने के बाद इस फेशियल को करें। नियमित फेशियल करन से चेहरे और आंखों के आस-पास की सूजन दूर होगी।

**ऐसे करें आइस फेशियल :** आइस वाटर फेशियल करने के लिए एक बाउल में बर्फ जमा लें। फिर इस बर्फ को फ्रिज में से निकालने के बाद एक बड़े पैन में निकालें। जब बर्फ पिघल जाए और पानी निकले तो इसे एक कटोरी में डाल दें। अब इस कटोरी के पानी में अपना चेहरा डुबोएं। कुछ सैकेंड्स इसमें चेहरा डुबोए रखें और फिर बाहर निकालकर त्वचा को नॉर्मल होने दें। 3-4 बार इसी प्रक्रिया को दोहराएं। तय समय के बाद चेहरा तौलिया या फिर कॉटन की मदद से साफ कर लें।

**इन टिप्स को भी करें फॉलो :** यदि आपकी त्वचा बहुत ही ज्यादा कोमल है तो आइस फेशियल की जगह आप चेहरे पर बर्फ लगाएं। आइस क्यूब्स कभी भी सीधे अपने चेहरे पर न लगाएं। इससे त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचेगा। आइस क्यूब्स को हमेशा कॉटन के कपड़े में लपेटकर ही मसाज करें। सीधे आइस क्यूब्स चेहरे पर लगाने से चेहरा जल सकता है और त्वचा पर रेडनेस आ सकती है।

# चेहरे की टैनिंग दूर करेगा एलोवेरा



टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप एलोवेरा जेल इस्तेमाल कर सकती हैं। एलोवेरा जेल त्वचा को फ्री रेडिकल्स के कारण होने वाले नुकसान से बचाती है। इसमें कुछ ऐसी हीलिंग प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं जो त्वचा की जलन और रेडनेस दूर करती हैं। तो चलिए हम आपको एलोवेरा जेल से बने कुछ ऐसे मास्क बताते हैं जिनका इस्तेमाल आप कर सकती हैं।

**एलोवेरा और शहद से बना मास्क :** यह दोनों ही चीजें त्वचा के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती हैं। इसमें एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं जो त्वचा पर जमे डेड स्किन सेल्स और गंदगी दूर करने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह फेसपैक इस्तेमाल करने से स्किन की टैनिंग दूर होती है और त्वचा पर निखार आता है।

**सामग्री :** एलोवेरा जेल - 2 चम्मच, हल्दी - 1 चुटकी, शहद - 1 चम्मच।

**ऐसे करें इस्तेमाल :** सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल डालें। फिर इसमें हल्दी और शहद मिलाकर अच्छे से मिला लें। सारी चीजों को मिक्स करके एक मिश्रण बना लें। मिश्रण को चेहरे पर अच्छी तरह लगाएं। 10-15 मिनट के बाद चेहरा धो लें। **एलोवेरा और नींबू :** टैनिंग हटाने के लिए यह फेसमास्क भी बेहद फायदेमंद साबित होगा। नींबू में मौजूद सिट्रिक एसिड दाग-धब्बे और पिंपल दूर करने में मदद करता है वहीं एलोवेरा स्किन को हाइड्रेटेड रखता है।

**सामग्री :** एलोवेरा जेल - 2 चम्मच, नींबू का रस - 1 चम्मच।

**ऐसे करें इस्तेमाल :** सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल डालें। फिर इसमें नींबू का रस मिला दें। मिश्रण को मिक्स करके पूरे चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट चेहरे की मसाज करें। तय समय के बाद चेहरा सादे पानी के साथ धो लें।

**एलोवेरा और गुलाब जल :** गुलाब जल के साथ एलोवेरा इस्तेमाल करने से भी त्वचा की टैनिंग दूर होगी। **सामग्री :** गुलाब जल - 1 चम्मच, एलोवेरा जेल - 2-3 चम्मच। ऐसे करें इस्तेमाल : एक कटोरी में एलोवेरा जेल डालें। फिर इसमें गुलाब जल मिक्स करें। दोनों चीजों को मिक्स करके चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद चेहरा सादे पानी के साथ धो लें।

# गर्मियों में इन तरीकों से रखें त्वचा का ख्याल

सर्दियों में लोग दिन में एक बार नहा लें, उसी को बड़ी उपलब्धि समझते हैं। ऐसे में आपको बता दें, कि गर्मियों के मौसम में आपको इस आदत से किनारा कर लेना है। इन दिनों दिन में कम से कम दो बार चेहरा धोना काफी जरूरी है। इसके लिए आपको अपने स्किन टाइप को समझकर उसी के अनुसार फेस वॉश भी लेना है। सनस्क्रीन का इस्तेमाल तो वैसे हर मौसम में जरूरी होता है, लेकिन खासतौर से गर्मियों के मौसम में इसकी जरूरत और ज्यादा बढ़ जाती है। ये आपको चिलचिलाती धूप से तो बचाती ही है, साथ ही इससे आपको प्रदूषण और अन्य चीजों से भी बचाव मिलता है। गर्मियों में समय-समय पर स्किन को एक्सफोलिएट करना भी बेहद जरूरी है। इसके लिए अपने स्किन टाइप के मुताबिक स्क्रब का चुनाव करें। इसके असावा स्क्रब खरीदते वक्त स्किन से जुड़ी तकलीफ को भी ध्यान में रखें, जैसे- अगर आपको पिंपल्स की परेशानी है, तो नीम वाला स्क्रब आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। गर्मियों में पानी का खास ख्याल रखें। डिहाइड्रेटेड स्किन से छुटकारा पाने के लिए दिन में कम से कम 4 से 5 लीटर पानी पिएं। इससे आपकी स्किन पर निखार तो आएगा ही, साथ ही पिंपल्स की समस्या से भी काफी हद तक छुटकारा मिलेगा।


# मुंहासे हटाने के लिए लगाती हैं क्रीम तो हो जाएं सावधान

चेहरे पर होने वाले मुंहासे दूर करने के लिए महिलाएं क्या-क्या नहीं करती। कुछ महिलाएं तो महंगी क्रीम का इस्तेमाल करके इस समस्या से छुटकारा पाती हैं। लेकिन अगर यही क्रीम कैंसर का खतरा बढ़ा दे तो क्या होगा? अभी सामने आई रिसर्च की मानें तो मुंहासे हटाने वाली इन क्रीमों में पाए जाने वाले कैमिकल कैंसर का खतरा बढ़ाते हैं। अमेरिकी लेबोरेटरी वैलीश्योर ने क्लिनिक, क्लियरसिलैंड प्रोएक्टिव जैसे कई ब्रांड्स को लेकर एफडीए में याचिका दायर कर दी है। अपनी याचिका में उन्होंने कहा कि इन प्रोडक्ट्स में बेंजीन काफी ज्यादा मात्रा में पाया जाता है जिसके कारण कैंसर का खतरा बढ़ता है। रिसर्च में सामने आए इन ब्रांड्स के नाम के कारण दुनिया भर के लोगों में इसका इस्तेमाल करने पर डर पैदा हो गया है। ऐसे में यदि आप भी चेहरे से मुंहासे हटाने के लिए इन ब्रांड्स के क्री का इस्तेमाल करते हैं तो अभी बंद कर दें। क्योंकि इनमें बेंजीन पाया जाता है जो बेहद खतरनाक है। बेंजीन बिना रंग वाला जलन पैदा करने वाला लिक्विड है। ये लिक्विड कार्बन और हाइड्रोजन एटॉम के साथ मिलकर बनाया जाता है। यह एक तरह का ब्लड कैंसर और दूसरी खून संबंधी बीमारियों का विकास का जोखिम बढ़ा सकता है। स्किन पर आने वाले मुंहासे हटाने के लिए इस्तेमाल होने वाले क्रीम और फेसवॉश में बेंजोयल पैरोक्साइड पाया जाता है। बेंजीन मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया का लेवल कम करने और स्किन की सूजन कम करने में मदद करता है। ऐसे में एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि सिर्फ इसलिए कि इन प्रोडक्ट्स में बेंजीन मौजूद है इसका अर्थ यह नहीं कि यह सीधा कैंसर पैदा करते हैं लेकिन बीमारी का खतरा बढ़ा सकते हैं। बेंजीन के संपर्क में आने के बाद कैंसर का खतरा तीन चीजों पर निर्भर होता है। मात्रा, अवधि और जलन। आमतौर पर जब त्वचा किसी कैमिकल पदार्थ के संपर्क में ज्यादा लंबे तक रहती है तो सांस से जुड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

# इन नेचुरल तरीकों से करें काली और घनी आईब्रो

कुछ महिलाओं के थ्रेडिंग और प्लकिंग की वजह से आईब्रो और पलकों में बाल कम हो जाते हैं या फिर कुछ में जन्म के साथ ही कम बाल होते हैं। ऐसे में वे पेंसिल से उन्हें डार्क करती हैं, लेकिन कभी-कभार ये बहुत ही अननेचुरल सा दिखाई देने लगता है और चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने की जगह खराब कर देता है। आइए जानते हैं इन्हें काले,घने बनाने के कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में- **प्याज का रस लगाएं :** प्याज में मौजूद सल्फर बालों को प्राकृतिक रुप से पोषण देकर लंबा काला घना बनाता है। इसलिए इसके रस को कॉटन बॉल में लगाकर अपने आईब्रो और पलकों पर लगाएं। दो हफ्तों में फर्क महसूस करेंगे। **एलोवेरा जेल लगाएं :** कच्चे एलोवेरा से जेल को निकालकर कॉटन बॉल की मदद से अपने आइब्रो और आंखों की पलकों पर लगाएं। इसे लगभग एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर नॉर्मल पानी से धुल लें। आपकी पलकें और आइब्रो बहुत जल्दी काले और घने हो जाएंगे।

# शरीर पर हो रही है खुजली, तो नहाने के पानी में मिलाएं ये चीजें





जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है, वैसे-वैसे शरीर पर कई तरह के बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस मौसम में बहुत से लोगों की त्वचा पर खुजली की समस्या होने लगती है। वैसे तो इस परेशानी के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को बाजार में मिलने वाले इन प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं होता। ऐसे में वो घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से छुटकारा पाना चाहते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको शरीर की खुजली दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किए इस परेशानी से राहत पा सके। इन नुस्खों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए इसके बारे में जानते हैं। **नीम के पत्ते :** भारत के हर गली-मोहल्ले में आपको नीम का बड़ा सा पेड़ दिख ही जाएगा। इसकी पत्तियां कई मामलों में काफी मददगार रहती हैं। खासकर अगर बदलते मौसम में आपको खुजली परेशान कर रही है, तो आप नहाने के पानी में नीम की पत्तियां डाल सकते हैं। ऐसे करें इस्तेमाल : नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में नीम की पत्तियों का इस्तेमाल नहाने के पानी में करने के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर इसका अर्क निकालना है। अब इस अर्क को आप नहाने के पानी में डाल सकते हैं। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा। सिरका : अगर आपके घर पर सेब का सिरका है, तो भी आप शरीर की खुलजी से राहत पा सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व कुछ ही दिनों में आपको शरीर की खुजली से राहत दिला सकते हैं। ऐसे करें इस्तेमाल : सेब का सिरका इस्तेमाल करने के लिए आपको बस नहाने का पानी लेना है और उसमें 2 ढक्कन सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर डालना है। अब इसे अच्छी तरह से मिलाकर इस पानी से नहाएं। ये आपको जरूर फायदा पहुंचाएगा।

**एंटी-बैक्टीरियल साबुन :** अगर आपके पास इस तरह का काम करने का समय नहीं है, और आप इसका आसान विकल्प तलाश रहे हैं, तो बाजार में आपको तमाम तरह की एंटी-बैक्टीरियल साबुन मिल जाएंगी। जिनसे नहाकर भी आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। हालांकि कोशिश करें, कि पानी में सिरका या फिर नीम के पत्ते डालकर इसी का इस्तेमाल करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 26 फरवरी 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शिशिर ऋतौ फल्गुन मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, दशमी तिथौ गुरु वासरे 24/34/ मृगशिरा नक्षत्रे 12/12/ प्रीति योग 22/34/ तैतिल करणे 13/38/ मिथुन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** बुध वक्री घं.12मि. 17पर।

**मेष :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तनाव व रोग से बचें। यात्रा की सम्भावनाएं बनेंगी।

**वृष :** रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। यात्रा का योग है। स्वस्थ्य के प्रति सचेत रहे।

**मिथुन :** परिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**कर्क :** व्यवसायिक योजना का लाभ मिलेगा। रोग व शत्रु के कारण तनाव मिलेगा गृहपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** निर्माण की दिशा में चल रहें प्रयास फलीभूत होगें। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। जीवन सुखमय होगा।

**कन्या :** दूसरे पर अधिक भरोसा ना करे। सम्बन्धों मे विकटता आयेगी। यात्रा से बचें। हनुमान जी की उपासना लाभकारी है।

**तुला :** आर्थिक मामलों में जोखिम न उठायें। स्वस्थ के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। शासन का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारण आय व्यय में असंतुलन पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है।

**मीन :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। सम्बन्धो में निकटता आयेगी।

# होली पर्व के मद्देनजर पुलिस ने की ड्रोन कैमरे से निगरानी



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत के नेतृत्व में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक रामनगर अनिल कुमार पांडेय की अगुवाई में पुलिस टीम के द्वारा कस्बा रामनगर व बडनपुर के डिपो पुरवा गांव में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। इसके अलावा डिपो पुरवा गांव में कच्ची शराब की तलाश में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय के द्वारा आबकारी टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया और घरों में मौजूद महिलाओं को कच्ची शराब बनाने व बेचने से दूर रहने की हिदायत दी गई। होली पर्व के मद्देनजर विशेष अभियान के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर व फिरोजपुर में रामनगर पुलिस व आबकारी टीम द्वारा संयुक्त छापेमारी की गई।प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय व आबकारी निरीक्षक उमाशंकर चौधरी द्वारा दोनो टीमों के साथ 15 स्थानों पर दबिश देकर 40 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 80 किलो लहन नष्ट किया गया।इसी दौरान अज्ञात लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत 4 अभियोग भी दर्ज किए गए।इसी दौरान ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर अवैध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई।

# एनजीओ संचालिका को मिली जान से मारने की धमकी

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले में एनजीओ की संचालिका रिक्षा तुफैल को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। रिक्षा तुफैल ने बताया कि उनकी शिकायत पर नगर कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कुछ संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है।पीड़िता के अनुसार, लखनऊ से संचालित एक %लव जिहाद% सिंडिकेट का पर्दाफाश करने और 17 लड़कियों को बचाने के बाद से उन्हें लगातार निशाना बनाया जा रहा था। 21 फरवरी की रात उनके हॉस्टल पर पत्थरबाजी की गई और अज्ञात नंबरों से व्हाट्सएप पर जानलेवा धमकियां मिली थीं।इस गिरोह का मुख्य सरगना कमर हयात इदरीसी पहले ही जेल में है। हालांकि, उसके साथी जफर हयात, प्रिया पांडे और आमिर खान अभी भी फरार हैं। रिक्षा तुफैल ने आरोप लगाया है कि फरार आरोपी जफर हयात ने ही उन्हें जान से मारने की सुपारी दी थी।21 फरवरी की रात करीब 11¬40 बजे अज्ञात हमलावरों ने उनके हॉस्टल पर पत्थर फेंके और व्हाट्सएप पर धमकी भरे संदेश भेजे। पीड़िता ने तत्काल 112 और कोतवाली पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।पीड़िता ने पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने धमकी देने वाले चेहरों को बेनकाब किया है। लड़कियों की तस्करी और अपहरण करने वाले गिरोह के कुछ प्रभावशाली सदस्य अभी भी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की जांच जारी है।फिलहाल, पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है ताकि इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ा जा सके। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़िता और उनके सहयोगियों ने राहत महसूस की है।

# विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बारांबकी।** सड़क सुरक्षा जागरूकता के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र सतरिख, हरख में कविता, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी प्रताप सिंह के दिशा निर्देशन में किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक अध्ययनरत बच्चों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी आकर्षक एवं उद्देश्य पूर्ण पोस्टर बनाए, कविता एवं भाषण के माध्यम से अपने विचारों को प्रस्तुत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय सहेलिया की छात्रा मुस्कान , उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरा उस्मा के छात्र अनिकेत ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान उच्च प्राथमिक पंडरा के छात्र मो. जैद ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक हरख की छात्रा तान्या ने प्रथम स्थान , द्वितीय स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय तमरसेपुर की छात्रा हेमा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मचौची की छात्रा जानवी वर्मा ने तृतीय स्थानप्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आस्था उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर, द्वितीय स्थान कंपोजिट विद्यालय बरबसौली की छात्रा पूजा ने एवं तृतीय स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय सतरिख की छात्रा नायला अंसारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने में समस्त ए आर पी एवं शिक्षकों ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को उत्साहवर्धन स्वरूप पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## खबर एक नजर

### ग्राम पंचायत में चौपाल का हुआ आयोजन

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु शुरू की गयी नई पहल के तहत जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन कर 01 मामले का तत्काल निस्तारण कराया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु एक नई पहल की शुरूआत की गयी है, जिसमें सप्ताह के प्रत्येक आज जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारित किया जाना है जिससे पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बढ़े और जनसंवाद का स्तर उच्चकोटि का हो सके। इसी क्रम में आज जनपद के सभी थानों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में ग्राम वासियों के बीच चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्या को सुना गया एवं मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं जैसे भूमि विवाद, पैसे की लेन-देन, चकमार्ग,नाली सम्बन्धी आदि शिकायतों को मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारण कराया गया। उक्त कार्यवाही की जनता द्वारा सराहना की गयी । बाराबंकी पुलिस द्वारा ग्राम अपराध रजिस्टर में अंकित विवादित मामलों का अवलोकन कर उनके बारे में जानकारी की गयी एवं मामले की वर्तमान स्थिति के बारे में अन्य जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही शस्त्र धारकों व हिस्ट्रीशीटर के बारे में भी जानकारी ली गई। चौपाल में उपस्थित ग्राम वासियों को ग्राम चौपाल के योजना के महत्व एवं साइबर क्राइम, यातायात जागरुकता से अवगत कराते हुए सतर्क रहने एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090/112/1076/108/1930 के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया।

### मनपसंद गाना बजाने को लेकर डीजे पर हुई मारपीट

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले में एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर मनपसंद गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया। यह मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घटना फतेहपुर क्षेत्र के मोहम्मदपुर खाला थाना अंतर्गत आल्हेमऊ गांव में हुई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुरैना मजरे बरैय्या से आई बारात में डीजे पर गाना बदलने की मांग को लेकर बरातियों और जनातियों के बीच कहासुनी हुई। कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों से इस मारपीट में दुल्हन पक्ष से धर्मराज (24), संदीप (18) और अंशू (22) घायल हो गए। ये सभी आल्हेमऊ गांव के निवासी हैं। वहीं, दूल्हा पक्ष से बरैय्या निवासी कुलदीप (18) को भी चोटें आईं। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया, लेकिन पुलिस के लौटने के बाद महिलाओं के बीच फिर कहासुनी हुई, जो दोबारा मारपीट में बदल गई। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। बाद में पुलिस की निगरानी में विवाह की शेष रस्में और फेरे संपन्न कराए गए।कोतवाल आशुतोष कुमार मिश्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुछ लोगों के शराब के नशे में होने की बात सामने आई है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कई लोग मौके से चले गए थे। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस मामले पर नजर बनाए हुए है।

### परिजनों को सुपुर्द की बच्ची

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** कस्बा जैदपुर में कल एक 3 वर्षीय



बच्ची के मिलने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर मिशन शक्ति टीम थाना जैदपुर द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त बच्ची को संरक्षण में लिया गया तथा मिशन शक्ति केन्द्र थाना जैदपुर टीम द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से अथक प्रयास कर बच्ची के परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तत्पश्चात ज्ञात हुआ कि उक्त बच्ची थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम टंण्डनपूरवा मजरे टेरा की रहने वाली है। परिजनों से सम्पर्क कर बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### परीक्षा देने जा रही छात्रा की हादसे में मौत

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद के टिकैतनगर कोतवाली क्षेत्र में सुबह एक सड़क हादसे में हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रही एक छात्रा की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसकी साथी छात्रा और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उफरौली गांव के पास सुबह करीब 7¬30 बजे हुआ।मृतक छात्रा की पहचान कामिनी रावत (पुत्री स्वर्गीय रामू रावत) के रूप में हुई है। घायलों में जनसी वर्मा (पुत्री बबलू वर्मा) और बाइक चला रहे अभिषेक वर्मा (पुत्र रामतेज वर्मा) शामिल हैं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।जानकारी के अनुसार, दोनों छात्राएं हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिए बसंत इंटर कॉलेज जा रही थीं। घर से निकलने के बाद उफरौली गांव के पास टेंट सामग्री से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कामिनी रावत की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही टिकैतनगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभिन्न स्थानों पर की छापेमारी



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** होली और रमजान के मद्देनजर बाराबंकी जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई आयुक्त, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और सहायक आयुक्त (खाद्य-द्धद्ध) डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में की गई।अभियान के दौरान कुल 49,000 रुपये मूल्य के दूषित खाद्य पदार्थ मौके पर ही नष्ट किए गए। इनमें 15,000 रुपये के बूंदी लड्डू, 25,000 रुपये की कचरी और 9,000 रुपये का पनीर शामिल है। जांच में 30 किलोग्राम बूंदी लड्डू में अत्यधिक रंग पाया गया, जबकि 250 किलोग्राम कचरी दूषित मिली। इसके अतिरिक्त, 30 किलोग्राम पनीर अस्वास्थ्य कर स्थिति में पाए जाने पर विनष्ट किया गया।इस दौरान कुल 6 खाद्य नमूने जांच के लिए संग्रहीत किए गए। इनमें एक खोया, एक कचरी, एक बूंदी लड्डू, दो पनीर और एक रंगीन कचरी का नमूना शामिल है। छापेमारी के तहत साई राम राम ढाबा (दादरा, तहसील नवाबगंज) से खोया और बूंदी का नमूना लिया गया, साथ ही 30 किलोग्राम मिठाई नष्ट की गई। बदोसराय, सिरौली गौसपुर स्थित रिंकू लाल के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना लेकर 30 किलोग्राम पनीर विनष्ट किया गया।जायसवाल किराना स्टोर (स्टेशन रोड) से कचरी का नमूना लिया गया और 250 किलोग्राम कचरी नष्ट कराई गई। प्रवर्तन कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार, अर्शी फारूकी, भगौती प्रसाद, पल्लवी तिवारी, अनुराधा मिश्रा और डॉ. अंकिता यादव शामिल रहे। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# खुद को रिकवरी एजेंट बताकर बदमाशों ने की लूट

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले में दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आई है। थाना बड्डूपुर क्षेत्र के कसियापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास कल दोपहर एक कार सवार से 27 हजार रूपये लूट लिए गए। बदमाशों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताया और कार चालक के साथ मारपीट भी की।टीकर बहादुरपुर थाना इमिलिया सुल्तानपुर जिला सीतापुर निवासी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह द्वारा पुलिस में की गई शिकायत के मुताबिक वह अपनी डिजायर कार से फतेहपुर से सीतापुर जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे फतेहपुर से कुछ दूरी पर चार मोटरसाइकिलों पर सवार लगभग दस अज्ञात युवकों ने उनकी कार को रोका। बदमाशों ने कार को फाइनेंस पर होने की बात कहकर उसे एजेंसी ले जाने का दबाव बनाया। पुष्पेंद्र को संदेह हुआ और उन्होंने कार आगे बढ़ा दी। हालांकि, कसियापुर रेलवे फाटक बंद होने के कारण उन्हें रुकना पड़ा।इसी दौरान आरोपियों ने कार के शीशे तोड़ दिए और पुष्पेंद्र को जबरन बाहर खींचकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान बदमाशों ने उनके पास मौजूद 27 हजार रुपए नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए।पीड़ित ने मारपीट और गाली गलौज का वीडियो भी बना लिया, जो उसके पास सुरक्षित है। एक बाइक का भी बताया गया है। घटना के बाद पुष्पेंद्र भगौली चौकी पहुंचे, लेकिन आरोप है कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनका प्रार्थना पत्र लेने से मना कर दिया।बाद में मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। इस संबंध में कोतवाल मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि मामला संज्ञान मे आया है। पीड़ित ने स्थानीय चौकी पर शिकायत दी थी, उसे थाने बुलाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस फिलहाल घटना की जांच में जुटी है। पीड़ित द्वारा बनाए गए वीडियो और बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सर्वोत्तम कैडेट रैली का हुआ आयोजन



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बारांबकी।** शिक्षा क्षेत्र मसौली के कंपोजिट विद्यालय चिलौकी मे आज ब्लाक स्तरीय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे पहुंचे खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार को विद्यालय के बच्चो द्वारा गार्ड आफ आनर की सलामी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बीईओ जैनेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों के कराने से बच्चों में मानसिक, बौद्धिक, चारित्रिक और सामाजिक गुणों का विकास होता है उन्होंने विद्यालय परिवार की भूरि-भूरि प्रशंसा की बच्चो ने स्काउट गाइड और बुलबुल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।इस मौ? पर ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ए आर पी आशीष शुक्ला , सुरेश चंद्र , विश्वनाथ वर्मा , नरेंद्र कुमार सुमन वर्मा शालिनी स्वास्थ्य संगीता वर्मा ममता द्विवेदी गरिमा निहारिका सिंह राहुल कुमार रामहित वर्मा सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

# लोगों के लिए मुसीबत बना शहाबपुर टोल प्लाजा



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** विकास की रफ्तार बढ़ाने के नाम पर बने टोल प्लाजा ने जहां राजस्व और आवागमन को गति दी है, वहीं ग्राम पंचायत शहाबपुर के लिए यह मुसीबत का सबब बन गया है। शहाबपुर में टोल प्लाजा निर्माण के बाद वर्षों से चली आ रही जल निकासी व्यवस्था ठप हो गई है, जिससे गांव में भीषण जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है।बताया गया कि नवाबगंज तहसील के अंतर्गत आने वाली शहाबपुर, जनपद की दूसरी सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है। यह बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है, जहां लघु एवं कुटीर उद्योग विशेषकर कपड़ा रंगाई, गमछा व स्टॉल निर्माण का बड़ा कारोबार होता है। घरेलू इकाइयों और छोटे कारखानों से निकलने वाले पानी की निकासी पूर्व में सड़क किनारे बनी नालियों और ह्यूम पाइपों के माध्यम से होती थी।ग्रामीणों का आरोप है कि नेशनल हाईवे 27 सी पर टोल प्लाजा निर्माण के दौरान तालाब और परती भूमि पर कार्य करते समय जल निकासी के प्राकृतिक मार्ग को बंद कर दिया गया। इतना ही नहीं, जल निकासी के लिए डाले गए ह्यूम पाइपों को भी मिट्टी से पाट दिया गया, जिसके अवशेष आज भी मौके पर देखे जा सकते हैं। परिणामस्वरूप गांव के किनारे बड़े पैमाने पर जलभराव हो रहा है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।गांव में लंबे समय से भरे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है, जिससे आवागमन और आजीविका दोनों प्रभावित होते हैं।ग्राम प्रधान श्रीमती अर्शीन ने बताया कि इस संबंध में 15 जुलाई 2023 से कई पत्र समाधान दिवस में दिए दिनाँक 21 फरवरी 2026 को फिर प्रार्थना पत्र देकर समस्या का हल निकालने का निवेदन किया। लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतोंई के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।ग्रामीणों ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि टोल प्लाजा निर्माण से बाधित जल निकासी को तत्काल पुनः चालू कराया जाए, ताकि गांव को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। अब देखना यह है कि प्रशासन ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है।

# कैट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य




**स्वतंत्रभारत, हैदरगढ़ बराबंकी।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आवाहन पर बुधवार को दूसरे दिन भी 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के टेट अनिवार्यता के विरोध में सभी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया।उतर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन प्रस्तावित है।उन्होंने अधिक से अधिक शिक्षको से धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।ब्लॉक मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता पूर्णतया गलत है क्योंकि खेल की बीच में नियम नहीं बदलते है।हम सभी शिक्षक इसका पुरजोर विरोध करेंगे।विरोध करने वालों में मुख्य रूप से प्रदीप मिश्रा,सत्यदेव सिंह,बृजेंद्र सिंह, प्रियंका सिंह,राजेंद्र पांडेय,रीता राणा,अवधेश कुमार,आशीष त्रिवेदी, अमित अवस्थी,सत्यप्रकाश सिंह, लक्ष्मी खरे,श्रीकृष्ण मिश्रा,मो इस्माइल, प्रवीण कुमार,अभिषेक सिंह,प्रेमचंद,अंबुज शुक्ल,वैभव शर्मा अखिलेश शर्मा,देवी प्रसाद,अमर बहादुर,देवेंद्र श्रीवास्तव,रमेश चंद्र,जितेंद्र वर्मा आदि शिक्षक शामिल रहे।

# संत सम्मेलन का शुभारंभ 2 से

**स्वतंत्रभारत,** हैदरगढ़ बाराबंकी । पं0 रामधन पांडेय पं. रामभरोंसे पांडे,पं0श्रीधर द्वारा शुरू किए गए व पं0शिवहरी लाल पांडेय द्वारा जीवन पर्यन्त बहुताधाम में आयोजित 9 दिवसीय रामचरित मानस संत सम्मेलन का 98वां वार्षिकोत्सव आगामी 2 मार्च से शुरू हो रहा है। स्व0 शिवहरी लाल पांडेय के पुत्र व सम्मेलन के वर्तमान आयोजक सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि 10 मार्च तक चलने वाले इस सम्मेलन में श्री 1008 महन्त कमलनयन दास जी महराज श्री मणिरामदास छावनी अयोध्या,श्री 1008 महन्त लालतादास जी महराज श्री प्रेमदास कुटी, हैदरगढ़, राम निवास शास्त्री मुरैना मध्य प्रदेश, डॉ0 जितेन्द्र नाथ पाण्डेय लखनऊ, डॉ0 कृष्ण कुमार मिश्र,कविताकान्त बाजपेई रायबरेली,पं0 रामकिंकर मिश्र रामायणी कुरूक्षेत्र, पं0 दिनेश जी रामायणी बाराबंकी, प्रहलाद जी रामायणी गोडा,कृष्ण कुमार तिवारी रायबरेली,चेतन स्वामी व रामस्वरूप दास जी कन्नौज,रामचरन दास जी मुरैना (म0प्र0) आदि संत व विद्वतजन हिस्सा लेंगे।

# माता-पिता का सम्मान न करने वाला होता है पाप का भागी : नारायण दास

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** माता-पिता की सेवा सौभाग्य से प्राप्त होती है इसलिए माता-पिता के सम्मान करना चाहिए। जो माता-पिता का सम्मान नहीं करता वह पाप का भागी होता है। उक्त उद्गार क्षेत्र के अचकामऊ गाँव में ऋषिकेश हरिद्वार धाम से पधारे श्री भरत मिलाप आश्रम के आचार्य कथा व्यास नारायण दास महाराज ने वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश बख्श सिंह द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यक्त किए। इस अवसर पर कथा में पहुंचे 1008 महंत श्री लालता दास जी महाराज सहित अन्य संतों का श्री सिंह ने परिजनों के साथ भव्य स्वागत किया। कथा व्यास आचार्य नारायण दास जी ने कहा कि जिस घर में पालनहार माता-पिता का संताने सम्मान करती है। वहां पर परम आध्यात्मिक उल्लास एवं भक्ति प्रधान वातावरण विद्यमान रहता है।उन्होंने कहा कि आज लोग हवन,यज्ञ तीर्थ स्थान का दर्शन, पूजा पाठ सब कुछ करते हैं। लेकिन अपने माता-पिता की सेवा व सम्मान नहीं करते। यह विडंबना ही है कि हम जीवंत भगवान स्वरूप माता-पिता की अनदेखी करते हुए भगवान श्री नारायण की कृपा को प्राप्त करना चाहते है। ऐसे लोग कभी भगवान की कृपा को प्राप्त नहीं कर सकते। इस दौरान कथा के पावन प्रसंगों में सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण के रुक्मिणी के साथ विवाह का वर्णन किया गया। रुक्मिणी यहाँ साधना शक्ति की प्रतीक हैं,जो संसार रूपी बन्धनों से विमुक्त होकर परमात्म- चरणों में आत्मसमर्पण की उत्कृष्ट अभिलाषा रखती है। यह लीला प्रेम कीपराकाष्ठा, समर्पण की चरमावस्था तथा भगवान की भक्तवत्सलता का उज्ज्वल उद्घोष है। कथा में मुख्य यजमान एडवोकेट कमलेश बक्श सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती नीलम सिंह रहे। विशिष्ट सन्त-महात्माओं में महंत लालता दास जी महाराज, राकेश दास नागा, पं0 सीताराम शास्त्री, आचार्य सोमनाथ (जगन्नाथपुरी), आचार्य शिववरन द्विवेदी (विठूर), आचार्य पं0 रोहित मिश्र तथा आचार्य रामदत्त शुक्ल के अलावा विवेक सिंह, आलोक सिंह, अजय कुमार मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, दुर्गा सिंह, दादा बाजपेई, महेंद्र मिश्रा अनुज कुमार सिंह, राजेश श्रीवास्तव, मनमोहन सिंह, राजकुमार, अनिल कुमार, राकेश कुमार सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### पत्रकार के पिता का आकस्मिक निधन क्षेत्र में शोक की लहर

**खीरों, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के गांव देवगांव निवासी एक दैनिक समाचारपत्र के खीरों क्षेत्र के प्रतिनिधि पत्रकार सुशील कुमार यादव उर्फ मुन्ना यादव के पिता रामरतन यादव 84 का बुधवार को सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार बुधवार को सुबह वह खेतों की तरफ टहलकर घर वापस पहुंचे और पूर्ण स्वस्थ थे। सुबह अचानक लगभग आठ बजे उनकी तबियत बिगड़ी और जब तक उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता। तब तक उनका निधन हो चुका था। उनके इस आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के गणमान्य लोग और देवगांव व आसपास के कई गांवों के लोगों के साथ क्षेत्रीय पत्रकारों ने उनके आवास पर पहुंचकर अन्तिम दर्शन किए और शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। बुधवार को गंगा जी के गेगासो घाट पर उनका अन्तिम संस्कार किया गया। स्व0 रामरतन यादव अपने पीछे पत्नी शिवदुलारी यादव, पुत्र सुशील कुमार यादव मुन्ना, सुखेन्द्र यादव संजय, रामनरेश यादव, बहू सुशीला यादव, संगीता यादव, पोते अनुराग यादव, अभय यादव, अभी यादव, पोती अपेक्षा यादव, आकांक्षा यादव, पोते की बहू आकांक्षा यादव के साथ दीपक, पंकज, रामू, देवेन्द्र, विश्राम, लालू आदि सम्पन्न परिवार छोड़ गए हैं।

### निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी-प्रदेश अध्यक्ष

**रायबरेली।** रायबरेली निवासी और अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्निहोत्री की गाड़ी पर लखनऊ में हुए हमले के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के बाद जांच अधिकारी की संदिग्ध भूमिका पर सवाल उठाते हुए श्री अग्निहोत्री ने व्यक्तिगत रूप से थाना प्रभारी सुशांत गोल्फसिटी से मिलकर जांच अधिकारी बदलने का अनुरोध किया। सूत्रों के अनुसार तत्काल प्रभाव से पूर्व जांच अधिकारी राम हरीश यादव को हटाकर मामला संदीप कुमार शर्मा को सौंप दिया गया है। श्री अग्निहोत्री ने स्पष्ट कहा कि उनके साथ हुई घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। घटना बीते गुरुवार की रात की है, जब लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी क्षेत्र स्थित दि ग्रांड़ काशा लॉन में एक वैवाहिक समारोह चल रहा था। शैलेन्द्र अग्निहोत्री सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उनकी फार्च्यूनर गाड़ी लॉन के मुख्य द्वार के पास खड़ी थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति गाड़ी के पास पहुंचा और सामने के शीशे पर ईंट-पत्थर से हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय वाहन में कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें स्पष्ट दिख रहा है कि एक व्यक्ति गाड़ी के पास आता है, शीशे पर वार करता है और तुरंत भाग निकलता है। बताया जा रहा है कि हमलावर कथित रूप से कार संख्या यूपी 78 ईवाई 1717 से फरार हुए। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने सुशांत गोल्फसिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि हमलावर अग्रिम जमानत के लिए अदालत में प्रयासरत हैं। हालांकि पुलिस आधिकारिक रूप से इस पर कुछ भी कहने से बच रही है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।घटना के बाद से प्रदेश अध्यक्ष और उनका परिवार सहमे हुए हैं। वहीं क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। सियासी हलकों में इस हमले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब देखना यह होगा कि नई जांच टीम इस मामले में कितनी तेजी और निष्पक्षता से कार्रवाई करती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### एनएसबीवीएम में प्री-प्राइमरी का वार्शिक परीक्षा फल वितरित हुआ

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में प्री-प्राइमरी विंग का वार्शिक परीक्षा फल वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष इन्द्रेश विक्रम सिंह, प्रबन्धक डॉ शशिकान्त शर्मा, प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित आये हुए अभिभावकों एवं टीचर्स ने प्रथमतः माँ सरस्वती का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नन्हें.मुन्ने बच्चों द्वारा स्वागत गीत से हुआ। अपने पाल्य का परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के इच्छुक अभिभावक विद्यालय में भारी संख्या में उपस्थित हुए। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने अभिभावकों के समक्ष राजस्थानी, होली एवं अन्य विधाओं की प्रस्तुतियों को प्रस्तुत कर सबका मन मुग्धकर लिया। छोटे-छोटे बच्चों की प्रत्येक प्रस्तुति पर विद्यालय परिसर तालियों से गूंजता रहा। होली का पर्व नजदीक होने के कारण सभी ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। आज के कार्यक्रम के संचालन में अन्जू त्रिपाठी एवं पूजा वर्मा ने चार चाँद लगा दिये। विद्यालय अध्यक्ष इन्द्रेश विक्रम सिंह ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए आये हुए सभी सम्मानित अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। देवांश दुबे द्वारा माँ पर पढ़ी गई कविता . ष्मैं मानता हूँ कि दुनिया का कोई रिश्ता छोटा या बड़ा नहीं होताण्ण्ण् लेकिन मेरी माँ के बराबर कोई और खड़ा नहीं होता!ष् की उन्होंने बहुत सराहना की। अन्त में प्रबन्धक डॉ शर्मा ने अभिभावकों एवं बच्चों के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के माता.पिता का सपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण रखता है। यह विद्यालय परिवार निरन्तर आपके बच्चों के भविश्य के लिए बेहतर काम करता रहेगा। आज जिस स्थिति में विद्यालय प्रगति शील है, उसमें आप सभी का सदैव विश्वास और महत्वपूर्ण स्थान रहा है। प्री-प्राइमरी में सभी स्टूडेन्ट्स समान होते हैं। रेस तो आगे आने वाली क्लास से स्टार्ट होगी।

### हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम उत्सव एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**सलोन, रायबरेली।** विकास खंड छतोह स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में हमारा आंगन हमारे बच्चेश् कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य को.लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित बाल वाटिका गतिविधियों को सशक्त बनाना तथा अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। कार्यशाला के दौरान बाल वाटिका कार्यक्रम की रूपरेखाए उद्देश्यों एवं संचालन पद्धति पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्र भेजें, ताकि उन्हें प्रारंभिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं पोषण का लाभ मिल सके। खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने बाल वाटिका के 14 निपुण बच्चों एवं उनके अभिभावकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि को.लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका की स्थापना बच्चों को खेल-खेल में बुनियादी शिक्षा प्रदान कर कक्षा-1 के लिए तैयार करने के उद्देश्य से की गई है।

इसके लिए ईसीसी एजुकेटर की नियुक्ति की गई है तथा विभाग द्वारा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं ईसीसी एजुकेटर को बाल वाटिका का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी छतोह एवं सीडीपीओ की प्रतिनिधि की गरिमामयी उपस्थिति रही। खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रारंभिक शिक्षा की सुदृढ़ नींव को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बताया। इस अवसर पर ब्लॉक के कक्षा-1 के नोडल शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं समस्त ईसीसी एजुकेटर सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदित्य पांडेय अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ, मनीष यादव लेखाकार, उत्कर्ष सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर, राजेश कुमार, आजाद एवं इंद्र कुमार सहित अन्य सहयोगियों की विशेष भूमिका रही।

# अवैध नर्सिंग होम ने छीन ली एक महिला की जिंदगी

### दो मासूम बच्चों के सर से उठा माँ का साया, जिम्मेदारो के कानो मे नहीं रेगी जूँ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली।** स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से जगह जगह खुले प्राइवेट अस्पताल आए दिन लोगों की जिंदगी से खेल रहे है फिर भी स्वास्थ्य विभाग जांच के नाम पर जनता ही नहीं उच्चाधिकारियों एवं सरकार को गुमराह कर रही है। कुछ माह पूर्व क्षेत्र का उजाला हॉस्पिटल ऑपरेशन के नाम पर मरीज से धन उगाही करने पर मामले की शिकायत डीएम से होने पर चर्चा में आया था। एक बार फिर उजाला हॉस्पिटल में एक महिला मरीज की




मौत क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। बताते चले कि चंदापुर मार्ग पर स्थित उजाला हॉस्पिटल एक बार फिर चर्चा में है जहां पर बुधवार की सुबह लगभग 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई मौत होते ही अस्पताल के संचालक ने जैसे तैसे सेटिंग गेटिंग कर परिजनों को चुप करा दिया और आनन फानन में शव का अंतिम संस्कार हो गया। मामला है कुसुढी सागर पुर का जहां के रहने वाले अवधेश यादव ने 6 माह पूर्व रायबरेली मार्ग स्थित प्राइवेट अस्पताल पूनम देवी में ट्यूमर का ऑपरेशन कराया था जहां पर अस्पताल के संचालक द्वारा चिकित्सकों की टीम बुलाकर ऑपरेशन कराया था। अभी छः माह ही बीते थे कि महिला को पथरी की समस्या हो गई इस बार उजाला हॉस्पिटल में उसका इलाज कराया गया जहां पर भी बाहर से चिकित्सकों की टीम बुलाकर उसका ऑपरेशन कर दिया गया। डाक्टरों की टीम तो ऑपरेशन करके चली गई परन्तु महिला की तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल के अप्रशिक्षित बिना किसी डिग्री डिप्लोमा के कार्य कर रहा स्टाफ उसका इलाज करता रहा। जब महिला की हालत मरणासन्न हो गई तो उसे बड़े अस्पताल ले जाने को कह दिया गया। परिजन जैसे तैसे उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया लखनऊ पहुंचने पर वहां के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से दो बच्चों के सिर से मां का आंचल उठ गया। हालांकि मामले में अस्पताल संचालक ने तुरंत ही मामले को संभाल लिया और परिजनों को बिना किसी कार्यवाही के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी कर लिया। परन्तु गांव के लोगों में दबी जुबान यह चर्चा जोरो पर है कि आखिर इतनी बड़ी लापरवाही के बाद परिजन चुप क्यों हो गए आखिर अस्पताल संचालक ने कितनी कीमत लगा दी। मामले में अस्पताल संचालक से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ गण नायक पांडे ने भी ऐसी किसी घटना की जानकारी न होने की बात कही है।

### निजी अस्पतालों पर कार्यवाही क्यों नहीं करता स्वास्थ्य विभाग

क्षेत्र में जगह जगह प्राइवेट अस्पताल खुले हुए है बिना पंजीकरण, बिना मानकों को पूरा किए ऐसे दर्जनों अस्पताल क्षेत्र में संचालित है जिसमें न तो कोई एमबीबीएस डाक्टर है न कोई सर्जन फिर भी मरीजों की भर्ती से लेकर बड़े बड़े ऑपरेशन किए जा रहे है और मरीजों की देख रेख भी अप्रशिक्षित स्टाफ के हवाले है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को आंख बंद रखना भ्रष्टाचार की पूरी कहानी बयां कर रहा है।

## प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों व कानून.व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सर्वे में यह सुनिश्चित कराया जायें कि कोई पात्र लाभार्थी का नाम सर्वे में न छूटें। निराश्रित गोवंश की समीक्षा करते हुए निर्देशित शत प्रतिशत निराश्रित गोवंशों को आश्रित कराया जायें, गोशालाओं में हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएए आवश्यकतानुसार गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण कराया जायें। गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगों को प्रेरित कर अधिक से अधिक गोवंशों की सुपुर्दगी करायें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में निर्देश दिये कि कार्य में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जायें। किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाए, जिससे किसानों को फसल सिंचाई में कोई दिक्कत न होए किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत



आपूर्ति भी रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करायी जायें। ग्रामीण क्षेत्रों में जले हुवे ट्रासंफार्मर को 24 से 48 घंटे में रिप्लेश कराया जाए। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों की नवीनीकरण, मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, इसके साथ ही निर्माणकार्य की गुणवत्ता भी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष में एक माह का समय शेष बचा है सभी विभाग अपने लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें, इसके साथ ही शत प्रतिशत प्राप्त बजट का उपयोग समय से कर लिया जाए, वित्तीय वर्ष के निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। जनपद में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु भी विचार विमर्श किया गया तथा निर्देश गये कि जनपद में सभी त्यौहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाए, इसके लिए सभी व्यापक प्रबंध किये जाये।

इस अवसर पर विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, डीएफ ओ प्रखर मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एमसीएफ द्वारा सीआईआई एवं उद्योग प्रतिनिधियों के साथ वेंडर डेवलपमेंट बैठक का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में आपूर्तिकर्ता विकास को प्रोत्साहित करने एवं उद्योग सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ सीआईआई के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने एमसीएफ में संचालित प्रमुख गतिविधियों एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। साथ ही फोर्ज व्हील प्लांट के प्रदर्शन एवं प्रमुख माइलस्टोन पर प्रकाश डाला गया। उन चिन्हित मदों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें वेंडर आधार को विस्तारित एवं विविधीकृत करने की पर्याप्त संभावनाएँ उपलब्ध हैं, जिससे उद्योगों के लिए सहभागिता के नए अवसर सृजित हो सकें। महाप्रबंधक, एमसीएफ ने सीआईआई उत्तर प्रदेश के निदेशक एवं हेड यूपी स्टेट आलोक शुक्ला के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। बैठक में विभिन्न उद्योगों से आए 19 प्रतिनिधियों सहित सीआईआई के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एमसीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों में सीएओ, एफ डब्ल्यूपी रवीश कुमार, सीएमएम एसके झा, सीएमएम आरके सिंह, सीएमएम केके कन्नौजिया, सीएमएम, कामेश्वर पासवान सीएमएम राजेश सिंह, सीडीई कुलदीप सिंह, सीडब्ल्यूई/एफडब्ल्यूपी मनोज शुक्ला, डीवाईसीएमएम आशीष चौधरी सहित सीआईआई एवं विभिन्न उद्योगों से निम्नलिखित प्रतिनिधि उपस्थित रहे। योगेश अरोड़ा सीनियर मैनेजर, एजी इंडस्ट्रीज प्रा.लि, सोम आशुतोष महाप्रबंधक एकेजीईसी स्किल्स फाउंडेशन, सोहिल वोहरा सीनियर मैनेजर मार्केटिंग एलिकॉन कास्टालॉय लिमिटेड, हर्षवर्धन गुने हेड स्ट्रैटेजिक बिज़नेस



डेवलपमेंट एलिकॉन कास्टालॉय लिमिटेड, आलोक शुक्ला निदेशक एवं हेड यूपी स्टेट सीआईआईए शशांक श्रीवास्तव एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सीआईआई, अभिजीत कुलकर्णी महाप्रबंधक डिजाइनटेक सिस्टम्स प्रा.लि, गिरीश राव, मैनेजिंग डायरेक्टर एशिया जीईबी, केबल्स एंड वायर्स इंडिया प्रा.लि, संजीव कुमार संस्थापक हिंदुस्तान सोलरटेक प्रा.लि, आकाश श्रीवास्तव सह.संस्थापक हिंदुस्तान सोलरटेक प्रा.लि गौरव कुमार पार्टनर यूटिलिटी सेल्स हिंदुस्तान सोलरटेक प्रा.लि, विशाल मैडरलावर मैनेजर जयश्री पॉलिमर्स प्रा.लि, प्रमोद कांची उपाध्यक्ष मैकटेक इंजीनियरिंग, विष्णु प्रसाद मैनेजर बिज़नेस डेवलपमेंट मैकटेक इंजीनियरिंग, तैयब ज़िया अहमद संस्थापक एवं निदेशक एमटेकप्रो टेक्नोलॉजीज, शौनक चौधरी, टेक्निकल मैनेजर सेल्स एमटेकप्रो टेक्नोलॉजीज, मान कपूर निदेशक एसवीई108, शिवकुमार टी महाप्रबंधक यूएनओ मिंडा लिमिटेड आदि लोग मौजूद थे।

## सहकारिता गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिला सहकारी बैंक सभागार में सहकारिता गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के संचालकों को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने सदस्यता महाभियान के अन्तर्गत सहकारिता विभाग एवं बैंक के अधिकारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृट कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना करते हुए सभी को अपने कर्तव्यों का पालन करने पर बल दिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, वरिष्ठ कोआपरेटर एवं पूर्व निदेशक कुंवर बहादुर सिंह, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष देवेन्द बहादुर सिंह, निदेशक राकेश प्रताप सिंह, अब्दुल रिजवान, अमरेश सिंह, विवेक कुमार सिंह सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में बैंक शाखाओं के शाखा प्रवन्धक, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता एव बी-पैक्स के अध्यक्ष, संचालक, एवं सचिव भी उपस्थित रहे। अंत में मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बसपा विधायक के घर रेड पर भाजपा के मंत्री के बयान पर सियासी गलियों मे शोर

### कैंसर से जूझ रहे उमाशंकर सिंह के घर आईटी की छापेमारी को लेकर नाराज हुये समधी दिनेश प्रताप सिंह ने सहानुभूति मे जारी किया बड़ा बयान!

### दिनेश सिंह के बयान के निकाले जा रहें चौंकाने वाले भावार्थ, किसी ने दल बदलने का लगाया कयास तो किसी ने बताया खतरे मे है राज्यमंत्री पद!

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** उप्र सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और रायबरेली से विधान परिषद सदस्य दिनेश प्रताप सिंह के बुधवार को आये एक बयान से सियासी गलियों के सन्नाटे में कयासी बयानबाजी का शोर गूँज उठा। दिनेश सिंह ने लोकप्रिय नेता बलिया के रसड़ा से बसपा विधायक और अपने समधी उमाशंकर सिंह के घर पर आयकर



विभाग के अफसरों द्वारा की गई छापेमारी पर बयान दिया है। राज्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउन्ट्स पर साझा की गई एक पोस्ट मे सवाल खड़ा किया है कि गंभीर रूप से अस्वस्थ विधायक उमाशंकर सिंह के घर आईटी की रेड होने के पीछे श्आखिर कौन संवेदनहीन राजनेता या संस्था हो सकती है जो ऐसी परिस्थितियों में भी राजनैतिक बदले की भावना से उन्हे पीड़ा देने की सोच सकता है? दिनेश प्रताप सिंह के इसी बयान को लेकर राजनैतिक कयासबाजी चरम पर है। कोई उनका मंत्री पद खतरे मे बता रहा है, तो कोई उनके राजनैतिक वजूद पर सवाल खड़े कर रहा है। कयासबाजों का क्या, कुछ भी सोच सकते हैं और बोल सकते हैं। चर्चायें रहीं कि मनोज पाण्डेय के घर अमित शाह के जाने के समय से दिनेश सिंह अपमानित महसूस कर रहे थे, इसलिए अब वे फिर दल बदलने वाले हैं। उनका राज्यमंत्री पद छीन लिया जाय, उससे पहले ही वे पार्टी से किनारा कर सकते हैं। ऐसी ही तमाम चर्चाओं ने सियासी गलियों मे हलचल पैदा कर दी, जबकि हकीकत है कि प्रदेश विधानसभा मे बसपा के एकलौते विधायक और अपने सेवा क्षेत्र में लोकप्रिय नेता उमाशंकर सिंह गंभीर रूप से कैंसर से पीड़ित हैं। उनके दो ऑपरेशन हो चुके हैं और लखनऊ के गोमती नगर स्थित अपने आवास में आइसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे हैं। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। चूंकि उमाशंकर सिंह दिनेश प्रताप सिंह के समधी हैं। ऐसे में उनके घर आईटी द्वारा की गई बड़ी छापेमारी को दिनेश सिंह ही नहींए हर संवेदनशील व्यक्ति, संवेदनहीन कार्रवाई ही कहेगा। दिनेश सिंह ने आईटी की रेड के समय पर सवाल उठाये हैं और उमा शंकर सिंह से रिश्तों को लेकर अपने समर्पण का इजहार किया है। उन्होने आईटी टीम पर अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाते हुये अपनी पोस्ट मे लिखा कि दो साल से घर में आइसोलेट उमाशंकर सिंह धनार्जन में नहीं अपनी जिन्दगी बचाने में धन व्यय कर रहे हैं। ऐसे में उनके इलाज मे लगी नर्सों व डॉक्टरों को घर जाने से रोकना, जायज कैसे ठहराया जा सकता है। दिनेश सिंह ने कहा कि इस प्रकार की परिस्थितियों में दुर्लभतम अपराधों में भी न्याया पालिका भी दया के आधार पर फैसले कर देती है। उन्होने कहा कि यदि विधायक के साथ कोई अनहोनी हुई तो आईटी विभाग जिम्मेदार होगा।

## कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर पीएम को सम्बोधित डीएम को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** भाजपा सरकार के इशारे पर ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्ती के विरूद्ध पास्को एक्ट अधिनियम के अर्न्तगत दर्ज प्राथमिकी व बटुको के साथ दुर्व्यवहार किये जाने के क्रम में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन कर एक ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के विरुद्ध पॉक्सों एक्ट के तहत प्रयागराज के अर्न्तगत थाना झूंसी में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उक्त प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित होने से समाज में गंभीर प्रश्न और भिन्न-भिन्न प्रकार की आशंकाएं उत्पन्न हो रही है। चूंकि विभिन्न सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने वाले व्यक्ति का लम्बा अपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ गंभीर अपराध के मुकदमें चल रहे है। इसलिए विभिन्न पहलूओं को देखते हुए अब आवश्यक हो गया है कि उन लोगों के खिलाफ भी निष्पक्ष जांच हो। प्रश्न उठना लाजमी है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी ने जब प्रदेश सरकार के खिलाफ आवाज उठाई तो उनके खिलाफ साजिश रचकर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 धार्मिक स्वतंत्रता तथा धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों के प्रबंधन का मौलिक अधिकार प्रदान करते हैं। शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक है, जिसकी मान्यता एवं परंपरा ऐतिहासिक धार्मिक परिपाटियों द्वारा निर्धारित होती है। इस संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अनेक निर्णय मार्गदर्शक हैं, जिसमें न्यायालय ने स्पष्ट किया कि आपराधिक कानून का उपयोग दमन या प्रतिशोध के साधन के रुप में नहीं किया जा



सकता है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कहा कि असहमति या आलोचना को दंडात्मक शक्ति से दबाया नहीं जा सकता। उपरोक्त संवैधानिक सिद्धांतों के आलोक में यह अत्यंत आवश्यक है कि आपराधिक प्रक्रिया निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं राजनीतिक प्रभाव से पूर्णतः मुक्त हो, धार्मिक पद की गरिमा अथवा उसकी वैधता को आपराधिक विवादों के साथ मिश्रित न किया जाए, तथा राज्यसत्ता का प्रयोग किसी आध्यात्मिक नेतृत्व को प्रभावित करने या उसकी प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने के औजार के रुप में न हो। कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने कहा कि प्रधानमंत्री यदि किसी शीर्ष धर्माचार्य के विरुद्ध उत्पन्न परिस्थितियों से यह धारणा बनती है कि शासन और आध्यात्मिक परंपरा के मध्य अनावश्यक टकराव की स्थिति है, तो इससे व्यापक धार्मिक, समाज में असंतोष एवं पीड़ा की भावना उत्पन्न हो सकती है। ऐसी किसी भी आशंका का समय रहते निराकरण लोकतांत्रिक संतुलन एवं सामाजिक सौहार्द की दृष्टि से आवश्यक है, कांग्रेस पार्टी सनातन धर्म और शंकराचार्य का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। पूर्व प्रत्याशी विधानसभा ऊंचाहार ने कहा कि भारतीय समाज में यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाहियां अनावश्यक कठोरता या प्रतिशोधात्मक भावना से प्रेरित है? यदि ऐसा है तो इससे न केवल राज्य की छवि धूमिल होती है, बल्कि केन्द्र सरकार की शासकीय क्षमता पर भी प्रश्नचिन्ह लग सकता है। ऐसी किसी भी धारणा का समय रहते निराकरण अत्यन्त आवश्यक है। इस मौके पर रमेश शुक्ला, निर्मल शुक्ला, प्रवक्ता महताब आलम, वीरेन्द्र यादव, राजकुमार दीक्षित, सुमित्रा रावत, श्रीमती हेमलता, राहुल बाजपेई, नौशाद खतीब, शीतान्शू मौर्या, घनश्याम शुक्ला, पल्टू पासी, मो.रिजवान, ज्योति प्रसाद पासी, अशरफ खान, अमित पासी, दिनेश यादव, ज्योति पासी, श्री राजेन्द्र सिंह, अखिलेश अवस्थी, रतीपाल पासी, अम्बरीश बाजपेयी, प्रमोद पाण्डेय, सूर्यकुमार बाजपेयी, सर्वोत्तम मिश्रा, मुन्ना घोसी, मनोज मिश्रा, हाजी उस्मान, मनीष सोनकर, अजीजुल हसन, सोनू खान, मो.असलम, महेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहकर विरोध प्रदर्शन किया।

# गाजियाबाद के स्कूल में घुसा तेंदुआ, परीक्षा निरस्त



**गाजियाबाद।** एनडीआरएफ रोड स्थित ग्रीन फील्ड स्कूल परिसर में बुधवार की सुबह करीब छह बजे तेंदुआ घुस आया। तेंदुआ ने स्कूल की कक्षाओं में घुसने का प्रयास किया लेकिन दरवाजे बंद होने पर असफल रहा। तेंदुए ने स्कूल के मैदान में करीब दो मिनट तक

## ■ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची

चहलकदमी की। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि एनडीआरएफ रोड पर तेंदुआ मंगलवार की रात भी सीसीटीवी में कैद हुआ है। सुबह छह बजे ग्रीन फील्ड स्कूल परिसर में घुस आया और कुछ देर बाद दीवार फांदकर भाग गया। सुरक्षाकर्मी ने तेंदुआ को स्कूल में देख लिया और स्कूल प्रबंधन को सूचना दी। जिसके बाद बुधवार को आयोजित कक्षा 11वीं की परीक्षा निरस्त कर दी गई और अभिभावकों को मैसेज भेजकर बच्चों को स्कूल न भेजने की अपील की गई। स्कूल के तमाम दरवाजे बंद कर दिए गए। स्कूल में तेंदुआ की सूचना पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के रास्तों पर जाल लगाया। सूचना पर एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ रोड पर बेरिकेटिंग लगाकर रूट डायवर्ट कराया। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए जाल लगाया है। वन विभाग और पुलिस मौके पर तैनात है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# नंदगांव से बरसाना तक लठामार होली का ऐलान

**मथुरा।** बरसाना में लड्डू होली के समापन के बाद शुक्ल पक्ष की नवमी, बुधवार की भोर से ही नंदगांव के हुरियारे लठामार होली की तैयारी में जुट गए। करीब 11 बजे नंदभवन में समाज गायन का भव्य आयोजन हुआ। पवित्र समाज की

## ■ गुलाल में सराबोर हुआ ब्रज

वार्षिकोत्सव पुस्तक का पूजन गोस्वामी समाज के मुखिया बिजन मास्टर ने किया। जैसे ही सकल कुंवर गोकुल के निकसे खेलनि फाग निकसे कुंवर खेलन चले रंग होरी हो मोहन नंद के लाल का गायन आरंभ हुआ, समूचा प्रांगण सुर-लय में बंध गया। समाजियों ने नंदलाला और दाऊजी के समक्ष पद गाकर उनसे संग चलकर होली खेलने का आग्रह किया, वहीं नंदीश्वर महादेव को भी अलौकिक होली का साक्षी बनने का निमंत्रण दिया। इसके पश्चात गोस्वामीजनों के पूर्वज बाबा आनंदघनजी की चौपाल पर चलौ बरसाने में खेलें होरी गाते हुए श्रीकृष्ण स्वरूप पताका के साथ हुरियारे



बरसाना की ओर पैदल प्रस्थान कर गए। ढालें लहराती रहीं, तिलक-रोरी-चंदन से सुसज्जित दल संकेतवट पहुंचा, जहां अष्टछाप कवियों के पदों का भावपूर्ण गायन हुआ। दोपहर होते-होते हंसी-ठिठोली के संग पीली पोखर पहुंचे हुरियारों ने थकान उतारी पीरी पोखर ते थकान मिटाय, जहां घुट रही भांग पियै हुरियारे की पंक्तियां मानो दृश्य बन गईं। पीली पोखर पर बरसाना के गोपों ने हुरियारों और कृष्ण स्वरूप पताका का भव्य पूजन किया। हुरियारिनों की लाठियों से बचाव को हुरियारों ने पाग बांधी इससे पहले सत्कार और भांग-ठंडाई का दौर चला। प्रिया कुंड पर स्वागत के बाद, ठाकुरजी की ध्वजा सबसे आगे लेकर, श्रृंगार से सजे हुरियारे खबर करियौ रे खबर करियौ रसिया आयौ गाते हुए श्रीजी मंदिर की ओर बढ़े। श्रीजी महल में नंदगांव-बरसाना के गुसाइयों के बीच संयुक्त समाज गायन हुआ। दर्शन उपरांत गलियों में खड़ी हुरियारिनों संग हंसी-ठिठोली और समाज के आदेश पर लठामार का आरंभ ब्रजलीला अपने चरम पर दिखी।

## मंगलगीतों से सजा घर-आंगन

पहली बार होली खेलकर लौटे हुरियारों के घरों में देर रात तक मंगलगीत गाए गए। महिलाओं ने नव प्रशिक्षु हुरियारों की मंगलकामना ब्रजराज से की और गीतों में सहभागी महिलाओं को मिठाई व उपहार भेंट किए गए। फागुन की इस रात नंदगांव में रसिया, रसमयता और परंपरा तीनों ने मिलकर ब्रज को फिर अमर कर दिया।

## नंदगांव की लठामार होली आज

बरसाना के उल्लास के बाद आज बुधवार को नंदगांव में लठामार होली का आयोजन होगा। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु इस दिव्य लीला के साक्षी बनेंगे। रंगीली गली और लठामार होली चौक से यह अलौकिक परंपरा टीवी चैनलों, समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के माध्यम से विश्व मंच पर दमकेगी। राधा-कृष्ण ध्वज के रूप में लीला के प्रमुख पात्र प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित होंगे, जबकि बरसाने के ग्वाल और नंदगांव की ग्वालिन सहनायक-नायिका की भूमिका निभाएंगे। हुरियारिनों में विशेष उत्साह है। मेहंदी, महावर और श्रृंगार से वे राधाजी सरीखी छटा बिखेरने को तैयार हैं।

# रंगभरी एकादशी कार्यक्रम को दिया गया अंतिम रूप



**वाराणसी।** महाशिवरात्रि के बाद दूसरे सबसे बड़े महापर्व रंगभरी एकादशी को लेकर प्रशासन और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने पूर्व महंत के परिवार के साथ बैठक की। बैठक में यह साफ कर दिया गया कि रंगभरी एकादशी पर पूर्व महंत के आवास से निकलने वाली शोभायात्रा में पालकी के साथ 64

## ■ पालकी के साथ 64 व्यक्तियों को ही काशी विश्वनाथ मंदिर में मिलेगा प्रवेश, मोबाइल प्रतिबंधित

व्यक्तियों को ही श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। प्रशासन के मुताबिक पूर्व महंत के परिवार के साथ हुई सहमति के अनुसार पालकी के साथ केवल 64 चिह्नित व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त किसी अन्य को भीड़ का हिस्सा बनने नहीं दिया जाएगा। बाउंड्री वॉल कूदने जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विशेष निगरानी और सख्ती बरती जाएगी। मंदिर परिसर के भीतर मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। मोबाइल के साथ पाए जाने पर उसे तत्काल जब्त किया जाएगा। हालांकि, मंदिर परिसर के बाहर संपूर्ण धाम क्षेत्र, शिवार्चनम मंच और मंदिर चौक में मोबाइल सहित श्रद्धालुओं और पत्रकारों के प्रवेश की अनुमति हमेशा की तरह ही रहेगी। न्यास की ओर से श्रद्धालुओं के लिए ठंडई, सूक्ष्म जलपान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है। पालकी को परंपरागत शास्त्रोक्त विधि से गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे संकरी गलियों से गुजरने वाली पालकी के मार्ग में अवरोध न उत्पन्न करें, अनावश्यक भीड़ न बढ़ाएं और नियमों का पालन करें।

## एक नजर

### तीसरी बार वाराणसी में कचहरी को उड़ाने की धमकी

**प्राथमिकी दर्ज, बढ़ी सुरक्षा**

**वाराणसी।** वाराणसी जनपद न्यायालय को मंगलवार को पखवारे में तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली। कैंट पुलिस ने कचहरी में जांच की। ई-मेल पर कोर्ट परिसर और जज चेंबर में ठीक दोपहर 1 बजे 15 बम ब्लास्ट करने की धमकी दी गई। धमकी भरे मेल के बाद न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। प्रशासनिक अधिकारी की तहरीर पर कैंट पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। आकाश क्षत्रिय नाम से भेजे गए ई-मेल में उल्लेख किया गया कि डीएमके की ओर से तमिलनाडु के स्कूल सिलेबस से पैगंबर मुहम्मद से संबंधित पाठ हटाने के विरोध में कदम उठाया जाएगा। ई-मेल को प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, जनपद न्यायालय वाराणसी के प्रशासनिक कार्यालय में भेजा गया। जनपद न्यायाधीश, वाराणसी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया है।

### लापता डेयरी कर्मी का शव मिलने से सनसनी

**परिजनों का आरोप-पत्नी ने करा दी हत्या**

**मैनपुरी।** मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी 40 वर्षीय कमलेश यादव पुत्र मुख्तयार सिंह कासगंज में डेयरी पर काम करते थे। चार दिन पहले 20 फरवरी को कमलेश नौकरी करके घर वापस आ रहे थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने किशनी थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुधवार सुबह 9 बजे लोगों ने पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने लाश देखी तो दंग रह गए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कमलेश के रूप में की। गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों सहित ग्वालियर बरेली हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी राम कृष्ण द्विवेदी और फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर परिजनों को जांच कर ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर आधा घंटे बाद जाम खुलवा दिया। मृतक के भाई अवधेश यादव ने आरोप लगाया कि कमलेश की पत्नी सुनीति और उसके प्रेमी ने हत्या कर शव को फेंका है। मृतक कमलेश के दो पुत्र 12 वर्षीय आयुष व 10 वर्षीय पीयूष का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नाबालिग से गैंगरेप, वीडियो बनाकर छह माह तक ब्लैकमेल

**गर्भ ठहरने पर खुला राज**

**मुरादाबाद।** मैनाठेर थाना क्षेत्र में 13 साल की एक किशोरी से चार लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। छह माह तक आरोपियों ने पीड़िता को ब्लैकमेल किया। इस दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी होने पर मां ने पूछताछ की तो आपबीती सुनाई। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोपियों में 70 साल का बुजुर्ग भी शामिल है। पीड़िता के पिता ने मैनाठेर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह गांव के पास ही अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाग की रखवाली करता है। करीब छह माह पहले वह मजदूरी करने गया था। उसकी पत्नी खाना बनाने घर चली गई थी। 13 साल की बेटी आम के बाग में मौजूद थी। तहजीब वहां पहुंच गया और उसकी 13 साल की बेटी को तमंचा दिखाकर गन्ने के खेत में ले गया। आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो बना लिया। अगले दिन तहजीब ने इस घटना का वीडियो किशोरी को दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। चार दिन के बाद आरोपी तहजीब ने आलम, कल्लू और एक अन्य को बुला लिया। चारों ने पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। कहीं शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोपी पिछले छह माह से पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहे हैं। तबीयत खराब होने पर मां किशोरी को डॉक्टर के पास ले गई तो पता चला कि उसकी बेटी गर्भवती है।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर के विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा

**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी के मुखिया व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के मेरठ जिले की हस्तिनापुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारियों की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। हस्तिनापुर को लकी

## ■ मेरठ जिले की हस्तिनापुर सीट से ताल ठोंकने की अटकलें

सीट मानते हुए यह दावा भी किया जा रहा है कि इस सीट पर जिस पार्टी का विधायक बनता है, आमतौर पर उसी पार्टी की सूबे में सरकार बनती है। हालांकि सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अभी ऐसी किसी संभावना से इंकार किया है। सोशल मीडिया पर पिछले कई दिनों से नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के आगामी विधानसभा चुनाव में हस्तिनापुर सीट से चुनाव लड़ने की बातें हो रहीं हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं इस तरह की पोस्ट के बीच जब सांसद चंद्रशेखर आजाद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी प्रदेश की सभी 403 सीटों पर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। उनका कहना है कि चुनाव में किस सीट पर कौन प्रत्याशी होगा, यह अभी तय नहीं है।

हस्तिनापुर सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की चल रही चर्चाओं के सवाल पर सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि पार्टी मेरे सहित जिस कार्यकर्ता के लिए जो भी जिम्मेदारी तय करेगी, वह उसके लिए सर्वोपरि होगा। पार्टी प्रदेश की जिस सीट पर भी मुझे लड़ने के लिए कहेगी, तो उसका पूरा सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव दूर है, इस बारे में अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

# कासगंज में भाजपा नेता गिरफ्तार

**कासगंज।** जनपद कासगंज की पटियाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कद्दावर और वरिष्ठ नेता, जो उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के पूर्व सदस्य भी रह चुके हैं, प्रोफेसर नीरज किशोर मिश्रा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के पीछे के विशिष्ट कारणों का अभी पूर्ण खुलासा नहीं हुआ है लेकिन प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार, यह मामला कुछ गंभीर आरोपों से जुड़ा हो सकता है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रोफेसर मिश्रा को पटियाली स्थित उनके आवास से या किसी अन्य स्थान से हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें स्थानीय पुलिस थाने लाया गया है, जहां उनसे पूछताछ जारी है।

# तीन दिन से लापता किशोरी का नदी किनारे मिला शव

**झांसी।** तीन दिन से लापता किशोरी का शव मंगलवार को नदी किनारे पड़ा मिला। वह सहेली की शादी में न जाने देने से परिजनों से नाराज होकर घर से निकल गई थी। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस उसकी

## ■ सहेली की शादी में न जाने देने से थी नाराज

तलाश में जुटी हुई थी। लहचूरा थाना इलाके के ग्राम धवाकर निवासी प्रेमदास ने बताया कि उसकी बेटी शीतल अहिरवार (17) की पड़ोस में रहने वाली सहेली की शादी थी। सहेली ने उसे शादी में आने का निमंत्रण दिया था।

लेकिन, गांव के लोग बेटी की सहेली के परिवार के यहां आना-जाना बंद किए हुए हैं। इससे बेटी को शादी में जाने से रोका, इस पर वह जिद करने लगी। लेकिन, उसे जाने नहीं दिया गया। इससे वह नाराज हो गई थी और रात में उसने खाना भी नहीं खाया था। 20 फरवरी की सुबह शीतल नाराज होकर घर से निकल गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। इस पर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। मंगलवार को गांव के पास से गुजर रही नदी के किनारे चरवाहों ने शीतल का शव पड़ा देखा। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मौके से साक्ष्य इकट्ठे किए। पुलिसने बताया कि युवती घर से नाराज होकर निकली थी। उसने गुस्से में नदी में छलांग लगा दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई।

# खाली बोतल फेंकने पर मेरठ में विवाद

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट के रशीदनगर में घर के सामने कोल्डड्रिंक की खाली बोतल फेंकने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष की महिलाओं ने छत से पथराव कर दिया। मारपीट में दो वर्षीय बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। रशीदनगर ढलाई वाली गली में सरताज परिवार के साथ रहता है। सरताज के बेटे बिलाल व शादाब फैनी बनाने का काम करते है।मंगलवार रात में बिलाल के पास करने वाले किसी कर्मचारी ने कोल्डड्रिंक पीकर खाली बोतल पड़ोसी शाहरुख के घर के बाहर फेंक दी। जिसको लेकर शाहरुख, सलमान व मुस्तकीम उर्फ गांधी ने उनके साथ गाली-गलौज कर दी। विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। बिलाल का आरोप है कि शाहरुख के परिवार की महिलाओं ने अपने घर की छत से उनके ऊपर पथराव कर दिया। जिसमें बिलाल, शादाब व उसका दो वर्षीय बेटा हैदर घायल हो गए।

# मेरठ के 700 से अधिक प्रतिष्ठानों पर प्रस्तावित ध्वस्तीकरण का मामला

## सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों ने दुकानों पर लगाए सपा के झंडे, भाजपा नेताओं से नोंक-झोंक

**मेरठ।** शास्त्रीनगर के सेंट्रल मार्केट के व्यापारी एक तरफ मायूस हैं तो दूसरी तरफ व्यापारियों के प्रतिष्ठान बचाए जाने को लेकर गहमागहमी का माहौल है। इसी बीच बुधवार को शास्त्रीनगर के स्थानीय भाजपा नेताओं में उस समय खलबली मच गई, जब सेंट्रल मार्केट सेक्टर दो के कई व्यापारियों ने अपनी दुकानों के बाहर सपा के झंडा लगा दिए। मौके पर पहुंचे भाजपा नेताओं की व्यापारियों के साथ तीखी नोंक-झोंक हुई। भाजपा नेताओं ने किसी तरह व्यापारियों को समझाते हुए उनके प्रतिष्ठानों से सपा के झंडे उतरवाए।

दरअसल, आवास विकास परिषद द्वारा सेंट्रल मार्केट के 700 से अधिक प्रतिष्ठानों पर प्रस्तावित ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को लेकर व्यापारी लगातार



विरोध कर रहे हैं। परिषद के अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं द्वारा समस्या का कोई समाधान ना निकाले जाने पर आक्रोशित सेंट्रल मार्केट के दर्जन भर व्यापारियों ने बुधवार को अपनी दुकानों के बाहर समाजवादी पार्टी के झंडे लगा दिए। मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा नेताओं में खलबली मच गई। स्थानीय पार्षद संजीव पुंडीर, भाजपा पार्षद वीरेंद्र शर्मा उर्फ बिल्लू, अमरजीत शर्मा सहित कई स्थानीय भाजपा नेता और कार्यकर्ता व्यापारियों के बीच पहुंचे और उनसे झंडे उतारने के लिए कहा। मगर, व्यापारी झंडे न उतारे जाने की बात पर अड़ गए। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कई वर्षों से भाजपा को वोट देने के बावजूद भाजपा की सरकार में ही उनके व्यापार उजाड़े जा रहे हैं। व्यापारियों ने आगामी चुनाव में बीजेपी को वोट न देने का ऐलान कर दिया। काफी देर चली नोंक-झोंक के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किसी तरह व्यापारियों को समझाया। इसके बाद उनकी दुकानों पर लगाए गए सपा के झंडे उतारे गए। बता दें कि अभी कुछ दिनों पहले सपा विधायक अतुल प्रधान के बयान को लेकर क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश सरकार में मंत्री डा सोमेंन्द्र तोमर ने भी बयान दिया था कि व्यापारियों के प्रतिष्ठान बचाने के लिए उनके स्तर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# मस्जिद में तरावीह के बाद लड्डू बांटने के दौरान जमकर मारपीट



**मेरठ।** एक मस्जिद में तरावीह के बाद लड्डू बांटने के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। बेल्टों से हमला किया गया। इससे मस्जिद में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। किसी तरह लोगों ने दोनों पक्षों को अलग किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो हापुड़ रोड पर चमड़ा पैंठ क्षेत्र की एक मस्जिद का सोमवार रात का बताया जा रहा है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में मस्जिद में काफी लोग एकत्र हैं। तरावीह के बाद का यह दृश्य नजर आ रहा है। 34 सेकेंड के वीडियो में दो पक्ष एक-दूसरे पर हमलावर हैं। एक दूसरे के साथ मारपीट कर रहे हैं। कुछ युवक बेल्ट से हमला कर रहे हैं। मस्जिद में मौजूद लोग जान बचाने को इधर-उधर भाग रहे हैं। कुछ लोग दोनों पक्षों को पकड़ते व समझाते दिख रहे हैं। मारपीट के बीच फंसे एक बच्चे को भी लोग बीच से निकालते दिख रहे हैं। मस्जिद में अफरा-तफरी का माहौल है। लोहियानगर थाना पुलिस का कहना है कि वीडियो चमड़ा पैंठ क्षेत्र की एक मस्जिद का है। मस्जिद में लड्डू बांटे जा रहे थे। इसी दौरान दो पक्षों में कहासुनी हो गई। इसके बाद हाथापाई और मारपीट शुरू हो गई। पुलिस वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान का प्रयास कर रही है।

# बिहार के इस जिले में होली पर डीजे बैन : जिला प्रशासन सख्त

**छपरा।** सारण में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इस संबंध में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और वरीय पुलिस

## ■ शांति व्यवस्था के लिए व्यापक तैयारी जारी

अधीक्षक विनीत कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधि-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के अवसर पर जिले में डीजे के संचालन पर पूर्णतः रोक रहेगी। सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देश देने और सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

साथ ही अश्लील और भड़काऊ गीत बजाने वालों के विरुद्ध प्रभावी



कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सार्वजनिक जुलूस के लिए लाइसेंस अनिवार्य होगा। बिना अनुमति जुलूस निकालने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि होली के दौरान शांति और भाईचारा बनाए रखें।

**असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी**-जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च और रात्रि गश्ती अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि मद्य निषेध कानून का सख्ती से पालन कराया जाएगा। प्रभावी आसूचना संकलन के आधार पर त्वरित और ठोस कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यक मामलों में सीसीए के तहत प्रस्ताव भेजे जाएंगे। सभी थानों को स्थानीय शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाना या जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 9031036406 पर दें।

# चौथी मंजिल से गिरी महिला, मौत

**गुरुग्राम।** सदर थाना के अंतर्गत टीकरी गांव में मंगलवार की रात को मकान की चौथी मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। सदर थाने की पुलिस आत्महत्या सहित अन्य बिंदुओं के आधार मामले में छानबीन कर रही है। मृत महिला की पहचान पंश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी निवासी अनीता (28) के रूप में हुई है। महिला टीकरी गांव में अपनी पांच वर्षीय बच्ची के साथ किराये के कमरे में रहती थी। पति की तीन साल पहले ही मौत हो चुकी है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात करीब 1.30 बजे महिला मकान की चौथी मंजिल से नीचे गिर गई। महिला के नीचे गिरने से आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## पानीपत रिफाइनरी में मजदूरों का प्रदर्शन फिर हिंसक


# पुलिस पर पथराव, लाठीचार्ज में एक मजदूर घायल, हाथ टूटा

**पानीपत, हरियाणा।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पानीपत रिफाइनरी में ठेका मजदूरों का तनाव आज तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को मजदूरों ने रिफाइनरी रोड पर जाम लगाकर धरना दिया, जिसके दौरान पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसमें एक मजदूर का हाथ टूट गया। फिलहाल माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है, दोनों तरफ भारी भीड़ और सुरक्षा बल तैनात हैं। सूत्रों के अनुसार, मजदूर सुबह से रोड जाम करके बैठे थे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन मजदूर नहीं माने और भीड़ उग्र हो गई। पथराव के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर मजदूरों को खदेड़ा।



घायल मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रशासन की ओर से स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसडीएम और डीएसपी मौके पर तैनात हैं। अधिकारियों और ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों को समझाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन श्रमिक अड़े हुए हैं कि मांगें पूरी होने की लिखित पुष्टि मिलने के बाद ही वे काम पर लौटेंगे। रिफाइनरी के पी-25 प्रोजेक्ट समेत अन्य निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। सुरक्षा के मद्देनजर सभी गेटों पर भारी पुलिस और सीआईएसएफ बल तैनात है। **उनकी प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं-** 12 घंटे की बजाय 8 घंटे की ड्यूटी हो।, वेतन भुगतान हर महीने 1 से 7 तारीख के बीच हो।, IOCL के बोर्ड रेट के अनुसार वेतन और बेसिक सैलरी मिले।, दुर्घटना में मृतक के परिवार को मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी।, ओवरटाइम का डबल भुगतान।, सभी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय छुट्टियां मिलें।, ड्यूटी 26 दिनों की हो।, रिफाइनरी के पास अस्पताल, सस्ती कैंटीन, पीने का पानी और शौचालय की व्यवस्था। PF कटौती सही ढंग से हो और ईएसआई कार्ड सभी मजदूरों को मिले।, ठेकेदारों द्वारा मांगों का पालन न करने पर FIR और ब्लैकलिस्टिंग।

# शेयर मार्केट में भारी उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स डे-हाई से 681 अंक टूटकर बंद




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती बढ़त के बावजूद बुधवार को सपाट क्लोजिंग हुई। प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक अपनी बढ़त के सिलसिले को बरकरार नहीं रख पाए और मामूली बढ़त के साथ बस हरे निशान पर बंद भर हो सके। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 50.15 अंकों की बढ़त के साथ 82.276.07 जबकि निफ्टी 57.85 अंक चढ़कर 25,482.50 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 90.95 (अस्थायी) के स्तर पर स्थिर रहा। मंगलवार की भारी गिरावट के बाद बुधवार को भारतीय शेयर बाजार ने वापसी की कोशिश की, लेकिन ऊपरी स्तरों पर मुनाफावसूली के कारण बाजार अपनी शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख सका। दिनभर के भारी उतार-चढ़ाव के बाद बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 731.99 अंकों (0.89 प्रतिशत) की शानदार छलांग लगाते हुए 82,957.91 का उच्च स्तर छुआ था, लेकिन आखिरी घंटों में यह बढ़त कायम नहीं रह सकी। इससे पिछले सत्र (मंगलवार) में सेंसेक्स 1,068.74 अंक (1.28 प्रतिशत) और निफ्टी 288.35 अंक (1.12 प्रतिशत) टूटकर बंद हुए थे।

**किन शेयरों और सेक्टर्स का हाल?-** सेंसेक्स पैक में शामिल कई कंपनियों के शेयरों में बुधवार को तेजी दर्ज की गई। मुनाफे वाले शेयर- एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंटरग्लोब एविएशन, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई। **नुकसान वाले शेयर-** दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अदाणी पोर्ट्स और इटरनल के शेयरों में गिरावट का रुख रहा और ये लाल निशान में बंद हुए।

**ऑफर की घोषणा-** स्विगी ने ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल 2026 लॉन्च किया, जिसमें एंबेसडर भुवन बाम के साथ एवीपी ध्रुविश ठक्कर ने 60 शहरों के 40,000 रेस्टोरेंट्स में 50प्रतिशत छूट व एचडीएफसी बैंक कार्ड ऑफर की घोषणा की।

**बाजार पर विशेषज्ञों की राय**

वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों और अमेरिकी टेक शेयरों में एआई संबंधी अनिश्चितता कम होने से भारतीय बाजार गैप-अप के साथ खुले थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि बैंक ऑफ जापान के नरम रुख ने एशियाई बाजारों को समर्थन दिया, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ केंद्रित नई टिप्पणियों और रुपये के मूल्यह्रास के कारण बाजार ने अपनी शुरुआती मजबूती खो दी। ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर के अनुसार, किसी मजबूत घरेलू ट्रिगर के अभाव और मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच निवेशकों ने आक्रामक रुख अपनाने से परहेज किया। उन्होंने यह भी कहा कि ऊपरी स्तरों पर मुनाफावसूली ने बाजार की धारणा को काफी प्रभावित किया। वैश्विक बाजार की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कोस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्केई 225 और हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स भारी बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार भी सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

**रूपे ऑन-द-गो कार्ड्स-** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने रूपे ऑन-द-गो कार्ड्स के लिए एनएफसी आधारित इंस्टैंट बैलेंस अपडेट फीचर लॉन्च किया, जिसे एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गणेश अनंतनारायणन ने डिजिटल भुगतान और ट्रांजिट अनुभव को आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 102.53 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने बाजार को समर्थन देते हुए 3,161.22 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इस बीच, वैश्विक कमोडिटी बाजार में ब्रेंट क्रूड 0.14 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 70.67 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक भारत की पहुंच



**नई दिल्ली।** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक साझेदारियों को तेजी से मजबूत कर रहा है। अब देश को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक प्राथमिक व्यापार पहुंच प्राप्त है। गोयल ने यह बात कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 5वें नेशनल एक्सपोर्ट्स कॉम्पिटिटिवनेस समिट 2026 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही। रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म थीम पर आधारित इस समिट में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नीति-निर्माता, राजनयिक, वित्तीय संस्थान और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए, जहां 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

**भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं**

मंत्री ने कहा कि जब दुनिया अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, तब भारत व्यापार, विश्वास और परिवर्तन के पुल बना रहा है। इसे वैश्विक वाणिज्य में भारत की बढ़ती भूमिका का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और ये सभी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हुए हैं। गोयल के अनुसार, इन समझौतों ने भारत की वैश्विक व्यापार स्थिति को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया यह नहीं पूछती कि भारत के साथ व्यापार करना है या नहीं, बल्कि यह पूछती है कि भारत के साथ व्यापार और कारोबारी संबंध कितनी तेजी से बढ़ाए जा सकते हैं।

**भारत ने एक ही दिन में कैसे किए व्यापार वार्ता?**

तेजी से बढ़ रही व्यापार कूटनीति का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक ही दिन में छह घंटे के भीतर भारत ने खाड़ी सहयोग परिषद (त्नष्टष्ट) के साथ एफटीए वार्ता शुरू की, इस्राइल के साथ समझौते को अंतिम रूप देने पर चर्चा की और चिली के साथ वार्ता शुरू करने की तैयारी की। मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ एफटीए लागू होने के बाद इन देशों के साथ भारत का वस्तु व्यापार दोगुना हो चुका है, जो गहरे व्यापारिक समझौतों के प्रत्यक्ष लाभ को दर्शाता है। निर्यात वृद्धि को गति देने के लिए गोयल ने चार बिंदुओं की रणनीति पेश की। इसमें एमएसएमई और स्थानीय क्लस्टरों तक एफटीए के लाभ की व्यापक जानकारी पहुंचाना, विश्वस्तरीय गुणवत्ता मानकों पर जोर, उच्च मूल्य वाले उत्पादों के जरिए वैल्यू चेन में ऊपर बढ़ना और जिला स्तर पर निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए बड़ी कंपनियों द्वारा मार्गदर्शन शामिल है।

## एक नजर

### सरकारी खातों से जुड़े मामले में 583 करोड़ लौटाए

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ स्थित शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ विभागों के खातों से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने संबंधित विभागों को मूल राशि व ब्याज सहित 583 करोड़ का 100 प्रतिशत भुगतान कर दिया है। प्रारंभिक जांच में शाखा के कुछ कर्मचारियों द्वारा जाली दस्तावेजों के आधार पर भुगतान क्लियर करने और बाहरी लोगों की मिलीभगत के संकेत मिले हैं, जिसकी जांच जारी है। बैंक ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा जताया है।

### वैश्विक विनिर्माण विस्तार में बढ़ती क्षमताओं को मजबूती मिलेगी

**नई दिल्ली।** मोरेपेन लेबोरेटरीज ने वैश्विक फार्मा से करीब 825 करोड़ का बहुवर्षीय कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गनाइजेशन ऑर्डर हासिल किया है। सप्लाई अगले 4-5 महीनों में शुरू होने की उम्मीद है और यह ऑर्डर अगले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही तक लागू किया जाएगा। अपने इतिहास का सबसे बड़ा सीडीएमओ ऑर्डर बताते हुए कहा कि इससे वैश्विक विनिर्माण विस्तार और रेगुलेटेड मार्केट में उसकी बढ़ती क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। कंपनी की सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय मान्यताएं प्राप्त हैं। चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील सूरी ने इसे कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म के विकास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया, जबकि प्रेसिडेंट (इंटरनेशनल ग्रोथ) कुशल सूरी ने कहा कि यह ऑर्डर वैश्विक ग्राहकों के भरोसे और कंपनी की तकनीकी व नियामकीय क्षमता को दर्शाता है।

# भारत में डिजिटल पेमेंट इंफ्रा को बढ़ावा

**नई दिल्ली।** ग्लोबल फिनटेक प्लेटफॉर्म पाईन लैब्स को भारत की प्रमुख ऑयल मार्केटिंग कंपनियों–भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड–से बहुवर्षीय कॉन्ट्रैक्ट मिले हैं। इसके तहत देशभर के पेट्रोल पंपों और मर्चेंट आउटलेट्स पर 1.30 लाख डिजिटल पेमेंट डिवाइस स्थापित कर उनके संचालन व रखरखाव का कार्य किया जाएगा। कंपनी आईओसीएल के लॉयल्टी रिवार्ड प्लेटफॉर्म 'एक्सट्रापॉवर' का संचालन भी करेगी, जिससे फ्यूल मैनेजमेंट और डिजिटल भुगतान सेवाएं मजबूत होंगी। पाईन लैब्स के सीईओ बी. अमरीश राउ ने कहा कि यह साझेदारी भारत में फ्यूल रिटेल सेक्टर के डिजिटलीकरण को तेज करेगी।

# वैश्विक व्यापार में तनाव से सर्राफा बाजार में तेजी, चांदी 2.77 लाख के पार



**नई दिल्ली।** वैश्विक व्यापार नीतियों में अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश (सेफ हेवन) के रूप में सोने-चांदी की मांग में जोरदार इजाफा हुआ है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की शानदार तेजी दर्ज की गई, जिससे निवेशकों का रुझान एक बार फिर रक्षात्मक संपत्तियों की ओर स्पष्ट रूप से दिखा है।

**चांदी-** सफेद धातु की कीमत 5,900 रुपये (2 प्रतिशत) के भारी उछाल के साथ 2,77,900 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। मंगलवार को यह 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**सोना-** 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में 1,000 रुपये (लगभग 1 प्रतिशत) की मजबूती आई और यह 1,64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में शानदार रिकवरी-** वैश्विक स्तर पर भी बुलियन मार्केट में तेजी का रुख है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट सिल्वर 3.13 डॉलर (3.59 प्रतिशत) चढ़कर 90.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि सोना लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,181.46 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। मीरा एसेट शेयरखान के कमोडिटीज और करेंसी प्रमुख प्रवीन सिंह के मुताबिक, ÷स्पॉट गोल्ड ने मंगलवार की बिकवाली से हुए नुकसान की काफी हद तक भरपाई कर ली है, जो मजबूत अमेरिकी डॉलर और जोखिम लेने की सकारात्मक धारणा के कारण हुआ था।

**सर्राफा बाजार में तेजी के क्या कारण-** बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इस तेजी के पीछे मुख्य रूप से वैश्विक भू-राजनीतिक और व्यापारिक कारण जिम्मेदार हैं

**सोने की शुद्धता-** लाइव टाइम्स के ऑपरेशन गोल्ड स्टिंग में दिल्ली-एनसीआर के ज्वेलरी बाजारों में सोने की शुद्धता में कथित अनियमितताओं का खुलासा हुआ, जिस पर सीईओ दिलीप सिंह ने उपभोक्ता जागरूकता और सख्त जांच की जरूरत बताई।

**ट्रेड टैरिफ का डर-** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिकी व्यापार नीति पर लगातार बनी अनिश्चितता ने सुरक्षित निवेश प्रवाह को प्रेरित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उच्च शुल्कों की ताजा धमकियों ने वित्तीय बाजारों को बेचैन कर दिया है, जिससे सोने जैसी संपत्तियों की मांग बढ़ गई है।

**अमेरिका-ईरान वार्ता-** गुरुवार को जिनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच तीसरे दौर की वार्ता होनी है। ऑगमोंट की रिसर्च हेड रेनिशा चैनानी के अनुसार, वाशिंगटन और तेहरान के बीच जारी राजनयिक बातचीत और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी अनिश्चितता वैश्विक बाजारों में जियोपॉलिटिकल रिस्क प्रीमियम बनाए हुए है, जिससे बुलियन की कीमतों को सीधा समर्थन मिल रहा है।

# वैश्विक अनिश्चितता और एआई की वजह से बाजार का सेंटिमेंट प्रभावित

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों को देखते हुए निवेशकों द्वारा बाजार में मुनाफावसूली जारी है। हालांकि आज घरेलू बाजार में बढ़त देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 558.79 अंक बढ़कर 82,784.71 पर पहुंच गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 157.05 अंक चढ़कर 25,581.70 पर पहुंच गया। वहीं पिछले दिन मंगलवार को भारतीय बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी टैरिफ पर चिंता के साथ आईटी शेयरों की बड़े पैमाने पर बिकवाली रही। वहीं अमेरिका-ईरान विवाद जो काफी लंबे समय से चल रहा है साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के साथ मजबूत होता डॉलर भी बाजार की गिरावट की वजह बने। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च हेड सिद्धार्थ खेमका कहते हैं कि दुनिय भर में अनिश्चितता और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की वजह से होने वाली रुकावट की चिंता लगातार बाजार के सेंटिमेंट पर असर डाल रही हैं। आगे देखें तो, मिले-जुले ग्लोबल और घरेलू संकेतों की वजह से मार्केट के एक बड़े दायरे में बने रहने की उम्मीद है। **फरवरी में अभी तक आईटी शेयरों में 20 प्रतिशत की गिरावट**-आईटी कंपनियों की शेयरों के लिए फरवरी का महीना सबसे बुरा साबित होता दिखाई दे रहा है। निफ्टी आईटी इंडेक्स में अभी तक 20 प्रतिशत अधिक की गिरावट देखी जा चुकी है, जो कि सितंबर 2008 के बाद की सबसे बड़ी मंथली गिरावट बन सकती है। एआई आधारित परेशानियों और अमेरिका में उच्च ब्याज दरों को लेकर चिंताओं के बीच फरवरी में अभी तक आईटी शेयरों में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं वैश्विक स्तर पर भी आईटी शेयरों में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर कहते हैं कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी स्पेस में एआई की वजह से होने वाली रुकावट को लेकर चिंताओं ने कुल मिलाकर रिस्क लेने की क्षमता पर असर डाला और अधिकतर सेक्टर्स में अपनी रक्षात्मक पोजिशनिंग को बढ़ाया है। आईटी सेक्टर पर बिकवाली का सबसे अधिक असर पड़ा और इसकी वजह से ग्लोबल कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई है।

# सोयाबीन और बिनौला तेल के भाव में बढ़त, तिलहन कमजोर



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव से आपूर्ति प्रभावित होने के चलते देश के तेल-तिलहन बाजारों में तेजी का रुख देखा गया। सोयाबीन और बिनौला तेल के भाव में सुधार रहा जबकि डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग के चलते सोयाबीन तिलहन में गिरावट दर्ज की गई। सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के भाव पूर्व स्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों के अनुसार इस बार खपत बढ़ने के बावजूद खाद्य तेलों का आयात घटा है। नवंबर-दिसंबर 2022 में कुल 31.11 लाख टन (खाद्य व अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जबकि नवंबर-दिसंबर 2023 में यह घटकर 24.72 लाख टन रह गया यानी करीब 21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है और देश के बंदरगाहों पर सोयाबीन तेल आने में 40 से 45 दिन का समय लग रहा है। विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम नरम रहने के बावजूद घरेलू बाजारों पर इसका असर नहीं पड़ा है, जिससे संकेत मिलता है कि देश में खाद्य तेलों का स्टॉक सीमित है। सूरजमुखी और सोयाबीन जैसे सॉफ्ट तेलों की आपूर्ति कम है और जाड़े व विवाह-शादी के मौसम में मांग बढ़ने से आपूर्ति की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। यह स्थिति देशी तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित करती है। देश की एक प्रमुख तेल कंपनी पामोलीन तेल के 770 ग्राम के पाउच को 85 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रही है, जिससे पामोलीन तेल का भाव 120 रुपये प्रति किलो बैठता है जबकि इसका आयात मूल्य 85 रुपये प्रति किलो ही है। गरीब वर्ग, जो पामोलीन तेल का अधिक उपयोग करता है, इस बढ़ी लागत का बोझ उठाने को मजबूर है। विशेषज्ञों ने कहा कि तेल संगठनों और सरकार को केवल थोक बाजार नहीं बल्कि खुदरा बिक्री मूल्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे - सरसों तिलहन 5,415 से 5,465 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,665 से 6,740 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलीवरी (गुजरात) 15,750 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350 से 2,625 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 10,025 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों घानी तेल 1,710 से 1,810 रुपये प्रति टिन, तिल तेल 18,900 से 21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल (दिल्ली) 10,075 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलीवरी (इंदौर) 9,825 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ (कांडला) 7,900 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला तेल (हरियाणा) 8,525 रुपये प्रति क्विंटल और पामोलीन आरबीडी (दिल्ली) 9,100 रुपये प्रति क्विंटल रहा। कुल मिलाकर विदेशी बाजारों की मजबूती और घरेलू आपूर्ति में कमी के कारण तेल-तिलहन बाजार में मजबूती का रुख बना हुआ है जबकि उपभोक्ताओं पर खुदरा कीमतों का दबाव बढ़ा है। यदि आयात में तेजी नहीं आई और घरेलू उत्पादन नहीं बढ़ाया गया तो आने वाले महीनों में तेल की कीमतों में और वृद्धि देखी जा सकती है।

# भारतीय निवेशक 30 विदेशी बाजारों में कर सकेंगे कारोबार




**नई दिल्ली।** भारतीय खुदरा निवेशकों के लिए वैश्विक बाजारों में निवेश करना अब और आसान होगा। एनएसई आईएक्स ने नया वैश्विक पहुंच मंच (ग्लोबल एक्सेस प्लेटफॉर्म) शुरू किया है, जिसके जरिए निवेशक 30 अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कारोबार कर सकेंगे। फिलहाल यह मंच प्रारंभिक चरण (सॉफ्ट लॉन्च) में है और इसकी शुरुआत अमेरिकी बाजार से हुई है। एनएसई आईएक्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी वी. बालासुब्रमण्यम के अनुसार इस सुविधा के तहत निवेशकों को डिजिटल केवाईसी के माध्यम से एक मिनट से भी कम समय में पंजीकरण की सुविधा मिलेगी और कारोबार के लिए डीमैट खाते की जरूरत नहीं होगी। निवेशक वेब ब्राउजर या मोबाइल अनुप्रयोग (ऐप) के जरिए सीधे त्रद्धस्न्रञ्ज ष्टद्बह्ल4 स्थित निर्धारित खाते में धनराशि भेज सकेंगे। यह मंच भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों और उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत संचालित होगा, जिसके अनुसार निवेशक सालाना 2.5 लाख डॉलर तक विदेशों में निवेश कर सकते हैं। मंच पर आंशिक निवेश (फ्रैक्शनल इन्वेस्टिंग) की सुविधा भी होगी, जिससे निवेशक कम राशि में महंगे शेयरों का छोटा हिस्सा खरीद सकेंगे।

# किसानों का पैसा रोकने पर लगेगा 12प्रतिशत ब्याज 2 लाख करोड़ की खाद सब्सिडी सीधे खाते में



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए कड़े और पारदर्शी सुधारों की बात कही गई है। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के आर्थिक हितों से जुड़ा कोई भी समझौता या लेटलतीफी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**भुगतान में देरी पर जुर्माना और डीबीटी पर जोर**

किसानों के बकाये को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कृषि मंत्री ने चेतावनी दी कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय देरी को खत्म करने के लिए अपना हिस्सा सीधे किसानों के खातों में भेजने के विकल्प पर काम कर रही है। इसके अलावा, एक बड़े नीतिगत बदलाव का संकेत देते हुए उन्होंने सालाना 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खाद (उर्वरक) सब्सिडी को सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजने पर विचार करने की बात कही, ताकि वास्तविक अन्नदाता को इसका सीधा फायदा मिल सके।

**एमएसपी खरीद और सस्ता ऋण**

किसानों को फसल का तुरंत दाम दिलाने के उद्देश्य से श्री चौहान ने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की प्रक्रिया मौजूदा तीन महीने के बजाय अधिकतम एक महीने के भीतर पूरी होनी चाहिए। वहीं, लगभग 75 प्रतिशत छोटे किसानों को मिलने वाले 4 प्रतिशत ब्याज दर वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋणों के वितरण में %जीरो देरी% सुनिश्चित करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी।

**लाइसेंसिंग में पारदर्शिता लाने की दिशा में काम कर रही सरकार**

कृषि इनपुट की गुणवत्ता सुधारने के लिए पेस्टिसाइड लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाएगा, जिससे ईमानदार कंपनियों को सहूलियत मिले और नकली उत्पादों पर सख्त रोक लग सके। इसके साथ ही, अनुसंधान और विस्तार के बीच सेतु का काम करने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों को जिले के %कृषि रिफॉर्म कमांड सेंटर% के रूप में सशक्त किया जाएगा। इस आयोजन में कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इन नई नीतियों और तकनीकों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए सरकार खरीफ सीजन से पहले, अप्रैल माह से %विकसित कृषि संकल्प अभियान% शुरू करेगी। इस अभियान के तहत वैज्ञानिक सीधे %लैब से खेत तक% जाकर किसानों को आधुनिक कृषि और नई शोध उपलब्धियों के प्रति जागरूक करेंगे।

# भारत बना दुनिया का स्मार्टफोन हब, 2025 में 30 अरब डॉलर निर्यात के मायने क्या?

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती धमक के बारे में बताया है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आंकड़ा साझा करते हुए बताया है कि भारत अब दुनिया के लिए स्मार्टफोन विनिर्माण का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। कैलेंडर वर्ष 2025 (जनवरी से दिसंबर) के दौरान देश का स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है।

**इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 11 गुना का ऐतिहासिक उछाल-** स्मार्टफोन के अलावा पूरे इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर की तस्वीर भी बेहद सकारात्मक है। पिछले महीने वैष्णव ने बताया था कि 2025 में भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 47 अरब डॉलर (करीब 4.15 लाख करोड़ रुपये) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। साल 2014-15 से तुलना करें तो पिछले 11 वर्षों में देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 11 गुना और उत्पादन में 6 गुना की भारी वृद्धि दर्ज की गई है। इन आंकड़ों के दम पर इलेक्ट्रॉनिक्स अब भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात उत्पाद बन चुका है।

**कैसे बढ़ा मेड इन इंडिया का दबदबा?**

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का कुल उत्पादन 2014-15 के 1.9 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 11.3 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वहीं, इस अवधि में निर्यात 0.38 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अगर केवल मोबाइल फोन विनिर्माण की बात करें तो देश ने एक लंबी छलांग लगाई है- वर्तमान में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल उत्पादक देश है। 2014-15 में देश में जहां केवल 2 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स थीं, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर करीब 300 हो गई है। आज भारत में बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल फोन मेड इन इंडिया हैं। पिछले 11 वर्षों में मोबाइल उत्पादन 0.18 लाख करोड़ रुपये से उछलकर 5.5 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जबकि इसका निर्यात 0.01 लाख करोड़ रुपये (नगण्य) से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

**रोजगार, एमएसएमई और पीएलआई स्कीम का क्या लाभ मिला?**

इस सेक्टर की तेज ग्रोथ का सीधा असर रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था पर दिख रहा है। लार्ज स्केल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए लाई गई पीएलआई स्कीम ने 13,475 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया है, जिसके परिणामस्वरूप 9.8 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन हासिल हुआ है।



# जिम्बाब्वे के खिलाफ 'करो या मरो' के मुकाबले में भारत के शीर्षक्रम को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** शीर्षक्रम की नाकामी और पिछली हार के बाद भारी दबाव से जूझ रही गत चैम्पियन भारतीय टीम को 'जाइंट किलर' जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के 'करो या मरो' के मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से हार के बाद भारत का नेट रनरेट (माइनस 3.80) खराब हो गया है जिससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाये रखने के लिये यह मुकाबला हर हालत में बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके लिये पारी की शुरूआत और तीसरे नंबर की समस्या से पार पाना होगा। विश्व कप से पहले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन शानदार फॉर्म में थे जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया था । लेकिन पेट के संक्रमण के बाद से अभिषेक की लय खो गई है । सपाट पिचों पर आफ स्पिनरों के सामने वह अपने पसंदीदा शॉट नहीं खेल पा रहे हैं जिसका भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह 15 रन ही बना सके हैं जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा । सवाल यह है कि आक्रामक बल्लेबाजी की स्वाभाविक शैली को तिलांजलि देकर क्या वह कुछ रन बना सकेंगे। अभिषेक की शैली में ही खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने अपने खेल में बदलाव किया और पाल्लेकेल में पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाया । उनकी पारी देखकर ही शायद अभिषेक को ऐसा कुछ करने की प्रेरणा मिले। ब्रूक कभी भी स्पिनरों के सामने सहज नहीं रहे लेकिन उन्होंने पाकिस्तानी स्पिन आक्रमण की बखिया उधेड़ दी । उन्होंने रक्षात्मक और आक्रामक बल्लेबाजी का अच्छा तालमेल पेश किया। तिलक वर्मा को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा । अभिषेक के खराब फॉर्म के कारण तिलक को ईशान का बखूबी साथ देना चाहिये था लेकिन ऐसा हुआ नहीं । ईशान 193 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिल पा रहा । सूर्यकुमार यादव ने 180 रन बनाये हैं लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 127 रहा है जो उनके टी20 कैरियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है जिससे ईशान पर काफी दबाव बन गया है। शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या निचले क्रम पर आक्रामक पारियां नहीं खेलते तो कुछ मैचों में तो भारत का स्कोर सम्मानजनक भी नहीं रहता। बायें हाथ के तीन बल्लेबाजों ईशान, अभिषेक और तिलक के सामने विरोधी टीमों ने पावरप्ले में आफ स्पिनरों का उपयोग किया है । शीर्ष तीन में दाहिने हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन को शामिल करने की संभावना है हालांकि वह खुद बहुत अच्छे फॉर्म में नहीं हैं । ऐसे में टीम प्रबंधन सूर्यकुमार को तीसरे और तिलक को चौथे नंबर पर उतार सकता है । वैसे चेपॉक की पिच से उन्हें काफी मदद मिल सकती है । जिम्बाब्वे के पास उतना खतरनाक स्पिन आक्रमण भी नहीं है जिसका अभी तक भारत ने सामना किया है । तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी , रिचर्ड एनगारावा और ब्राड इवांस से कड़ी चुनौती मिल सकती है । गेंदबाजी में भारत को चिंता करने की जरूरत नहीं है लेकिन पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट 20 रन पर चटकाने के बाद उसे सात विकेट पर 187 रन बनाने का मौका दे दिया जिस पर विचार करना होगा।



टीम इस प्रकार हैं:
**भारत:** सुयकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।
**जिम्बाब्वे:** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा ।

## भारत को टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा : शास्त्री

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार भारत के लिये खतरे की घंटी रही है और अब उसे टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा । दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से मिली पराजय के बाद भारत को अब बृहस्पतिवार को जिम्बाब्वे से खेलना है । पिछले टी20 विश्व कप से चले आ रहे 12 मैचों में जीत के सिलसिले पर भी इससे रोक लग गई । शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में कहा ,'' आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है । लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया । यह भारत के लिये जरूरी खतरे की घंटी रहा । इससे अब टीम को रणनीति और संयोजन पर फिर से विचार करना होगा ।'' उन्होंने कहा ,'' उन्होंने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हलके में नहीं लेना है । एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जायेगा ।'' शास्त्री ने भारतीय टीम को अतिरिक्त स्पिनर लेकर उतरने की सलाह दी। उन्होंने कहा , अक्षर पटेल को वापिस लाना ही होगा। आपको उसके अनुभव की जरूरत है ।

### टी-20 विश्व कप अंक तालिका (सुपर 8)

| ग्रुप-1 | मैच | जीत | हार | बे-नतीजा | अंक | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वेस्टइंडीज़ | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 5.3 |
| साउथ अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3.8 |
| भारत | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -3.8 |
| ज़िम्बाब्वे | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -5.3 |
| ग्रुप-2 | | | | | | |
| इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +1.4 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | +3.0 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | - 0.4 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.8 |

## एक नज़र

### ब्रूक ने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली : शाहीन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने शानदार शतक लगाकर इंग्लैंड को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में ले जाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। ब्रूक ने सुपर आठ के मुकाबले में मंगलवार को 50 गेंद में शतक जड़ा । अफरीदी ने मैच के बाद कहा ,'' मुझे लगता है कि यह उसके कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी थी । उसने खालिस क्रिकेट शॉट्स खेले । विकेट आसान नहीं था ।'' उन्होंने कहा ,''उनके सारे बल्लेबाज जूझ रहे थे लेकिन उसने बेहतरीन पारी खेली ।'' अफरीदी ने चार ओवर में 30 रन देकर चार विकेट लिये लेकिन उनकी टीम दो विकेट से हार गई । मैच के दौरान अफरीदी ने ब्रूक से हाथ मिलाकर उनकी पारी की प्रशंसा की । उन्होंने कहा ,'' वह इसका हकदार था । यह विश्व स्तरीय पारी थी। हैरी और मैं पीएसएल में साथ खेले हैं और हमारी अच्छी दोस्ती है । उसने लाहौर कलंदर्स के लिये खेला था ।'' पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें अब किस्मत के भरोसे हैं लेकिन अफरीदी ने उम्मीद नहीं छोड़ी है । उन्होंने कहा ,'' क्रिकेट में ऐसा होता है लेकिन अभी भी हम टूर्नामेंट में है और कुछ भी हो सकता है। पहले हमे श्रीलंका को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि न्यूजीलैंड हार जाये ।''

### राष्ट्रीयता के आधार पर खिलाड़ियों को बाहर नहीं किया जाना चाहिए : ईसीबी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और 'द हंड्रेड' की फ्रेंचाइजी ने संयुक्त बयान जारी करके कहा है कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसी आशंका है कि इस प्रतियोगिता के लिए अगले महीने होने वाली नीलामी में भारतीय स्वामित्व वाली कम से कम चार टीमें पाकिस्तानी क्रिकेटरों को जानबूझकर नजरअंदाज कर सकती हैं। आठ फ्रेंचाइजी में से चार मैनचेस्टर सुपर जायंट्स (आरपीएसजी ग्रुप), एमआई लंदन (रिलायंस), सदर्न ब्रेव (जीएमआर) और सनराइजर्स लीड्स (सन ग्रुप) के मालिक आईपीएल के टीमों के मालिक भी हैं और ब्रिटिश मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार ये टीमें नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लेने से परहेज कर सकती हैं। पिछले साल 'द हंड्रेड' कि किसी भी टीम का मालिक भारतीय नहीं था इसके बावजूद इस प्रतियोगिता के लिए केवल दो पाकिस्तानी खिलाड़ियों को चुना गया था। इस टूर्नामेंट के पहले पांच सत्र में पाकिस्तान के केवल नौ खिलाड़ी ही खेल पाए हैं। टीमों के नए मालिक इस सत्र से इन फ्रेंचाइजी का संचालन करेंगे। ईसीबी और आईपीएल से जुड़े मालिकों सहित 'द हंड्रेड' की सभी आठ फ्रेंचाइजी का स्वामित्व रखने वाले मालिकों ने संयुक्त बयान में कहा, ''द हंड्रेड की शुरुआत नए दर्शकों तक पहुंचने, क्रिकेट को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि हर कोई, चाहे वह किसी भी जाति, लिंग, धर्म, राष्ट्रीयता या अन्य किसी भी आधार पर हो, हमारे खेल में अपनी जगह महसूस कर सके। खिलाड़ियों को उनकी राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए।''

### क्रिकेट सीजन से घरेलू पर्यटन में उछाल

**नई दिल्ली।** भारत में आगामी क्रिकेट सीजन के चलते घरेलू पर्यटन में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एयरबीएनबी के अनुसार रांची, तिरुअनंतपुरम, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में मैचों के दौरान सर्चिंग और बुकिंग में सालाना आधार पर उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कंपनी के अनुसार युवा दर्शक अब क्रिकेट मैचों को ट्रैवल और पर्यटन अनुभव के रूप में अपनाते हुए ग्रुप और फैमिली ट्रिप्स को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### लगातार फेल हो रहे जोस बटलर के बचाव में उतरे कप्तान ब्रूक

**नई दिल्ली।** मंगलवार को पालेकेले में पाकिस्तान पर करीबी मुकाबले में दो विकेट से जीत दर्ज करने के बाद इंग्लैंड आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। इंग्लैंड के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर इस टूर्नामेंट में बल्ले से संघर्ष कर रहे हैं और अब तक सिर्फ 62 रन ही बना पाए हैं। हालांकि, पाकिस्तान पर जीत के बाद उनके कप्तान हैरी ब्रूक ने उनका समर्थन किया है। जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ब्रूक से पूछा गया कि क्या उन्हें अपने पूर्व कप्तान के बल्ले से फॉर्म को लेकर चिंता है, तो 27 वर्षीय ब्रूक ने कहा कि नहीं, जैसा कि मैंने कई बार कहा है, वह विश्व क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी हैं। उन्होंने हर स्तर पर कमाल किया है। उन्होंने वनडे और टी20 में विश्व कप जीते हैं और यह सिर्फ समय की बात है। इंग्लैंड के ग्रुप स्टेज मैचों में बटलर ने नेपाल के खिलाफ 26 रन, वेस्ट इंडीज के खिलाफ 21 रन, स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन रन और इटली के खिलाफ तीन रन बनाए। सुपर एट के पहले मैच में बटलर ने श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ सात रन बनाए और मंगलवार को पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने सिर्फ दो रन बनाए। बटलर की फॉर्म को लेकर मीडिया के सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रुक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि लोगों को उन्हें थोड़ा नरमी बरतनी चाहिए। मुझे लगता है कि विश्व क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 500 से अधिक टी20 मैच खेले हैं, इंग्लैंड के लिए 150 से अधिक मैच खेले हैं, और उनका औसत अभी भी 35 है और स्ट्राइक रेट 145 है।

## टीम से जुड़ेंगे रिंकू सिंह?

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद लिवर कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। वह पिछले कुछ दिनों से नोएडा के अस्पताल में भर्ती हैं। मंगलवार को रिंकू भी पिता का हालचाल जानने के लिए चेन्नई से नोएडा पहुंच गए थे।
इसके बाद से उनकी जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में उपलब्धता को लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। वहीं, मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बताया कि रिंकू आज शाम तक टीम से जुड़ सकते हैं।

## लखनऊ गोल्फ लीग में अवध ईगल्स व बीबीडी रेंजर्स सेमीफाइनल में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ गोल्फ लीग के 5वें संस्करण के 9वें दिन ग्रुप बी के फाइनल राउंड में खेले गए मुकाबलों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पहले मैच में अवध ईगल्स ने अमेजिंग ओरिजिन्स को 4-1 से हराया, जिसमें स्वप्निल राज व इंद्र पाल पांडेय 2-1, समशेर बहादुर सिंह व आनंद शुक्ला 8-6, नवीन चरण व राजीव कुमार पांडेय 5-4 तथा सचिन दत्ता तिवारी व हार्दिक सिंह 6-4 ने महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में स्टिंगर्स ने पार सीकर्स को 3-2 से पराजित किया। इस मैच में बबली नंदा व अनुज अग्रवाल 5-4, डॉ. संजय कुमार व राजेश कुमार मिश्रा 2-1 तथा डॉ. अरुण कुमार राणा व ध्रुव सेठ (1 अप) की जीत निर्णायक साबित हुई। दिन के अंतिम मुकाबले में बीबीडी रेंजर्स ने पीआर हुंडई जो रॉयल को 4-1 से शिकस्त दी। टीम की ओर से सुनील खन्ना व सतीश कुमार तिवारी 3-2, प्रभजोत सिंह व साद अहमद रिज़्वी 7-6, ज़ोहेब सिद्दीकी व गगन वोरा (18वें होल पर 1 अप) तथा विक्रम सिंह व राजेश खन्ना 2-1 ने शानदार प्रदर्शन किया। ग्रुप बी से अवध ईगल्स और बीबीडी रेंजर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही टूर्नामेंट अब नॉकआउट चरण में प्रवेश कर चुका है और सभी की निगाहें ग्रुप ए के मुकाबलों पर टिकी हैं, जहां शेष दो सेमीफाइनलिस्ट टीमों का फैसला होगा।



## मांजरेकर ने भारत के मुख्य कोच पर साधा निशाना, कहा- गंभीर के लिए हर मर्ज की एक दवा हैं 'वॉशिंगटन सुंदर'

**नई दिल्ली।** टी20 विश्वकप 2026 में सुपर-8 राउंड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इस हार से भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल का रास्ता मुश्किल हो गया है। उसे बाकी बचे दोनों मैचों में बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद कई पूर्व दिग्गज क्रिकेटर भारतीय प्लेइंग-11 पर सवाल उठा रहे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा जिस बात की हो रही है, वह है उपकप्तान अक्षर पटेल को बेंच पर बैठाकर वॉशिंगटन सुंदर को खिलाने की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुंदर न तो गेंदबाजी में चले और न ही बल्लेबाजी में। अब इसको लेकर संजय मांजरेकर का बयान सामने आया है। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर पर निशाना साधा है।
सुंदर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केवल दो ओवर गेंदबाजी मिली और उन्होंने बिना विकेट लिए 17 रन खर्च किए। बल्ले से सुंदर सिर्फ 11 रन का योगदान दे सके। इसके बाद मांजरेकर ने गंभीर पर तंज कसते हुए स्पोर्ट्स नेक्स्ट पर बातचीत में कहा- कैलाश जीवन, इस नाम की एक दवा हुआ करती थी पहले। अगर आपको सिरदर्द है, तो आप उसे लगा सकते थे। अगर आपके पेट में दर्द है, तो आप उसे खा सकते थे। वह हर मर्ज की एक दवा थी। गौतम गंभीर के पास भी हर मर्ज की एक दवा है। सब उसका नाम जानते हैं- वॉशिंगटन सुंदर। बल्लेबाजी में कोई दिक्कत है तो सुंदर को ले आओ टीम में। गेंदबाजी में कोई समस्या है तो फिर वही सुंदर को ले आओ टीम में। सबका एक ही जवाब है। उन्हें बाकी बल्लेबाजों पर तरजीह दी गई। सुंदर पांचवें नंबर पर खेलने आए। दुबे छह पर, हार्दिक सात पर और रिंकू आठ पर। अब बहुत हो गया यह प्रयोग।'

## श्रीलंका टी-20 वर्ल्डकप से बाहरः न्यूजीलैंड ने 61 रन से हराया, रचिन रवींद्र को 4 विकेट, सैंटनर ने 47 रन बनाए

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 से संयुक्त मेजबान श्रीलंका की छुट्टी हो चुकी है। वह सुपर-8 के अहम मुकाबले में न्यूजीलैंड के हाथों 61 रनों की करारी हार के साथ टी-20 विश्व कप से बाहर हो गया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 168 रन बनाए, जवाब में श्रीलंका 107 रन ही बना सकी। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए अहम मुकाबले में श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से कप्तान मिचेल सैंटनर ने 26 गेंदों में 47 रन बनाए जिसमें 4 गगनचुंबी छक्के और 2 चौके शामिल थे। उनका साथ कोल मैककॉन्ची ने दिया और नाबाद 31 रन बनाए। फिन एलेन, रचिन रवींद्र और ग्लेन फिलिप्स ने भी उपयोगी पारी खेली और टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा ने तीन और दुश्मंथा चमीरा ने भी 3 विकेट लिए। युवा स्पिनर वेल्लालगे ने 1 विकेट हासिल किया। अंत के ओवरों में श्रीलंका के गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए और यही कारण है कि न्यूजीलैंड की टीम एक बेहतर स्कोर तक पहुंच सकी।169 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही है उसके 6 रनों पर ही दो विकेट गिर गए। 24 रनों पर चार बल्लेबाज पवेलियन चले गए और 59 के योग तक पहुंचते-पहुंचते 6 बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे और लगातार धीमी रन गति की वजह से यहीं से श्रीलंका की टीम की हार साफ दिखने लगी थी। श्रीलंका निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 107 रन ही बना सकी और 61 रनों से हारकर इस विश्व कप से बाहर हो गई। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का इस मैच में तांडव देखने को मिला। मैट हेनरी ने 2 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 1 मेडन के साथ 3 रन दिए और 2 विकेट हासिल किए। उन्हें दूसरे स्पेल में गेंदबाजी नहीं दी गई। मिचेल सैंटनर ने 4 ओवर में 1 रन लिया वहीं रचिन रवींद्र ने गेंद से भी कमाल करते हुए 4 ओवर की गेंदबाजी में 27 रन देकर चार विकेट हासिल किए। उन्होंने बल्ले से भी 22 गेंदों में 32 रन बनाए थे इस कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। न्यूजीलैंड के शेष गेंदबाजों ने भी किफायती गेंदबाजी की और श्रीलंका को 107 के स्कोर पर रोक दिया।



## रणजी फाइनल में बवाल! जम्मू-कश्मीर के कप्तान ने कर्नाटक के फील्डर को मारा सिर, मयंक ने किया बीच बचाव

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल में बड़ा बवाल देखने को मिला है। जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक के बीच हुबई में खेले जा रहे इस मुकाबले में तब विवाद बढ़ गया, जब जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने कर्नाटक के फील्डर को सिर दे मारा। इसके बाद बीच बचाव में मयंक अग्रवाल लड़ाई में कूद पड़े। उन्होंने पारस को आगे बढ़ने से रोका।
यह घटना रणजी ट्रॉफी 2025-26 के फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन घटी। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा टीम की पारी के दौरान 101वें अपना आपा खो बैठे और कर्नाटक के एक फील्डर से भिड़ गए। उनको ऐसा करते देख फुटबॉल के महान खिलाड़ी जिनेदिन जिदान की याद आ गई। फ्रांस के इस दिग्गज फुटबॉलर ने 2006 फीफा विश्वकप फाइनल में इटली के खिलाड़ी को सिर दे मारा था। इससे उन्हें रेड कार्ड मिला था। फ्रांस की टीम उस फीफा विश्वकप के फाइनल में हार गई थी। डोगरा ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर चौका जड़ा। गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर स्लिप में चार रन के लिए गई। हालांकि, गेंद स्लिप क्षेत्र में खड़े फील्डर के बस बगल से गुजरी। इसके तुरंत बाद स्ट्राइकर एंड पर खिलाड़ियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। स्टंप माइक में भी कुछ तीखी बातें सुनाई दीं। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और डोगरा और कर्नाटक के फील्डर केवी अनीश के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसी दौरान पारस ने अनीश के हेल्मेट पर सिर मारा। इससे पहले कि अंपायर बीच-बचाव करते, कर्नाटक के सीनियर बल्लेबाज मयंक अग्रवाल दोनों खिलाड़ियों के बीच आ गए और स्थिति को संभालने की कोशिश की। माना जा रहा है कि लगातार की जा रही स्लेजिंग से डोगरा नाराज हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोगरा ने बाद में अनीश से सिर मारने के लिए माफी भी मांगी, लेकिन कर्नाटक के खिलाड़ी ने उसे स्वीकार नहीं किया। इस घटना के बाद कर्नाटक के फील्डर और ज्यादा आक्रामक हो गए और डोगरा का ध्यान भटकाने की कोशिश करते रहे। मैच अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर माहौल शांत कराया और दोनों टीमों के खिलाड़ियों से बात की। फाइनल के पहले दिन केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर डोगरा नौ रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी कर्नाटक के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाक की उछाल लेती गेंद उनके दस्ताने पर लगी। चोट लगने के कारण उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। हालांकि, 41 वर्षीय डोगरा अगले दिन फिर से बल्लेबाजी करने उतरे और धैर्यपूर्ण अर्धशतक जमाया।



## वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के सामने दक्षिण अफ्रीका की रफ्तार की चुनौती

**नई दिल्ली।** टूर्नामेंट में अब तक अपराजेय रही वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें टी20 विश्व कप सुपर आठ के मुकाबले में बृहस्पतिवार को आमने सामने होंगी तो आक्रामक कैरेबियाई बल्लेबाजों को बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण से पार पाना होगा । दक्षिण अफ्रीका ने खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम को पिछले मैच में इसी मैदान पर 76 रन से हराया था जबकि वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को मुंबई में 107 रन से मात दी । वेस्टइंडीज के पास बेहतरीन आक्रामक बल्लेबाज हैं जो अपने दम पर मैच जिताने का माद्दा रखते हैं । अब उनका सामना हालांकि दक्षिण अफ्रीका के ऐसे गेंदबाजी आक्रमण से होगा जिसने रविवार को भारतीय बल्लेबाजों को नाकों चने चबवा दिये थे । मार्को यानसेन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडि ने मिलकर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है । दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज भी कमतर नहीं है और डेविड मिलर ने अक्सर संकटमोचक की भूमिका निभाई है । भारत के खिलाफ पावरप्ले में कई विकेट गंवाने के बाद उन्होंने पारी को संभाला। इस महा मुकाबले में व्यक्तिगत टक्कर पर भी नजरें होंगी मसलन शिमरोन हेटमायेर कैसे रबाडा की गेंदों को खेलते हैं या रोवमैन पॉवेल को महाराज की फिरकी कितना परेशान कर पाती है । मिलर का अनुभव बायें हाथ के स्पिनर अकील हुसैन के सामने कितना काम आता है या यानसेन की गेंदों की उछाल ब्रेंडन किंग को रास आती है या नहीं। यह मैच दिन में खेला जायेगा तो समीकरण अलग होंगे । ओस नहीं होने से टॉस का महत्व उतना नहीं रहेगा । पिच सूखी रहने से शुरूआत में ही स्पिनरों की भूमिका हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका ने अपने अधिकांश मैच नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर ही खेले हैं जिससे टीम यहां के हालात में ढल चुकी है । इसका फायदा उसे इस महत्वपूर्ण मैच में मिल सकता है। वेस्टइंडीज अगर जीत जाता है तो भारत के लिये मुश्किलें खड़ी हो सकती है । इससे वेस्टइंडीज सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब आ जायेगा और दक्षिण अफ्रीका को आखिरी सुपर आठ मैच में जिम्बाब्वे को हराना होगा । ऐसे में भारत को वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों पर बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।



**टीमें :**
वेस्टइंडीजः शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्डे, शिम्रोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड।
दक्षिण अफ्रीकाः एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नार्किया, क्वेना मफाका, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ।

# शिवराज ने पेश किया देश में कृषि सुधारों का विस्तृत रोडमैप

## कृषि मंत्री ने अन्नदाता किसानों को बताया जीवनदाता, कहा- 'किसानों की सेवा भगवान की पूजा के समान'

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** तीन दिवसीय राष्ट्रीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेती-किसानी को 'विकसित कृषि-आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में ले जाने वाले कई बड़े कृषि सुधारों का रोडमैप सामने रखा है। उन्होंने साफ संदेश दिया कि अब किसान का पैसा रोककर रखने की पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी और एमएसपी खरीदी से लेकर केसीसी लोन ही नहीं बल्कि पेस्टिसाइड लाइसेंस और केवीके की भूमिका सरीखे तमाम स्तरों पर पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही तय की जाएगी। चौहान ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज देना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी योजना में राज्यों की ओर से भुगतान में विलंब होता है तो भी केंद्र का हिस्सा सीधे किसान के खाते में भेजने के विकल्प



पर काम किया जा रहा है। षिवराज के अनुसार जब केंद्र पैसा देता है तो यह भी देखना उसकी जिम्मेदारी है कि लाभ असली किसान तक पहुंचा या नहीं और इसके लिए मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम एक जरूरी रिफॉर्म है। उन्होंने किसानों को 'अन्नदाता' के साथ-साथ 'जीवनदाता' बताते हुए कहा कि किसानों की सेवा उनके लिए भगवान की सेवा के समान है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे केवल देश की खाद्य सुरक्षा ही नहीं बल्कि पोषण सुरक्षा और वैश्विक बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने का भी संकल्प लें ताकि भारत दुनिया के लिए सच्चे अर्थों में 'विश्व बंधु' की भूमिका निभा सके।

राजधानी दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान- पूसा में स्थित आईसीएआर-आईएआरआई परिसर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले तीन दिवसीय प्रतिष्ठित पूसा कृषि विज्ञान मेले का पौधारोपण करके औपचारिक शुभारंभ करने के बाद अपने संबोधन में शिवराज ने उक्त बातें कहीं। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एमएल जाट और आईएआरआई के निदेशक डॉ. सीएच श्रीनिवास राव सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर कृषि रिफॉर्म्स पर अपनी बात रखते हुए शिवराज ने ऐलान किया कि कृषि विज्ञान केंद्रों को जिले की एक सशक्त इकाई के रूप में विकसित किया जाएगा जो अनुसंधान और एक्सटेंशन के बीच सेतु का काम करे। उन्होंने वित्तीय संस्थाओं और बैंकों से अपेक्षा जताई कि किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े ऋण समय पर और बिना अनावश्यक कागजी देरी के जारी किए जाएं ताकि किसान साहूकारों पर निर्भर न रहें। उन्होंने संकेत दिया कि पेस्टिसाइड लाइसेंस प्रक्रिया को सरल, लेयर कम, समय सीमा तय और पूरी तरह पारदर्शी बनाने की दिशा में काम किया जाएगा ताकि गुणवत्तापूर्ण उत्पाद जल्दी बाजार में आए और घटिया व नकली उत्पादों पर सख्त रोक लग सके। साथ ही उन्होंने खाद सब्सिडी की रकम सीधे किसानों के खाते में डालने की व्यवस्था शुरू करने का संकेत भी दिया। इसके अलावा उन्होंने तीन महीने के बजाय एक महीने के भीतर ही एमएसपी पर खरीद पूरी कर लेने की व्यवस्था बनाने की बात भी कही ताकि किसान को तुरंत उचित दाम मिल सके और एमएसपी के नाम पर बिचौलिए अनुचित लाभ न उठा सकें।

# ब्रजदेव एथनोल प्लांट का राष्ट्रीय महासचिव ने किया उद्घाटन




**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सेमरिहा गांव स्थित ब्रजदेव एथनोल प्राइवेट लिमिटेड दो लाख लीटर एथनोल उत्पादन प्लांट का मंगलवार की रात्रि में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने उद्घाटन किया उद्घाटन समारोह के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद ने कहा की यह अत्याधुनिक परियोजना आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हुए तेल आयात पर निर्भरता कम करेगी पर्यावरण संरक्षण का बढ़ावा देगी तथा गन्ना मक्का किसानों की आय में वृद्धि का नया मार्ग प्रशस्त करेगा क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलेगा केंद्र और प्रदेश सरकार उद्योगो को बढ़ाया देने के लिए प्रतिबद्ध है यह एथनोल उत्पादन इकाई ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के साथ साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार नए अवसर सृजित करेगी एथनोल उत्पादन में प्रयुक्त कृषि उपज की मांग बढ़ाने से क्षेत्र के किसानों को भी लाभ मिलेगा इस प्रेरणादायी पहल के लिए उधामी देवेश गिरि को बधाई दिया इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उद्योगपति स्थानीय नागरिक और भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे रोजगार और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया ब्रजदेव एथनोल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक देवेश गिरि ने अतिथियों का स्वागत किया है इस दौरान सांसद भदोही विनोद बिंद, सोहन श्री माली,नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा, रमाशंकर पटेल, रिंकी कोल, सुचिस्मिता मौर्य, एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी आदि मौजूद रहे।

# सैनेटरी पैड उत्पादन केंद्र इकाई व विंध्य मार्ट का छानबे विधायक ने किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत भटवारी में पंचायत भवन परिसर में मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाए गए सैनेटरी पैड बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सैनेटरी पैड उत्पादन के लिए लगायी गयी मशीन का बुधवार को छानबे विधायक रिंकी कोल ने फीता काटकर उद्घाटन किया है सैनेटरी पैड उत्पादन केंद्र से महिलाओ के लिए सैनेटरी पैड तैयार किया जायेगा और विकास खंड में सैनेटरी पैड की बिक्री किया जायेगा उद्घाटन समारोह को छानबे विधायक ने सम्बोधित करते हुए कहा की महिलाए आत्मनिर्भर बन रही है और रोजगार मिल रहा है महिलाये हर



मामले में आगे बढ़ रही है सैनेटरी पैड उत्पादन इकाई का संचालन क्रांति महिला समूह की महिलाओ द्वारा संचालन किया जा रहा है कार्यक्रम को बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा की ग्राम पंचायत भटवारी में सैनेटरी पैड उत्पादन इकाई से पुरे क्षेत्र में आपूर्ति कराया जायेगा इसके बाद ग्राम पंचायत गुर्गी के राजस्व गांव बडौही गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा बनाए गए विंध्य मार्ट का छानबे विधायक रिंकी कोल ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया विंध्य मार्ट के प्रमुख आकर्षण उत्पाद समूह की महिलाओ द्वारा निर्मित बनारसी साड़ी, सरसो तेल, लहसुन अचार, हरा मिर्च अचार, मोटा मिर्च अचार आवला अचार, नींबू आचार बल्ब, अगरबत्ती सहित अन्य सामान की बिक्री किया जायेगा इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद,सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान भटवारी राजेश मौर्य, गुर्गी रमेश कुमार मौर्य, अपना दल एस नेता शशिकांत पटेल, लालजी मौर्य, बीएमएम भूपेंद्र शुक्ला, रामदयाल, रामलोचन आदि मौजूद रहे।

# चकबंदी अधिकारी ने चौपाल लगाकर कास्तकारों की सुनी समस्याएं




**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरवा औसान सिंह के पंचायत भवन पर बुधवार को चकबंदी अधिकारी हलिया मिथिलेश कुमार मिश्रा ने चौपाल लगाकर गांव के कास्तकारो की चकबंदी से संबंधित समस्याओं को सुना है चकबंदी अधिकारी द्वारा गांव में खारिज 132 सी की जमीन को खाली रखने की अपील कास्तकारों से किया है जिससे गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सके चकबंदी अधिकारी ने कास्तकारों से कहा है की गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सहायक चकबंदी अधिकारी, चकबंदी कर्ता लेखपाल से सम्पर्क करने का निर्देश दिया जिससे कास्तकारों को सही चक मिल सके इस दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी श्रवण कुमार प्रजापति, चकबंदी कर्ता अम्बिका, लेखपाल शेखर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्या आदि मौजूद रहे।

# महिला सहित 3 वर्षीय बालक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के मेजा ददरी बांध के नीचे बाइक पर पीछे बैठी महिला तथा उसका 3 वर्षीय बालक बुधवार को गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए महिला के ससुर ने घायल महिला तथा बालक को बाइक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद महिला के दाहिने पैर की गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया संतनगर थाना क्षेत्र के पड़रिया कला गांव निवासी 22 वर्षीया सुमन अपने 3 वर्षीय बच्चे अरुण को लेकर बाइक से अपने ससुर लालचंद के साथ हलिया थाना क्षेत्र के बेदउर गांव अपने मायके जा रही थी बाइक जैसे ही हलिया थाना क्षेत्र के मेजा ददरी बांध के नीचे पहुंची की सड़क में गड्ढे की वजह से बाइक उछलने के कारण पीछे बैठी महिला बच्चा समेत नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई ससुर लालचंद ने किसी तरह बहु तथा बच्चे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहां पर डॉ आलोक यादव व डॉ रीना सिंह के द्वारा घायल महिला तथा बच्चे का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत महिला के दाहिने पैर के गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया।

# अंगूर लदी ट्रक पशुओं को बचाने में पलटी, चालक सहचालक बाल-बाल बचे

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर )।** लालगंज थाना क्षेत्र का देहात कोतवाली और लालगंज सीमा पर स्थित वाराणसी रीवा हाईवे पर मिलिट्री कंपाउंड के सामने बुधवार की भोर अवारा पशुओं को बचाने के चक्कर में अंगूर लगी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई।

संयोग ठीक था की चालक सहचालक बाल बच गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। 35 वर्षीय चालक राजेश कुमार यादव निवासी बेला नई बस्ती सतना मध्य प्रदेश ने बताया कि सहचालक अरविंद कुमार के साथ पड़हरपुर से अंगूर लादकर वाराणसी जा रहा था कि एकाएक आवारा पशु रोड पर आ गए। पशुओं को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए गड्ढे में पलट गई। जानकारी मिलने पर लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत सेठ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गए। चूंकि मामला देहात कोतवाली क्षेत्र का होने के कारण करनपुर चौकी पुलिस को सूचित किया गया। ट्रक पलटने की जानकारी मिलते ही राहगीरों के साथ आने जाने वाले वाहनों की भीड़ लग गई।

## एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की हुई बैठक

**(फूलपुर) आजमगढ़।** रमजान और होली के मद्देनजर एसडीएम अशोक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने होली व रमजान के त्योहार को लेकर शांति बनाने की अपील की। कहा कि सोशल मीडिया पर चलने वाले फेक खबरों से बचने की सलाह दी।पवित्र रमज़ान भी चल रहा है इतना ध्यान रहे कि धार्मिक स्थलों पर रंग न पड़े सभी लोग मिलजुल कर पर्व मानये।कोतवाल सच्चिदानन्द ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने पुलिसकर्मियों को होलिका दहन वाले स्थलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया।होली के दिन युवा लोग तेज बाइक चलाने से परहेज करे।किसी तरह की समस्या आने पर फोन पर अवश्य सूचित करे।होली का पर्व समरसता का प्रतीक होता है। इसे शांति पूर्ण माहौल में मनाएं। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष रत्नेश बिन्द,प्रधान अमित यादव,घनश्याम यादव, अजीज खान,प्रदीप भारती, नज़्मुद्दीन,पवन जायसवाल, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## वासदेई हास्पिटल में अब बच्चों का भी होगा इलाज

**आजमगढ़।** नगर के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित वासदेई मेमोरियल हॉस्पिटल एवं राधा पॉली क्लीनिक में अब 24 घंटे बाल रोग विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। बुधवार को एमबीबीएस, एम डी और डीएमसीएच डिग्री धारी डा. अंकुर अग्रवाल की ओपीडी का शुभारंभ हुआ। नगर के मुख्य चौक निवासी डॉ. अंकुर अग्रवाल ने जिले से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद मुंबई महाराष्ट्र से एमबीबीएस किया।

# टेम्पो चोरी के शक में पूछताछ करने गई महिला के साथ मारपीट, आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी

**स्वतंत्र भारत अदलहाट (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिक्सी निवासी एक दुकानदार का टैम्पू गायब होने और उसके संबंध में पूछताछ करने गई महिला के साथ मारपीट व अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित ने स्थानीय थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला?**

ग्राम बिक्सी निवासी धर्मराज पुत्र हीरावन, जिनकी बिक्सी चट्टी पर सब्जी की दुकान है, उन्होंने पुलिस को बताया कि दुकान का सामान ढोने के लिए उन्होंने एक टैम्पू लिया था। बीते 12 फ़रवरी 2026 को शाम करीब 4 बजे उन्होंने अपना टैम्पू बिक्सी चट्टी पर खड़ा किया था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने वहां से हटा दिया (चोरी कर लिया)।

**लेन-देन के विवाद में मारपीट**

धर्मराज का आरोप है कि उनका मानिकपुर निवासी सन्तोष पुत्र रामगरीब के साथ पैसों का लेन-देन का विवाद चल रहा है। उन्हें पूर्ण आशंका है कि टैम्पू सन्तोष ने ही गायब करवाया है। इसी सिलसिले में जब धर्मराज अपनी भतीजी रमवन्ती देवी के साथ आरोपी सन्तोष के पास पूछताछ करने पहुंचे, तो आरोपी आगबबूला हो गया। आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौज की।विरोध करने पर आरोपी ने महिला को धक्का दे दिया और मारपीट की, जिससे वह जमीन पर गिर गईं। गिरने के कारण रमवन्ती देवी के पैर में गंभीर चोट आई है, जिसका मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित धर्मराज ने 24 फरवरी 2026 को थाना प्रभारी अदलहाट को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के तहरीर पर मंगलवार की शाम विभिन्न धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आगे की विधिक कार्यवाही किया जा रहा है ।

# खतौनी संशोधन में लापरवाही व धन मांगने के आरोप में लेखपाल निलंबित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** खतौनी में अंश सुधार एवं नाम संशोधन के मामले में लापरवाही और अनधिकृत धन की मांग के आरोप में क्षेत्रीय लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी के जनता दर्शन में ग्राम चांदपलिया, पोस्ट इटहुआ निवासी अंगद यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 जनवरी 2026 को आवेदन देने के बावजूद खतौनी में अंश सुधार व नाम संशोधन की कार्रवाई लंबित है। आरोप है कि संबंधित लेखपाल द्वारा कार्यवाही के लिए अनधिकृत धन की मांग की जा रही थी। प्रकरण की प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें क्षेत्रीय लेखपाल राजीव यादव प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। जांच में धन उगाही का तथ्य भी सामने आया। उप जिलाधिकारी सलेमपुर दिशा श्रीवास्तवा ने आरोपी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की विस्तृत जांच के लिए नायब तहसीलदार भटनी हरि प्रसाद को जांच अधिकारी नामित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 27 फरवरी से अमर शहीद सत्राजीत राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का होगा भव्य आयोजन

**स्वतन्त्र भारत करण्डा।** करंडा विकास खंड अंतर्गत ग्राम सिकन्दरपुर में अमर शहीद सत्राजीत राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 27 फरवरी से किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 6 अप्रैल 2010 को दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) में मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर सपूत सत्राजीत पासवान की पावन स्मृति में आयोजित की जा रही है। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता का कार्यक्रम इस प्रकार निर्धारित किया गया है। 27 फरवरी क्षेत्रीय टीमों के बीच मुकाबला। 28 फरवरी व 1 मार्च को राज्यस्तरीय टीमों के रोमांचक मैच आयोजित होंगे। 1 मार्च को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। मैच में मुजफ्फरनगर हरियाणा मेरठ दिल्ली बनारस आजमगढ़ देवरिया लखनऊ रायबरेली विहार गाजीपुर सहित टीम भाग लेंगे आयोजक राजेश सिंह 'गुड्डु', ग्राम प्रधान, सिकन्दरपुर ने दी है।

# प्रभारी जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य योजनाओं में सुधार लाने के दिये निर्देश

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** प्रभारी जिलाधिकारी /मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में

### आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की धीमी प्रगति पर व्यक्त की नाराजगी

जिला स्वास्थ्य समिति एवं आयुष समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ बैठक कर खराब प्रगति वाले एम0ओ0आई0सी0 व सम्बन्धित नोडल अधिकारीध्अपर मुख्य चिकित्साधिकारियो को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं में प्रगति लाते हुए लक्ष्य पूर्ण कराना सुनिष्चित करे अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियो को संस्तुति की जाएगी। प्रभारी जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए क्षय रोग, जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियो के भुगतान, बी0सी0जी0 व अन्य टीकाकरण, आर0सी0एच0 योजना, मातृ मृत्यु दर आडिट रिपोर्ट, एफ0आर0यू0, एन0आर0सी0,



आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं में खराब प्रगति होने पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी क्षय रोग व आयुष्मान तथा जननी सुरक्षा सहित प्रभारी चिकित्साधिकारी सीखड़, राजगढ़, जमालपुर, गुरूसण्डी, लालगंज, हलिया व पटेहरा से स्पश्टीकरण की मांग करते हुए कहा कि तीन दिवस के अन्दर योजनाओं में प्रगति तथा फीडिंग का प्रतिशत को बढ़ाते हुए आख्या मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अगले माह की समीक्षा बैठक में यदि स्वास्थ्य योजनाओं में खराब प्रगति आती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु महा निदेशक स्वास्थ्य सहित अन्य उच्चाधिकारियो को पत्राचार कर संस्तुति की जाएगी। आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र परिवारो सहित विशेषकर 70 वर्श की आयु पूर्ण कर चुके नागरिको का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुश्मान कार्ड बनाने के लिए किन-किन विभाग के कितने-कितने कार्मिको को नामित किया गया है, अलग-अलग सूची व मोबाइल नम्बर सायं तक उपलब्ध कराएं ताकि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के माध्यम से प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया जा सकें। स्वास्थ्य अधिकारियो को हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एच0आर0पी0) वाले मामलो में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु प्रयास किए जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर मानक के अनुसार दवाओ की उपलब्धता सुनिष्चित करने एवं स्टाक रजिस्टर को अपडेट रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में आषा कार्यकत्रियो व ए0एन0एम0 के कार्यो की भी बिन्दुवार समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि खराब प्रदर्शन करने वाले कार्यकत्रियो/कार्मिको को चिन्हित करते हुए प्रगति बढ़ाई जाए अथवा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। बैठक में पी0पी0 परियोजनाओं, इ0एन0सी0 रजिस्ट्रेशन, कुष्ठ रोग, क्षय रोग, मंत्र एप पर बर्थ डोज की समीक्षा, जननी सुरक्षा भुगतान, मातृ मृत्यु आडिट, टीकाकरण, एफ0आर0यू0 की समीक्षा, आर0सी0एच0 स्टेटस, फैमिली प्लानिंग, एस0एन0सी0यू0, जिला महिला चिकित्सालय, एम्बुलेंस 108 व 102 की पहुंच टाइमिंग, विभिन्न चिकित्सालयो में ओ0पी0डी0 में मरीजो की संख्या, आभा प्रगति रिपोर्ट, राश्ट्रीय अंधता व दृष्टिहीनता कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य सभी बिन्दुओ की समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। प्रभारी जिलाधिकारी ने चश्मा वितरण कार्यक्रम में आपूर्ति न होने पर निर्देषित करते हुए कहा कि 15 दिवस के अन्दर सम्बन्धित वेंडर से आपूर्ति कराते हुए षत प्रतिषत वितरण सुनिष्चित किया जाए समय से आपूर्ति न करने पर सम्बन्धित वेंडर के विरुद्ध के कार्यवाही की जाएगी। तत्पष्चात प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा जिला आयुश समिति की भी बैठक कर बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अधीक्षक मण्डलीय चिकित्सालय डॉ सुनील सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 श्री कान्त रजक, सहित सभी प्राथमिक चिकित्सालयो के प्रभारी चिकित्साधिकारी व डब्लू0एच0 ओ0 के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 26 फरवरी, 2026



## जिनेवा निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत की अपील

### हथियारों की नई दौड़ रोके दुनिया | विदेश सचिव मिसरी बोले वैश्विक सुरक्षा पर दें ध्यान




**जिनेवा।** भारत ने दुनिया में बढ़ती अस्थिरता और हथियारों की नई रेस को रोकने की जरूरत पर जोर दिया है। जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सुरक्षा का माहौल बहुत अनिश्चित है। सैन्य खर्च बढ़ रहा है और पुराने हथियार नियंत्रण समझौते कमजोर पड़ रहे हैं। विदेश सचिव ने न्यू स्टार्ट संधि के खत्म होने को वैश्विक हथियार नियंत्रण के लिए एक बड़ा झटका बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की सुरक्षा के लिए रणनीतिक स्थिरता बनाए रखना अब पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। भारत एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति संपन्न देश है। भारत अपनी परमाणु नीति के तहत भरोसेमंद न्यूनतम प्रतिरोध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत नो-फर्स्ट यूज (परमाणु हथियार का पहले इस्तेमाल न करना) की नीति का पालन करता है। साथ ही, भारत उन देशों के खिलाफ परमाणु हथियार इस्तेमाल नहीं करेगा जिनके पास ये हथियार नहीं हैं। विक्रम मिसरी ने परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए एक चरणबद्ध और भेदभाव रहित तरीके की वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी व्यवस्था चाहता है जिसे पूरी दुनिया माने और जिसकी सही तरीके से जांच हो सके। उन्होंने फिसाइल मटीरियल कट-ऑफ ट्रीटी पर बातचीत का भी समर्थन किया। उन्होंने बताया कि भारत ने रक्षा क्षेत्र में भरोसेमंद एआई के लिए एक घरेलू ढांचा तैयार किया है। यह ढांचा सुरक्षा और पारदर्शिता जैसे सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने यह भी साफ किया कि परमाणु हथियारों से जुड़े फैसले पूरी तरह इंसानों के हाथ में ही रहेंगे। विदेश सचिव ने भारत में हुए एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का भी जिक्र किया।

### सेना में जिम्मेदारी से हो एआई का इस्तेमाल

विदेश सचिव ने तकनीक के क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर भी भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि नई तकनीक से सैन्य क्षमताएं तो बढ़ रही हैं, लेकिन इससे नए खतरे भी पैदा हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि संयुक्त राष्ट्र को इन तकनीकों के सुरक्षा पर पड़ने वाले असर की जांच करनी चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में उन्होंने साफ किया कि सेना में एआई का इस्तेमाल जिम्मेदारी से होना चाहिए। इसमें इंसानी फैसला और निगरानी बहुत जरूरी है ताकि अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन हो सके।

## बर्फीले तूफान के कारण 153 साल में पहली बार नहीं छपा अखबार

**नई दिल्ली।** अमेरिका के कई हिस्सों में भीषण बर्फबारी और तेज हवाओं ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। खराब मौसम के कारण कई एयरपोर्ट्स पर रनवे अस्थायी रूप से बंद करने पड़े, जिससे उड़ान संचालन ठप हो गया। रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही लगभग 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की कुल उड़ानों का करीब 20 प्रतिशत थीं। फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर के अनुसार, मौसम की इस मार ने हवाई यात्रा को व्यापक रूप से प्रभावित किया।

- **लाखों घरों की बिजली गुल, हजारों फ्लाइट्स रद्द**

खराब मौसम को देखते हुए न्यूयॉर्क सिटी में एहतियातन स्कूल, सड़कें, पुल और हाईवे अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए।

हालांकि हालात में सुधार होने पर मेयर ने प्रतिबंध हटाते हुए स्कूलों को मंगलवार से फिर खोलने की घोषणा की।

मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू कर लोगों से घरों में रहने की अपील की, जबकि रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने पूरे राज्य में यात्रा पर रोक लगा दी। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी घोषित कर नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा।

स्थिति इतनी गंभीर रही कि 153 साल के इतिहास में पहली बार 'द बोस्टन ग्लोब' अखबार का प्रिंट संस्करण प्रकाशित नहीं हो सका, क्योंकि भारी बर्फबारी के कारण कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक पहुंच ही नहीं पाए।

### कई राज्यों में आपातकाल घोषित

इसके चलते कई राज्यों में आपातकाल घोषित करना पड़ा। न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप में 22 इंच से ज्यादा बर्फ गिरी।

## एक नज़र

### ईरान के लोगों को भड़का रहा अमेरिका?

**ट्रंप की खुफिया एजेंसी ने बनाया खतरनाक प्लान**

**सीआईए को मिलेगी हर अहम जानकारी**

**वॉशिंगटन।** ईरान के साथ बढ़ते तनाव और संभावित सैन्य कार्रवाई की चर्चाओं के बीच अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए ने बड़ा कदम उठाया है। ट्रंप ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसी बीच सीआईए ने फारसी भाषा में संदेश जारी कर ईरान के लोगों को सुरक्षित तरीके से संपर्क करने के निर्देश दिए हैं। सीआईए ने सोशल मीडिया मंचों एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर फारसी भाषा में पोस्ट साझा किया। इसमें लिखा गया कि एजेंसी आपकी आवाज सुन रही है और मदद करना चाहती है। संदेश में बताया गया कि सुरक्षित वर्चुअल कॉल कैसे की जाए और पहचान छिपाकर संपर्क कैसे किया जाए। यह पोस्ट कुछ ही घंटों में लाखों बार देखा गया। एजेंसी पहले भी रूसी, मंदारिन और कोरियाई भाषाओं में ऐसे संदेश जारी कर चुकी है। इसके अलावा डार्कनेट के जरिए एजेंसी से जुड़ने की जानकारी भी साझा की गई है। एजेंसी के निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने पहले कहा था कि ऐसे अभियानों का असर पड़ रहा है, हालांकि उन्होंने किसी ठोस परिणाम का खुलासा नहीं किया।

**सीआईए ने क्या संदेश दिया**

सीआईए ने फारसी भाषा में ईरान के लोगों से सीधे संपर्क करने की अपील की। संदेश में कहा गया कि एजेंसी आपकी आवाज सुन रही है और मदद करना चाहती है। सुरक्षित वर्चुअल कॉल करने के तरीके बताए गए। इंटरनेट पाबंदियों से बचने के लिए वीपीएन इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। निजी ब्राउजर और इंटरनेट हिस्ट्री मिटाने की हिदायत दी गई। डिस्पोजेबल डिवाइस यानी ऐसा उपकरण इस्तेमाल करने को कहा गया जिसे ट्रेस करना मुश्किल हो। सीआईए की आधिकारिक वेबसाइट और डार्कनेट के जरिए संपर्क के विकल्प बताए गए। पहचान छिपाकर जानकारी साझा करने पर जोर दिया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर पोस्ट जारी किया गया।

### 'हम ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने देंगे'

**संसद को संबोधित करते हुए बोले ट्रंप**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टेट ऑफ दी यूनियन को संबोधित किया। डोनाल्ड ट्रंप ने इस वक्तव्य के दौरान अपनी भावी नीतियों के साथ-साथ देश की राजनीति से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर बातें कीं। ट्रंप ने स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण में अपनी सरकार की उपलब्धियों का गुणगान किया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की आजादी को 250 साल पूरे होने जा रहे हैं और दुनिया में कोई भी अमेरिका जैसा देश नहीं है और हम लगातार खुद को बेहतर कर रहे हैं। यह अमेरिका का स्वर्णिम काल चल रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ पर रोक लगी है और सीमा पर हालात पूरी तरह से बदल गए हैं। इस दौरान डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रंप के भाषण का विरोध करते हुए सदन से वॉकआउट किया, जिसके जवाब में रिपब्लिकन सांसदों ने नारेबाजी की। ट्रंप ने कहा, देश में अपराध कम हुआ है और एक साल में ही हमने पूरे देश को बदल दिया है और अभी तक ऐसा किसी ने नहीं किया है। आज हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। महंगाई कम हो रही है और लोगों की आय बढ़ रही है। देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत हो रही है और हमारे दुश्मन घबराए हुए हैं।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस वैन पर हमला, सात की मौत

**टीटीपी पर गहराया शक**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी इलाके में पुलिस पर हुए दोहरे हमले ने सुरक्षा हालात पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में संदिग्ध आतंकियों ने पुलिस वाहनों को निशाना बनाकर घात लगाकर हमला किया। इस हमले में कम से कम छह पुलिसकर्मियों और एक आम नागरिक की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पहला हमला कोहाट में एक पुलिस वाहन पर किया गया, जिसमें एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ ही मिनट बाद जब अतिरिक्त पुलिस बल वहां पहुंचा तो हमलावरों ने दोबारा हमला कर दिया। इस दूसरी घात में पांच और पुलिसकर्मी तथा एक नागरिक मारे गए। हमलावर घटना के बाद फरार हो गए और इलाके में सर्च अभियान शुरू किया गया है। इसी दिन पंजाब प्रांत के बुकर जिले में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। इस विस्फोट में दो पुलिस अधिकारियों की मौत हुई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हमले की जांच जारी है और अभी किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। सुरक्षा एजेंसियां संभावित आतंकी नेटवर्क की तलाश में जुटी हैं।

### स्टेज पर खड़ी दुल्हन के पेट में मारी गोली

**कैमरे में कैद हुई बिहार की खौफनाक वारदात**

**पटना।** बिहार के बक्सर जिले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा नगर पंचायत स्थित मल्लाह टोली में एक शादी समारोह उस वक्त मातम में बदल गया, जब जयमाल कार्यक्रम के दौरान दुल्हन को उसके कथित प्रेमी ने गोली मार दी। घटना के बाद समारोह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बारातियों तथा ग्रामीणों में भगदड़ की स्थिति बन गई। वहीं मौका पा कथित प्रेमी भी फरार हो गया। बारात उत्तर प्रदेश में बलिया के सुलेमनपुर से चौसा आई थी। जयमाल की रस्म चल रही थी, तभी पड़ोस का एक युवक अचानक स्टेज पर चढ़ गया और दुल्हन आरती कुमारी (18 वर्ष) पर गोली चला दी। गोली लगते ही दुल्हन गंभीर रूप से घायल होकर मंच पर ही गिर पड़ी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल दुल्हन को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा है और युवक दुल्हन का पड़ोसी बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ट्रंप ने न्यूयॉर्क के भारतवंशी मेयर ममदानी की तारीफ की

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क के भारतवंशी मेयर जोहरान ममदानी की तारीफ की है। ट्रंप ने बुधवार को स्टेट ऑफ द यूनियन (अमेरिकी संसद) को संबोधित करते हुए अपने विरोधी नेता जोहरान ममदानी को अच्छा इंसान बताया। ट्रंप ने कहा, ममदानी की नीतियां गलत हैं, लेकिन वे इंसान अच्छे हैं। अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा, अब न्यूयॉर्क शहर में एक वामपंथी मेयर हैं। मुझे लगता है कि वे अच्छे इंसान हैं, लेकिन उनकी नीतियां गलत हैं। उन्होंने अभी कहा कि बर्फ हटाने के लिए लोगों की जरूरत है, लेकिन अगर आप नौकरी के लिए भी आवेदन करते हैं तो आपको पहचान पत्र और एक सोशल सिक्योरिटी कार्ड दिखाना होगा। लेकिन वे अमेरिका के लिए मतदान के लिए पहचान पत्र नहीं मांगते।

## मोदी और नेतन्याहू के व्यक्तिगत रिश्ते भारत-इस्राइल सहयोग बढ़ाने में अहम

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्राइल दौरे को लेकर इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के पूर्व सोशल मीडिया सलाहकार डेनियल रूबेनस्टीन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू और पीएम मोदी के बीच व्यक्तिगत संबंध बहुत मजबूत और महत्वपूर्ण हैं। डेनियल रूबेनस्टीन ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस्राइल की आगामी यात्रा ऐतिहासिक है। यह पहली बार होगा जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री इस्राइली संसद को संबोधित करेंगे। पिछले दशक में, जब पीएम नरेंद्र मोदी ने आखिरी बार इस्राइल का दौरा किया था, तब दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में रक्षा, व्यापार, कृषि, चिकित्सा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में प्रगति हुई है। रूबेनस्टीन ने कहा, मेरा मानना है कि इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच व्यक्तिगत संबंध बहुत मजबूत और महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यही संबंध सरकार के हर अन्य स्तर पर रिश्तों की दिशा तय करते हैं। जब हम देखते हैं कि हमारे प्रधानमंत्री बेंजामिन और प्रधानमंत्री मोदी एक-दूसरे के साथ अच्छे संबंध रखते हैं व एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए सहज हैं, तो इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रूबेनस्टीन ने कहा, भारत हिंद महासागर के पास स्थित एक लोकतांत्रिक देश है। इस्राइल भूमध्य सागर के पास स्थित एक लोकतांत्रिक देश है और हमारे बीच क्षेत्र में मौजूद पारस्परिक साझेदारों के माध्यम से व्यापार और विकास के अपार अवसर हैं। चाहे वह शिपिंग हो, कनेक्टिविटी हो या कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इस्राइल और भारत के बीच व्यापार, सहयोग और आदान-प्रदान की अपार संभावनाएं हैं। मुझे आशा है कि यह यात्रा ऐसे संबंधों की सिर्फ शुरुआत है। डेनियल रूबेनस्टीन ने कहा कि मुझे उन विशिष्ट समझौतों के बारे में जानकारी नहीं है जिन पर चर्चा होगी, लेकिन मैं आपको मौजूदा संभावनाओं के बारे में बता सकता हूं। भारत और इस्राइल दो लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं जिनकी पड़ोसियों के साथ तनातनी रहती है, जिसके चलते हमें अपनी रक्षा पर बहुत ध्यान देना पड़ता है।


- **इस्राइली पीएम के पूर्व मीडिया सलाहकार का दावा**



## ट्रंप ने सैनिकों को किया सम्मानित

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन के दौरान अमेरिकी सेना के उन सदस्यों को सम्मानित किया, जिन्होंने देश और विदेश में अदम्य साहस का परिचय दिया। इस दौरान वॉशिंगटन में गोलीबारी का शिकार हुए नेशनल गार्ड के सदस्यों और वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले मिशन के हीरो को मेडल दिए गए। ट्रंप ने आर्मी चीफ वारंट ऑफिसर 5 एरिक स्लोवर को कांग्रेसनल मेडल ऑफ ऑनर से नवाजा। स्लोवर उस लीड चिनूक हेलीकॉप्टर के पायलट थे, जिसने तीन जनवरी को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए उनके किलेनुमा घर पर रेड की थी। कांग्रेसनल मेडल ऑफ ऑनर सम्मान संयुक्त राज्य अमेरिका का सबसे प्रतिष्ठित सैन्य वीरता पुरस्कार है, जो युद्ध के दौरान असाधारण साहस और कर्तव्य की सीमा से परे बलिदान दिखाने वाले सैनिकों को दिया जाता है। यह पदक राष्ट्रपति द्वारा अमेरिकी कांग्रेस की ओर से दिया जाता है। ट्रंप ने बताया कि लैंडिंग के दौरान दुश्मन की मशीन गनों ने स्लोवर के हेलीकॉप्टर पर गोलियां बरसाईं। इस दौरान स्लोवर के पैर और कूल्हे में चार गोलियां लगीं, जिससे उनका पैर कई जगह से टूट गया। इसके बावजूद, उन्होंने हेलीकॉप्टर पर नियंत्रण बनाए रखा और अपने गनर्स को जवाबी कार्रवाई का मौका दिया। ट्रंप ने कहा, पूरे मिशन की सफलता और साथियों की जान एरिक की दर्द सहने की क्षमता पर टिकी थी। स्लोवर वॉकर के सहारे मेडल लेने पहुंचे।

- **वेनेजुएला में मादुरो को पकड़ने वाले पायलट को मिला विशेष सम्मान**



## ट्रंप सरकार के खिलाफ अमेरिकी राज्यों ने ही किया मुकदमा
## बच्चों के लिए वैक्सीन की सिफारिश में बदलाव पर रार



**वॉशिंगटन।** बच्चों के लिए वैक्सीन की सिफारिश में बदलाव को लेकर ट्रंप सरकार घिरती नजर आ रही है। दरअसल 10 से ज्यादा अमेरिकी राज्यों ने ही अपनी संघीय सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया है। राज्यों ने सिफारिश में बदलाव को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।

**राज्यों का आरोप- राज्यों मे बीमारी फैलने का खतरा**

राज्यों ने दलील दी कि सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने पिछले महीने यह घोषणा करके बच्चों की जान खतरे में डाल दी कि वह सभी बच्चों को फ्लू, रोटावायरस, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, कुछ तरह के मेनिनजाइटिस और आरएसवी से बचाने के लिए वैक्सीन लगवाने की सलाह देना बंद कर देगा। एरिजोना और कैलिफोर्निया समेत दर्जन भर राज्यों ने कहा कि नई वैक्सीन की सलाह लंबे समय से चली आ रही मेडिकल गाइडेंस को नजरअंदाज़ करती है और इससे राज्यों को बीमारी फैलने से रोकने के लिए ज़्यादा खर्च करना पड़ेगा। एरिजोना के अटॉर्नी जनरल क्रिस मेयस ने एक प्रेस वार्ता में कहा, पूरे देश में बच्चों की सेहत और सुरक्षा कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज की प्रेस सेक्रेटरी एमिली जी हिलियार्ड ने इस शिकायत को एक पब्लिसिटी स्टंट बताकर खारिज कर दिया। स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर टीकाकरण के समर्थक नहीं हैं। जिसके चलते संघीय सरकार और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच तनातनी चल रही है। ट्रंप प्रशासन पहले ही संघीय स्वास्थ्य एजेंसियों से हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल चुके हैं। साथ ही वैज्ञानिक रिसर्च और फंडिंग में भी कटौती की गई है। कैनेडी ने पिछले साल एक वैक्सीन एडवाइजरी कमेटी के हर सदस्य को हटा दिया था और उनकी जगह अपने चुने हुए लोगों को रखा था, जिसे मंगलवार की शिकायत में गैर-कानूनी बताया गया है।

## अब खुद की पब्लिसिटी में जुटा पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड

**इस्लामाबाद।** लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी कमांडर सैफुल्लाह कसूरी ने भारत पर 26/11 जैसा बड़ा समुद्री आतंकी हमला करने की खुली धमकी दे दी है। एक वीडियो में कसूरी ने साफ कहा कि भारत को समुद्र के रास्ते बड़ा झटका मिलेगा। खुफिया एजेंसियां इसको गंभीरता से ले रही हैं। गौरतलब है कि 2008 मुंबई हमले में शामिल आतंकवादी अरब सागर के रास्ते से ही भारत में दाखिल हुए थे। आतंकी सैफुल्लाह वीडियो में शेखियां बघारता दिख रहा है। उसने कहा कि 2025 में पाकिस्तान ने आसमान पर कब्जा कर लिया था और 2026 में समुद्र पर कब्जा करेगा। भारत के लिए जमीन, हवा और समुद्र कहीं भी सुरक्षित जगह नहीं बचेगी।खुफिया अधिकारी कह रहे हैं कि समुद्र पर जोर देने वाली ये बातें 2008 के मुंबई हमलों की याद दिलाती हैं। तब आतंकी अरब सागर से घुस आए थे। अब फिर वैसे ही रास्ते का इस्तेमाल करने की कोशिश हो सकती है। इसलिए पश्चिमी तट पर नजर रखी जा रही है। कसूरी लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ है और उसे 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। उस हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में लश्कर से जुड़े ठिकानों पर हमले किए गए। कसूरी वीडियो में इन हमलों से बहुत नाराज नजर आ रहा है।

प्रथम पुण्यतिथि

विनम्र श्रद्धांजलि



**इन्द्रावती सिंह**

**जन्म तिथि** 01 जनवरी 1973, **स्वर्गवास** 26 फरवरी 2025

एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आपकी कमी पूरे परिवार में महसूस हो रही है, किन्तु आपकी सुखद यादें और सीख हमेशा हमारे दिलों में जीवित हैं। ईश्वर आपकी नेक आत्मा को शांति प्रदान करे। आप हमारे लिए हमेशा एक मार्गदर्शक और प्रेम का प्रतीक बनी रहेंगी,आपको कोटि-कोटि नमन।

**श्रद्धानवत:** आरती देवी सिंह (सास) आर.बी. सिंह (पति) तेज बहादुर सिंह, डॉ. के. बी. सिंह (देवर) अन्नपूर्णा सिंह,मीनू सिंह (देवरानी), अमिता सिंह, सोनम सिंह (पुत्री/भतीजी), रंजना मल्ल (बहू), अश्विनी सिंह, रत्नेश सिंह, अमित सिंह, हर्षवर्धन सिंह (पुत्र/भतीजा), आश्विन सिंह (पोता) लक्ष्य सिंह, पीहू सिंह, आकांक्षा सिंह (नाती/नातिन) एवं समस्त पट्टीदारगण।

## 'लक्ष्मी निवास' का सीन बैंकॉक में शूट



**मुंबई।** पॉपुलर फैमिली ड्रामा 'लक्ष्मी निवास' अपने एक अहम जश्न वाले सीन के लिए बैंकॉक पहुंचा, जहां इस खास पल को असली लोकेशन पर फिल्माया गया। कहानी के एक अहम मोड़ पर, शो में भूमिका का भव्य बर्थडे सेलिब्रेशन दिखाया जाएगा, जिसका किरदार रिया मुंजाल निभा रही हैं। जो शुरुआत में एक छोटा सा सरप्राइज लगता है, वो धीरे-धीरे एक शानदार और यादगार सफर में बदल जाता है, जब राज, जिसका किरदार प्रियोम देव गुज्जर निभा रहे हैं, भूमिका को चार्टर्ड प्लेन से बैंकॉक लेकर जाता है। इस सफर का अंत एक शानदार क्रूज़ सेलिब्रेशन के साथ होता है। भारतीय टेलीविजन पर कम ही देखने को मिलने वाले इतने बड़े स्तर पर फिल्माया गया यह सीन कहानी के लिए बेहद अहम है, जिसमें प्यार, सपने और सरप्राइज़ का खूबसूरत मेल नजर आता है। आज जब कई शोज में सेट बनाकर शूट किया जाता है, ऐसे समय में ज़ी टीवी ने असली इंटरनेशनल लोकेशन पर शूट करके इस पल को और खास बना दिया, ताकि कहानी दर्शकों को और भी सच्ची और करीब लगे। 'लक्ष्मी निवास' में भूमिका का किरदार निभा रहीं रिया मुंजाल ने कहा, 'बैंकॉक में शूट करना हम सभी के लिए एक बेहद खास अनुभव रहा।'

## होली पर स्किन केयर के एक्टर्स टिप्स!



**मुंबई।** होली में रंगों के बाद त्वचा रूखी, बेजान या दागदार हो सकती है। ऐसे में टेलीविजन कलाकार, जिनकी त्वचा हमेशा कैमरे की रोशनी में रहती है, विशेष देखभाल पर जोर देते हैं। एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकारों ने होली से पहले और बाद की स्किनकेयर रूटीन शेयर की है, ताकि त्योहार का आनंद भी बना रहे और चमक भी। अक्षया नाइक, जोकि जल्द ही एण्डटीवी के आगामी शो 'हे भगवान-कितना बदल गया इंसान' में ईना शर्मा की भूमिका में नजर आएंगी, ने कहा, ' होली वाले दिन नारियल तेल की अच्छी परत लगाती हूं, जिससे रंग त्वचा पर चिपकते नहीं। बाद में हल्के क्लींजर से सफाई कर हाइड्रेटिंग क्रीम लगाती हूं।' प्रियंवदा कांत, जोकि 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका का किरदार निभा रही हैं, बताती हैं, 'मैं चेहरे, हाथों और बालों पर बादाम तेल की परत लगाती हूं, जिससे सुरक्षा कवच बन जाता है। सनस्क्रीन लगाना कभी नहीं भूलती। बाद में एलोवेरा मास्क और गुलाब जल-दही का पैक लगाती हूं, जिससे त्वचा को ठंडक और चमक मिलती है।' 'गीतांजलि मिश्रा, जो 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, 'होली पर मैं त्वचा की देखभाल से कभी समझौता नहीं करती। सबसे पहले जैतून तेल की एक सुरक्षात्मक परत लगाती हूं और बालों में भी तेल जरूर लगाती हूं। भरपूर पानी और हर्बल चाय पीना भी उतना ही जरूरी है। शहद और दही का पैक त्वचा की कोमलता और चमक लौटाने में मदद करता है।'

## बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स

गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोन:- 0551-2338099

+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा

नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने

गोमती नगर लखनऊ

मोबाइल: 9415016089